संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, रविवार, 01 दिसंबर 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 18 अंक: 330 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



फेंजल चक्रवात के कारण चेन्नई में भारी बारिश, एयर इंडिया और इंडिगो की कई उड़ानें प्रभावित।

## आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

## मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

## विकसित भारत की कहानी विज्ञान की वर्णमाला में लिखी जाएगी: डॉ. जितेंद्र

**नई दिल्ली।** केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने गुवाहाटी में भारत अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव 2024 का उद्घाटन करते हुए कहा कि विकसित भारत की कहानी विज्ञान की वर्णमाला में लिखी जाएगी। भारत का विकसित राष्ट्र बनने का मार्ग वैज्ञानिक उन्नति और नवाचार के प्रति उसकी प्रतिबद्धता से जुड़ा हुआ है। डॉ. जितेंद्र सिंह ने एक ऐसी संस्कृति को बढ़ावा देने के महत्व को रेखांकित किया, जहां विज्ञान प्रगति को आगे बढ़ाता है।डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले पांच महीनों में ही छह प्रमुख निर्णय लिये गए। इनमें 1 लाख करोड़ रुपये के राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन की स्थापना, अंतरिक्ष स्टार्टअप के लिए 1,000 करोड़ रुपये का वेंचर फंड और मौसम पूर्वानुमान को बेहतर बनाने के लिए मिशन मौसम की शुरूआत शामिल है।

# महायुति में विभागों को लेकर फंसा पेंच

● महाराष्ट्र में पांच दिसंबर को महायुति गठबंधन की नई सरकार बनेगी, देवेंद्र बनेंगे सीएम



**खींचतान**

▶▶ ये माटी उस आदिवासी शौर्य की साक्षी रही है, जिसने भारत की आजादी, संस्कृति और विरासत की रक्षा की है

**टीम एक्शन इंडिया**
**मुंबई: महाराष्ट्र में** मुख्यमंत्री के चेहरे को लगातार संशय बना हुआ है। एमवीए और महायुति में वार-पलटवार भी जारी है। मगर यह साफ नहीं हो पा रहा आखिरकार यह गद्दी मिलेगी किसे। मगर, भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने शनिवार को संकेत दिया है कि देवेंद्र फडणवीस के नाम पर मुहर लग सकती है। उनका कहना है कि महाराष्ट्र में पांच दिसंबर को महायुति गठबंधन की नई सरकार बनेगी और देवेंद्र फडणवीस अगले मुख्यमंत्री बनने की दौड़ में सबसे आगे हैं।

**230 सीट से जीती थी महायुति**
महाराष्ट्र में 20 नवंबर को हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा, एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के गठबंधन महायुति ने 288 में से 230 सीट जीतकर सत्ता बरकरार रखी। भाजपा 132 सीट जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी जबकि शिवसेना ने 57 और एनसीपी ने 41 सीट जीतीं। हालांकि, 23 नवंबर को चुनाव नतीजों की घोषणा के बाद भी इस बात पर कोई फैसला नहीं हुआ है कि मुख्यमंत्री कौन होगा।

## शिवसेना चाहती है अपने पास गृह मंत्रालय का विभाग

**शिंदे** सरकार में डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस के पास ही गृह मंत्रालय था। वो इस मंत्रालय को छोड़ना नहीं चाहते हैं। वहीं शिंदे गुट का तर्क है कि अगर डिप्टी सीएम का पद हमें मिल रहा है तो गृह मंत्रालय भी उन्हें ही मिलना चाहिए। शाह के साथ बैठक में भी इसका हल नहीं निकल पाया। पहले गृह मंत्रालय देवेन्द्र फड़णवीस के पास था। इसलिए फड़णवीस किसी भी हालत में गृह मंत्री का पद छोड़ने को तैयार नहीं हैं। माना जा रहा है कि इस विवाद के चलते शाह की बैठक में कैबिनेट गठन पर कोई समाधान नहीं निकल सका। एक्सपर्ट्स भी मानते



हैं कि बीजेपी गृह मंत्री का पद कभी हाथ से नहीं जाने देगी। शिवसेना विधायक संजय शिरसाट ने कहा- शिंदे को जब भी कोई बड़ा फैसला लेना होता है तो वे अपने पैतृक गांव चले जाते हैं।

## अब 3 दिसंबर को होगी बैठक



**सूत्रों** के मुताबिक, शाह से चर्चा के बाद भी विभागों को लेकर गठबंधन में खींचतान मची हुई है। भाजपा गृह, राजस्व, उच्च शिक्षा, कानून, ऊर्जा, ग्रामीण विकास अपने पास रखना चाहती है। उन्होंने शिवसेना को हेल्थ, शहरी विकास, सार्वजनिक कार्य, उद्योग ऑफर किया है। वहीं एनसीपी अजित गुट को वित्त, योजना, सहयोग, कृषि जैसे विभाग देने की पेशकश की है। विवादों के बीच भाजपा विधायक दल की बैठक भी दो दिन आगे बढ़ गई है। सूत्रों के मुताबिक, 1 दिसंबर को होने वाली बैठक अब 3 दिसंबर को होगी। इस दिन दिल्ली से दो ऑब्जर्वर मुंबई आएंगे और विधायकों से चर्चा के बाद आधिकारिक रूप से उट फेस अनाउंस करेंगे। उधर, भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि संघ से हरी झंडी मिलने के बाद सीएम पद के लिए देवेंद्र फडणवीस का नाम फाइनल कर दिया गया है। शपथ ग्रहण 5 दिसंबर को दोपहर 1 बजे मुंबई के आजाद मैदान में होगा। नई सरकार में सीएम और दो डिप्टी सीएम के साथ 43 मंत्री शामिल होंगे।

इनमें भाजपा को 20-23, शिंदे गुट को 11 और अजित गुट को 9 मंत्री पद मिलने की संभावना है। इससे पहले शिंदे सरकार में 28 मंत्री थे।

**रविवार को हो सकती है बैठक**
शिंदे, फडणवीस और पवार ने महाराष्ट्र में अगली सरकार बनाने को लेकर समझौते पर बातचीत करने के लिए गुरुवार देर रात भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के सतारा जिले में अपने पैतृक गांव के लिए रवाना होने के बाद शुक्रवार को होने वाली महायुति की महत्वपूर्ण बैठक स्थगित कर दी गई।

# अडाणी के लिए मोदी ने बनाया अलग कानून: राहुल गांधी

## कांग्रेस ने वायनाड भूस्खलन पीड़ितों की मदद के लिए राज्य सरकार पर दबाव बनाने का आग्रह किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**वायनाड:** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को अपनी पार्टी कांग्रेस और यूडीएफ से वायनाड भूस्खलन पीड़ितों की मदद के लिए राज्य सरकार पर दबाव बनाने का आग्रह किया। वह अपनी बहन और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाद्रा की वायनाड लोकसभा उपचुनाव में जीत के बाद पहली बार केरल आए हैं। इस दौरान बच्चों से भी बातचीत की। राहुल ने यहां मुक्कम में अपनी बहन के साथ जनसभा के दौरान भूस्खलन के पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अपना भाषण शुरू किया। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी और संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) उन लोगों के साथ खड़े हैं, जिन्होंने अपने परिवार के सदस्यों, संपत्तियों को खो दिया है। उन्होंने कहा, 'दुर्भाग्य से, हमारी सरकार नहीं है और इसलिए हम वह नहीं कर सकते जो एक सरकार कर सकती है। इसलिए, मैंने अपनी बहन और (एआईसीसी महासचिव) के. सी. वेणुगोपाल से कहा कि कांग्रेस और यूडीएफ के प्रत्येक सदस्य को भूस्खलन के पीड़ितों की मदद के लिए केरल सरकार पर दबाव बनाना चाहिए।' राहुल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर वायनाड के लोगों के साथ भेदभाव करने का भी आरोप लगाया।

### अडाणी के साथ अलग तरह का व्यवहार कर रहे मोदी: राहुल

**राहुल** गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी पर हमला बोलते हुए दावा किया कि वह भारत के लोगों की तुलना में उद्योगपति गौतम अदाणी के साथ अलग तरह का व्यवहार कर रहे हैं, जबकि संविधान कहता है कि सभी के साथ समान व्यवहार किया जाना चाहिए। वायनाड के लोगों के बेहतर भविष्य के वायनाड लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में जीत हासिल करने के बाद दो दिवसीय दौरे पर केरल पहुंचीं कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि वह अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों का बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने के लिए काम करेंगी।

# केजरीवाल पर ग्रेटर कैलाश में हुआ हमला

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजन पर शनिवार को ग्रेटर कैलाश इलाके में हमला हुआ है। हालांकि उन्हें चोट नहीं आई है। हमलावर ने उनके ऊपर कुछ तरल पदार्थ फेंक दिया। इसके तुरंत बाद सुरक्षाकर्मियों ने हमलावर को फौरन पकड़ लिया।

**हमले के पीछे भाजपा का हाथ**
बता दें कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर केजरीवाल इन दिनों रोजाना पद यात्रा कर रहे हैं। इस कड़ी में वह ग्रेटर कैलाश में पदयात्रा कर रहे थे। घटना के बाद आप ने इसके पीछे बीजेपी का हाथ बताते हुए हमला बोला। पार्टी



**सुरक्षा में चूक**

▶▶ हमलावर ने उनके ऊपर कुछ तरल पदार्थ फेंक दिया। सुरक्षाकर्मियों ने हमलावर को फौरन पकड़ लिया

ने कहा कि दिल्ली में कानून व्यवस्था बरकरार रखने में नाकाम बीजेपी बौखलाई हुई है। यह हमला इसलिए हुआ है क्योंकि केजरीवाल ने कानून व्यवस्था को लेकर बीजेपी पर हमला बोला था। गृह मंत्री अमित शाह की नाकामी जग जाहिर हो गई है।

**35 दिन में तीसरा हमला**
आप ने कहा कि यह बीते 35 तीन में तीसरा हमला है। इससे पहले 25 अक्तूबर को विकासपुरी, 27 नवंबर को नांगलोई और आज 30 नवंबर को ग्रेटर कैलाश में हमला हुआ है।

क्या बीजेपी केजरीवाल को जान से मारना चाहती है? हमला करने वालों पर क्यों कोई कार्यवाही नहीं होती?

## नौसेना ने श्रीलंकाई ध्वज लगी दो नौकाएं पकड़ीं, 500 किग्रा मेथ बरामद

**कोलंबो:** भारतीय नौसेना ने अरब सागर में मादक पदार्थों की तस्करी के संदेह में श्रीलंकाई ध्वज वाली दो मछली पकड़ने वाली नौकाओं को सफलतापूर्वक रोक लिया। जांच के दौरान यह संदेह सच निकला। भारतीय नौसेना ने दोनों नौकाओं के चालक दल के सदस्यों और बरामद ड्रग को श्रीलंका की नौसेना को सौंप दिया। श्रीलंका के समाचार पत्र डेली न्यूज की खबर के अनुसार 24 और 25 नवंबर को चलाए गए ऑपरेशन के परिणामस्वरूप लगभग 500 किलोग्राम क्रिस्टल मेथ ड्रग जब्त किया गया।



कुरुक्षेत्र में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में अपनी प्रस्तुति देते कलाकार।

# आयकर रिटर्न दाखिल करने की तिथि 15 दिसंबर तक बढ़ाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: केंद्रीय** प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने एक अधिसूचना के माध्यम से आकलन वर्ष 2024-25 के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 दिसंबर तक के लिए बढ़ा दी है। इस विस्तार से करदाताओं को देरी से आईटीआर दाखिल करने के दंड से बचने में मदद मिलेगी। सीबीडीटी ने शनिवार को एक बयान में बताया कि उन करदाताओं के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करने की समय-सीमा को बढ़ा दी गई है, जिनके अंतरराष्ट्रीय लेनदेन हैं। इन करदाताओं के लिए वित्त वर्ष 2023-24 (आकलन वर्ष 2024-25) को लेकर आईटीआर दाखिल करने की समय-सीमा 30 नवंबर से 15 दिन बढ़ाकर 15 दिसंबर, 2024 कर दी गई है। केंद्रीय प्रत्यक्ष बोर्ड की विज्ञप्ति के मुताबिक आयकर अधिनियम, 1961 (अधिनियम) की धारा 139 (1) के तहत आयकर रिटर्न प्रस्तुत करने की नियत तारीख ऐसे करदाता के मामले में जिसे धारा 92ई में संदर्भित रिपोर्ट प्रस्तुत करना जरूरी है।

# देश के हर गांव में लखपति दीदी होनी चाहिए: सीतारमण

**टीम एक्शन इंडिया**
**मबुधनी/नई दिल्ली:** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कहना है कि देश के हर गांव में लखपति दीदी होनी चाहिए। उसके लिए बैंको को जो काम करना है, वो कर रहे है। हर स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक सहायता और ट्रेनिंग दी जा रही है। बिहार के मधुबनी में क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम के दौरान जनता को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि मेरा सभी से अनुरोध है कि बैंकों के जरिए जो योजनाएं भारत सरकार लायी है, वो उनका हिस्सा बनें और लाभ उठाएं, जिससे सब लोग और सक्षम बन सकें।

इस अवसर पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विभिन्न बैंकों द्वारा 50,294 लाभार्थियों को 1,121 करोड़ रुपये के ऋण वितरित किए। मधुबनी में क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम के दौरान 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के कुछ वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना कार्ड भी प्रदान किए गए।



**ऋण वितरित**

▶▶ वित्त मंत्री ने 50,294 लाभार्थियों को 1,121 करोड़ रुपये के ऋण भी किए वितरित

# एसी कोच में उच्च गुणवत्ता के बेडरोल करवाये जा रहे उपलब्ध

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: उत्तर** रेलवे यात्रियों को स्वच्छ और उच्च गुणवत्ता के चादर, तकिये और कम्बल उपलब्ध करा रहा है। इसके लिए उत्तर रेलवे पर प्रतिदिन एक लाख से अधिक बेडरोल की मैकेनाइज्ड धुलाई हो रही है। प्रयोग के तौर पर कुछ चुनिंदा ट्रेनों के कम्बलों की अल्ट्रा वायलेट कीटाणुशोधन प्रक्रिया भी शुरू की गई, जिसमें उत्तर रेलवे को 99.7 प्रतिशत सफलता मिली है। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) हिमांशु शेखर उपाध्याय ने शनिवार को एक प्रेस वार्ता में कहा कि उत्तर रेलवे पर संचालित होने वाली सभी ट्रेनों में वातानुकूलित श्रेणी के कोचों में साफ, स्वच्छ और उच्च गुणवत्ता वाले बेडरोल प्रदान किये जा रहे हैं। सभी चादरों, तकिया कवर को प्रत्येक उपयोग के बाद लॉन्ड्री में धुलाई और इस्त्री की जाती है ताकि यात्रियों को स्वच्छ बेडरोल देकर उनकी आरामदायक, साफ-सुथरी और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित की जा सके।

**मांग** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने इस्कॉन संन्यासी चिन्मय कृष्ण दास की तत्काल रिहाई की मांग की

# बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार तत्काल बंद हों: संघ

**नई दिल्ली**
**राष्ट्रीय स्वयंसेवक** संघ (आरएसएस) ने शनिवार को बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार तत्काल बंद करने और इस्कॉन संन्यासी चिन्मय कृष्ण दास की तत्काल रिहाई की मांग की है। संघ ने केंद्र सरकार से भी इस संबंध में वैश्विक अभिमत बनाने के लिए अपील की है। चिन्मय को 25 नवंबर को ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बांग्लादेश की जासूसी शाखा ने गिरफ्तार किया था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने एक बयान जारी कर कहा कि बांग्लादेश में हिन्दुओं तथा अन्य सभी अल्पसंख्यकों पर इस्लामिक कट्टरपंथियों द्वारा हमले, हत्या, लूट, आगजनी तथा महिलाओं पर हो रहे अमानवीय अत्याचार अत्यंत चिंताजनक हैं तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इसकी भर्त्सना करता है। मौजूदा बांग्लादेश सरकार तथा अन्य एजेंसियां इसे रोकने की बजाय केवल मूकदर्शक बनी हुई है। विवशतावश बांग्लादेश के हिन्दुओं द्वारा स्वरक्षण के लिए लोकतांत्रिक पद्धति से उठायी गई आवाज को दबाने के लिए उन्हीं पर अन्याय व अत्याचार का नया दौर उभरता दिख रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे ही शांतिपूर्ण प्रदर्शनों में हिन्दुओं का नेतृत्व कर रहे इस्कॉन के संन्यासी चिन्मय कृष्ण दास को बांग्लादेश सरकार द्वारा कारावास भेजना अन्यायपूर्ण है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बांग्लादेश सरकार से यह आह्वान करता है कि वे यह सुनिश्चित करें कि बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार तत्काल बंद हों तथा चिन्मय कृष्ण दास को कारावास से मुक्त करें। होसबाले ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भारत सरकार से भी यह आह्वान करता है कि वह बांग्लादेश में हिन्दुओं तथा अन्य सभी अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों को रोकने के प्रयासों को हरसंभव जारी रखें तथा इसके समर्थन में वैश्विक अभिमत बनाने के लिए यथाशीघ्र आवश्यक कदम उठायें। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण समय में भारत तथा वैश्विक समुदायों एवं संस्थाओं को बांग्लादेश के पीड़ितों के साथ खड़े होकर अपना समर्थन प्रकट करना चाहिए।





**मांग**

▶▶ वैश्विक समुदायों एवं संस्थाओं को बांग्लादेश के पीड़ितों के साथ खड़े होकर समर्थन प्रकट करना चाहिए

# युवा देश की विकास गाथा के नायक हैं: बिरला

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: लोक** सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि 21वीं सदी भारत की है और इस सदी में युवा हमारी विकास गाथा का नेतृत्व करेंगे। बिरला आज मानव रचना विश्वविद्यालय, फरीदाबाद के 27वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। बिरला ने कहा कि युवाओं में नई उमंग, नया उत्साह, सामर्थ्य, नई इनोवेशन करने की क्षमता और समय की मांग के अनुसार बदलाव लाने का आत्मविश्वास है। विश्व पटल पर भारत के बढ़ते कद के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि देश आगे बढ़ रहा है और हमारी युवा पीढ़ी इस परिवर्तन में सबसे आगे है।



नवाचार और प्रौद्योगिकी में भारत की प्रगति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय विभिन्न क्षेत्रों में वैश्विक स्तर पर अभूतपूर्व कार्य कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि 21वीं सदी भारत और यहां के युवाओं की है, जो पूरी दुनिया के देशों में नवाचार क्रांति को आगे बढ़ा रहे हैं। भारत की ज्ञान, सामर्थ्य और संस्कृति की समृद्ध विरासत को मजबूत भविष्य की आधारशिला बताते हुए उन्होंने वसुधैव कुटुम्बकम अर्थात दुनिया को एक परिवार मानने की विचारधारा की बात भी की। उन्होंने प्रौद्योगिकी, नवाचार और चार्टर्ड अकाउंटेंट जैसे अन्य व्यवसायों के क्षेत्रों में दुनिया भर में भारतीयों के नेतृत्व की सराहना भी की, जो विभिन्न उद्योगों में वैश्विक उत्कृष्टता के नए आयाम गढ़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि युवा परिवर्तन के वाहक हैं और भारत की विकास गाथा के नायक हैं। भारत की विकास गाथा में लोकतंत्र की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए बिरला ने कहा कि संवाद और चर्चा राष्ट्र की प्रगति के लिए महत्वपूर्ण है।

# डॉ संगीता गुप्ता की सेवा निवृति उपरान्त भव्य एवं भावुक विदाई पार्टी का आयोजन

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) एसडी पीजी कॉलेज** पानीपत में डॉ संगीता गुप्ता प्रोफ़ेसर और विभागाध्यक्ष इतिहास विभाग की सेवा निवृति उपरान्त विदाई पार्टी का भव्य एवं भावपूर्ण आयोजन किया गया । सेवा निवृति एवं विदाई समारोह में कॉलेज प्रबंधन समिति से प्रधान दिनेश गोयल, उप-प्रधान राजीव गर्ग और कोषाध्यक्ष विशाल गोयल शामिल हुए और उन्होंने डॉ संगीता गुप के कॉलेज के लिए किये गए कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की । इस विशेष और भावुक अवसर पर डॉ संगीता गुप्ता के पति डॉ सुरेन्द्र मोहन गुप्ता, पुत्र आदित्य एवं अक्षत, पुत्र-वधु राधिका, डॉ बलदेव सेतिया निदेशक पेक और उनकी धर्म पत्नी डॉ सरस्वती सेतिया तथा डॉ संगीता गुप्ता के परिवार से 50 वर्ष से अधिक तक जुड़े राजीव गोयल, उनकी पत्नी विजया गोयल, पुत्र संकल्प और पुत्री सौम्या, डॉ संजय शर्मा



समाजसेवी और भारत विकास परिषद् के सदस्य भी विदाई समारोह का हिस्सा बने । समारोह उपरान्त सभी के लिए जल-पान एवं भोजन की व्यवस्था की गई । मंच संचालन डॉ संतोष कुमारी ने किया । विदित रहे कि हरियाणा प्रदेश के प्रतिष्ठित एसडी पीजी कॉलेज के इतिहास विभाग की प्रोफ़ेसर और विभागाध्यक्ष, सांस्कृतिक विभाग की प्रमुख, डॉ. संगीता गुप्ता 30 नवंबर 2024 को सेवा निवृत्त हो गयी । कॉलेज प्रशासन ने उनको सम्मानित करते हुए बधाई व शुभकामनायें देते हुए कहा कि अपने चार दशकों के समर्पित और प्रेरक कार्यकाल में उन्होंने कॉलेज और छात्रों के विकास के लिए जो योगदान दिया वह अमिट रहेगा और उसे कभी भुलाया नहीं जा सकेगा । डॉ अनुपम अरोड़ा ने कहा कि डॉ संगीता गुप्ता जैसे व्यक्तित्व ने उन्हें भी बहुत कुछ सिखाया है । धैर्य और जूनून के साथ काम करने की कला डॉ संगीता गुप्ता के व्यक्तित्व का सबसा मधुर गुण है । डॉ संगीता कॉलेज के लिए बहुमूल्य रही है और उनके स्थान को भरना बहुत ही मुश्किल होगा । डॉ. गुप्ता का व्यक्तित्व ज्ञान, सादगी और नेतृत्व का प्रतीक है । उनकी दूरदृष्टि ने इतिहास और संस्कृति के विद्यार्थियों को न केवल अकादमिक दृष्टिकोण से समृद्ध किया बल्कि उन्हें जीवन मूल्यों और सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ने का अद्भुत कार्य किया । डॉ. संगीता गुप्ता का कार्यकाल समर्पण, निष्ठा और नवाचार का जीवंत उदाहरण है । उनके कार्यकाल की गतिविधियाँ आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनी रहेंगी । डॉ. संगीता गुप्ता ने संस्था का आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह मेरा सौभाग्य रहा कि मुझे इतिहास और संस्कृति के माध्यम से समाज और शिक्षा जगत को कुछ देने का अवसर मिला । यह यात्रा भले ही औपचारिक रूप से समाप्त हो रही हो लेकिन मेरे प्रयास और योगदान हमेशा जारी रहेंगे ।

## सुषमा स्वराज पुरस्कार के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 2 दिसंबर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल । उपायुक्त उत्तम सिंह** ने बताया कि सरकार द्वारा महिलाओं एवं बच्चों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। इसी कड़ी में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को राज्य स्तर पर अवार्ड देने की घोषणा की गई है। जिन महिलाओं द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में प्रशंसनीय उपलब्धि प्राप्त की गई है, वे जिला स्तर पर महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय में ऑफलाईन माध्यम से 2 दिसंबर तक आवेदन कर सकती हैं।
उपायुक्त ने बताया कि जिन महिलाओं द्वारा कठिन परिस्थितियों के दौरान भी जनसेवा में सराहनीय कार्य किया हो व अन्य महिलाओं व बच्चों के लिए रोल मॉडल रही हों, उन्हें इंदिरा गांधी महिला शक्ति अवार्ड के तहत एक लाख पचास हजार रुपए की राशि बतौर पुरस्कार प्रदान की जाएगी। इसी प्रकार कल्पना चावला शौर्य अवार्ड के तहत जिन महिलाओं द्वारा अपने जीवन में जोखिम उठाकर कोई बहादुरी का कार्य किया गया हो, उन्हें एक लाख रुपए की राशि प्रदान की जाएगी।
उन्होंने बताया कि बहन शन्नो देवी पंचायती राज अवार्ड में महिला पंचायत नेता, ब्लाक समिति की महिला अध्यक्ष/सदस्य, जिला परिषद की महिला अध्यक्ष/सदस्य, नगर निगम की महिला अध्यक्ष/सदस्य द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में जैसे कि महिला साक्षरता, स्वास्थ्य व पोषण, महिला सशक्तिकरण, कन्या भ्रूण हत्या, बाल विवाह व लिंगानुपात में सुधार इत्यादि के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया गया हो, ऐसी महिलाओं को एक लाख रुपए की राशि पुरस्कार के रूप में दी जाती है। इसी प्रकार से लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड के तहत जिन महिलाओं की उम्र 60 वर्ष या इससे अधिक हो तथा जिनके द्वारा रचनात्मक कार्य, सराहनीय कार्य, प्रशासनिक कौशल के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया गया हो एवं जिन्होंने समाज व राष्ट्र की जनसेवा/भलाई के नाम ताउम्र समर्पित की हो, उन महिलाओं को 51 हजार रुपए की राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि वुमेन आउटस्टैंडिंग अचीवर्स अवार्ड के तहत जिन महिलाओं द्वारा स्वास्थ्य विभाग से सम्बंधित क्षेत्र में कार्य या कोई सराहनीय उपलब्धि प्राप्त की गई हो अथवा खेल के क्षेत्र में उल्लेखनीय व प्रशंसनीय उपलब्धि प्राप्त की गई हो उन्हें 21 हजार रुपए की राशि प्रदान की जाएगी। जिन महिलाओं ने सामाजिक कार्यकर्ता के तौर पर प्रशंसनीय कार्य किया हो या महिलाओं की शिक्षा, कन्या भ्रूण हत्या, बाल विवाह रोकने, टीकाकरण या पोषण सम्बन्धित कार्यक्रमों में अहम भूमिका निभाई है, उन महिलाओं को 21 हजार रुपये की राशि प्रोत्साहन के रूप में दी जाएगी। इसी प्रकार से सरकारी कर्मचारी श्रेणी में जिन महिलाओं द्वारा महिलाओं के हितों के लिए विशेष रूप से नैतिक कार्यों के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया हो, उन्हें 21 हजार रुपए की राशि प्रदान की जाएगी। सामाजिक कार्यकर्ता श्रेणी में जिन महिलाओं ने सामाजिक कार्यकर्ता के तौर पर महिला कल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की हो और पिछले 5 वर्षों में प्रशंसनीय कार्य किए हों, उन्हें इनाम राशि स्वरूप 21 हजार रुपए दिए जाएंगे। महिला उद्यमी श्रेणी में जिन महिलाओं द्वारा व्यापार व उद्योग क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया गया हो एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया हो, उन्हें 21 हजार रुपए प्रदान किए जाएंगे। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रेणी में भारत सरकार द्वारा पिछले वर्ष आये हुए नामांकन में से चयन करेगी उन्हें 21 हजार रुपए की राशि प्रदान की जाएगी । उन्होंने बताया कि उक्त पुरस्कार लेने की पात्र महिलाएं अपना आवेदन महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय में व्यक्तिगत तौर पर उपस्थित होकर 2 दिसम्बर तक जमा करवा सकती हैं। आवेदन फॉर्म व पात्रता शर्तों की अधिक जानकारी के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय, प्रथम तल, फायर ब्रिगेड कार्यालय, सेक्टर-4, करनाल व दूरभाष संख्या 0184-2270175 पर संपर्क कर सकते हैं। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धियां हासिल करने वाली व महत्वपूर्ण योगदान देने वाली महिलाओं को दिया जा रहा श्रीमती सुषमा स्वराज पुरस्कार उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल करने दिसंबर 2024 तक आवेदन मांगे गए हैं।


### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **पारस पत्नी श्री सजीव कुमार, निवासी मकान नंबर सी-/102 और ई/60 गली नंबर 14, खसरा नंबर 4/9, सोफेवाली गली, ब्लॉक सीई, शिव विहार, निलोठी एक्सटेंशन, नांगलोई, दिल्ली-14** ने **FIR No. 491/2024 U/S 304(2)/317(2)/3(5) BNS, अन्तर्गत थाना बुराड़ी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पारस** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पारस** फरार हो गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रही है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 491/2024 U/S 304(2)/317(2)/3(5) BNS, अन्तर्गत थाना बुराड़ी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **पारस** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.01.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री पायल सिंगल
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-09 (केंद्रीय)
केंद्रीय जिला, कमरा नं. 286
**DP/15674/N/2024(Court Matter)** तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **इरफान पुत्र रुमाल शाह पताः खुशहाल पार्क, डीएलएफ लोनी, गाजियाबाद यूपी** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 387/2022 धारा 328/379/411 भा.द.स. के तहत** थानाः कश्मीरी गेट, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया है कि उक्त **इरफान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **इरफान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 387/2022 धारा 328/379/411 भा.द.स. के तहत थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली के उक्त इरफान** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.01.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
वैभव गर्ग
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-11
DP/15772/N/2024 तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **समीर**, पुत्रः श्री निजामुद्दीन, **पताः** सी-145, गली नंबर 13, ओल्ड मुस्तफाबाद, **दिल्ली** ने मुकदमा **FIR No. 40833/2018, U/s 379/487/411/34 IPC, थानाः जाफराबाद, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **समीर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **समीर** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 40833/2018, U/s 379/487/411/34 IPC, थानाः जाफराबाद, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **समीर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.01.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री आयुषी सक्सेना
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी – 05
DP/15439/NE/2024 (Court Matter) कमरा सं. 07, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

### उत्तर रेलवे

**निविदा सूचना**

उप मुख्य अभि./नि–II/उत्तर रेलवे, चंडीगढ़ भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्लखित कार्य हेतु एकल पैकेट प्रणाली के अंतर्गत ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | चंडीगढ़ में अतिरिक्त रखरखाव और स्टेबलिंग सुविधाओं के विकास का निर्माण। | | |
| लगभग काम की लागत | ₹7,81,62,991/- | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 10 महीने |
| बयाना राशि सुरक्षा बोली/(ऑनलाइन जमा) | ₹5,40,800/- | | |
| बोली जमा करने और बोली खोलने की तिथि और समय | सम्पूर्ण बोली दस्तावेज रेलवे की वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर 02.12.2024 (11:30 बजे IST) से 23.12.2024 तक देखा/डाउनलोड किया जा सकता है। बोलीदाता को अपनी तकनीकी बोली **https://ireps.gov.in** पर 09.12.2024 से 23.12.2024 (11:30 बजे) तक जमा करनी होगी। ऑनलाइन प्राप्त हुई बोलियां दिनांक 23.12.2024 को 11:30 बजे उप मुख्य अभि./नि–II/चंडीगढ़ कार्यालय में खोली जाएंगी। | | |
| विस्तृत निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज | ई–निविदा का विस्तृत विवरण उत्तर रेलवे की वेबसाइट **www.nr.indianrail.gov.in** पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा दस्तावेज IREPS वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर दिनांक 09.12.2024 से 23.12.2024 (11:30 बजे IST) तक अपलोड किया जा सकता है। उपरोक्त निविदाओं के संबंध में अन्य सभी नियम और शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई है। विस्तृत निविदा सूचना उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। | | |

**निविदा सूचना सं.: 354-W/C-II/CDG दिनांक: 29.11.2024** 3696/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### उत्तर रेलवे

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

**टेंडर नोटिस सं. 76/2024-2025** **दिनांक 29.11.2024**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र.सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 02240068B | हेर्मेटिकली सील्ड कंप्रेसर सकरोल टाइप | 836 नग | 23.12.24 |

**निविदा शर्तें–1.** विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। **2.** मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

3693/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### उत्तर मध्य रेलवे

**निविदा सूचना संख्याः** ए.जी.सी.-ई.एल.जी.-टी-24-2024-25 **दिनांकः** 28.11.2024

**ई-निविदा सूचना**

वारिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य), आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु केवल ऑन लाईन (E- Tendering) द्वारा खुली निविदा आमन्त्रित की जाती है।

**कार्य का नाम लोकेशन सहित एवं कार्य पूर्ण करने की अवधिः** आगरा मंडल की 11 केवी एवं 33 केवी ओवरहेड ट्रैक क्रॉसिंग लाइन को भूमिगत केबल से बलदने का प्रावधान।

**कार्य पूरा करने की अवधिः** 08 माह। **कार्य की अनुमानित लागतः** ₹7317850.77

पूरी जानकारी एवं टेन्डर में भाग लेने हेतु Indian Railways Website **www.ireps.gov.in** देखें। टेंडर्स केवल बेव पोर्टल Indian Railways website **www.ireps.gov.in** पर 15:00 बजे तक **दिनांक 23.12.2024** तक टेन्डर डाल सकते है। **2060/24(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

### कार्यालय पुलिस उपायुक्त
### दक्षिण पश्चिम जिला, वसंत विहार, नई दिल्ली

फोन नं.: 011-26140056, 57 ई–मेलः adcp1.sw@delhipolice.gov.in

**सार्वजनिक सूचना**

दिल्ली पुलिस अधिनियम, 1978 की धारा 67 के तहत उद्घोषणा नीचे दिए गए विवरण के अनुसार वाहनों को दक्षिण पश्चिम जिला, नई दिल्ली के पुलिस स्टेशनों द्वारा धारा 66 दिल्ली पुलिस अधिनियम, 1978 के तहत जब्त कर लिया गया है। अब, पुलिस आयुक्त, दिल्ली द्वारा पीएचक्यू के परिपत्र संख्या 24/2023 द्वारा मुझे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, पीएचक्यू सं. 3851–4000/रिकॉर्ड शाखा/पीएचक्यू दिनांक 25.10.2023 द्वारा प्रसारित और जैसा कि दिल्ली पुलिस अधिनियम, 1978 की धारा 67(1) के तहत परिकल्पित है, के अनुसार निम्न हस्ताक्षरकर्ता संलग्न सूची के अनुसार 227 वाहनों की उद्घोषणा जारी करते हैं। जिस किसी भी व्यक्ति का इन पर दावा हो सकता है, उसे अपने स्वामित्व के प्रमाण में सभी प्रासंगिक दस्तावेजों के साथ संबंधित माननीय न्यायालय के समक्ष उपस्थित होना होगा और इस उद्घोषणा की तारीख से छह महीने के भीतर अपना दावा स्थापित करना होगा। उपरोक्त वाहनों को इस उद्घोषणा के माध्यम से आम जनता की जानकारी हेतु अधिसूचित किया जाता है।

**डी.पी. अधिनियम, 1978 की धारा 66 के अंतर्गत जब्त लावारिस वाहनों की सूची**

| क्र. सं. | डीडी नं. और तिथि | पंजीकरण संख्या | प्रकार |
|---|---|---|---|
| | पुलिस थाना : वसंत विहार, दिल्ली | | |
| 1 | 56A Dt. 08.10.23 | HR35D7396 | HERO HONDA |
| 2 | 78A Dt. 06.10.23 | DL6SAA6937 | HERO HONDA |
| 3 | 38A Dt. 17.09.23 | MP16MB 1708 | TVS M/Cycle |
| 4 | 101A Dt. 31.08.23 | RJ-24 –SJ-6345 | M/CYCLE |
| 5 | 58 A Dt. 14.05.23 | DL 12 SK 5712 | SCOOTY |
| 6 | 92 A Dt. 16.05.23 | DL 3 CCR 1180 | INNOVA |
| 7 | 54/20 Dt. 05.07.20 | DL 3SDB 5882 | SCOOTY |
| 8 | 40A/22 Dt. 04.06.22 | DL 9SL 0755 | M/Cycle |
| 9 | 44A/22 Dt. 08.07.22 | DL 9SAX 1928 | M/Cycle |
| 10 | 70A/23 Dt. 02.11.23 | W/N/P | M/Cycle HERO |
| 11 | 14A/24 | DL 12SC 8687 | M/Cycle |
| 12 | 49A/24 Dt. 10.04.24 | DL 8SCV 7094 | SCOOTY HERO MAESTRO |
| 13 | 06A/24 Dt. 08.07.24 | DL 3SFR 8798 | M/Cycle YAMAHA |
| 14 | 04A/24 Dt. 28.08.24 | W/N/P | SWIFT DZIRE |
| 15 | 05A/24 Dt. 22.08.24 | DL 3SFJ 2712 | HERO SPLENDOR |
| | पुलिस थाना : आर.के. पुरम, दिल्ली | | |
| 16 | 26A Dt. 01.10.23 | DL12SP2062 | SCOOTY |
| 17 | 5A Dt. 01.11.23 | DL3SDB8966 | SCOOTY |
| 18 | 54A Dt. 14.04.23 | DL3SD-5612 | Activa |
| 19 | 46A Dt. 15.01.23 | DL3SCD4631 | Activa |
| 20 | 8A Dt. 16.03.23 | DL7SBM5736 | Activa |
| 21 | 41A Dt. 28.03.23 | DL3SBE3963 | M/Cycle |
| 22 | 12A Dt. 27.03.23 | UP16BW6414 | Scooty |
| 23 | 32A Dt. 01.05.23 | DL3SCQ3979 | M/Cycle |
| 24 | 11A Dt. 15.06.23 | DL3SDG8079 | Scooty |
| 25 | 68A Dt. 15.06.23 | DL3SFC4014 | Scooty |
| 26 | 48A Dt. 17.06.23 | DL5SBX6168 | Scooty |
| 27 | 125A Dt. 12.05.22 | DL7SAR0841 | CD DELUX RED |
| 28 | 87A Dt. 08.12.21 | DL4SBJ6143 | M/CYCLE |
| 29 | 09A Dt. 03.02.02 | DL3SQ5804 | S/C |
| 30 | 25A Dt. 16.09.02 | PB593539 | S/C |
| 31 | 14A Dt. 05.06.23 | DL2SA2612 | S/C |
| 32 | 27A Dt. 14.08.03 | DL2SB5721 | S/C |
| 33 | 93A Dt. 14.09.20 | DL3S2P9914 | M/CYCLE |
| 34 | 31A Dt. 24.10.20 | DL115Y6405 | M/CYCLE |
| 35 | 91A Dt. 30.10.20 | CH NO-9645 | M/CYCLE |
| 36 | 96A Dt. 18.01.23 | DL6SAL4586 | M/CYCLE |
| | पुलिस थाना : वी.के. नॉर्थ, दिल्ली | | |
| 37 | 69A Dt. 25.11.23 | DL-4SCA-2417 | BAJAJ M/CYCLE |
| 38 | 84A Dt. 02.07.23 | HR-51AE-7540 | SCOOTY |
| 39 | 128A Dt. 06.07.23 | DL-9SBQ5081 | SCOOTY |
| 40 | 99A Dt. 25.01.23 | HR 26 CB 4893 | SCOOTY |
| 41 | 4A Dt. 24.03.23 | HR 99 A 8250 | AUTO |
| 42 | 88A Dt. 13.04.23 | DEXNO 5038803 | SCOOTY |
| 43 | 7A Dt. 14.04.24 | HR36W1669 | Apache |
| 44 | 39A Dt. 17.06.24 | DL8CQ0575 | Car Vitara |
| 45 | 93A Dt. 21.07.24 | DL6SAJ2984 | TVS |
| 46 | 10A Dt. 11.07.24 | DL3SFJ8407 | Splendor |
| 47 | 13A Dt. 08.08.24 | DL3SET5043 | Scooty |
| 48 | 78A | EB17912381 | E RIKSHWA |
| 49 | 10A Dt. 11.07.24 | DL3SF8407 | M/Cycle |
| | पुलिस थाना : वी.के. साउथ, दिल्ली | | |
| 50 | 146 A Dt. 13.02.23 | W/N/P | M/CYCLE |
| 51 | 65B Dt. 06.08.14 | DL3SAJ3215 | M/CYCLE |
| 52 | 25B Dt. 15.08.15 | DL6SR7263 | M/CY BAJAJ |
| 53 | 48B Dt. 27.11.15 | DL3SR3106 | M/CYCLE |
| 54 | 75B Dt. 09.06.16 | DL9SAK2428 | M/CY HERO HONDA |
| 55 | 17B Dt. 27.11.16 | HR26AV6351 | SCOOTY |
| 56 | 59B Dt. 03.01.17 | DL4SAQ9402 | M/CY BAJAJ |
| 57 | 46B Dt. 14.08.17 | HR10Q9361 | M/CYCLE |
| 58 | 38B Dt. 10.09.17 | HR26R2701 | M/CY BAJAJ |
| 59 | 45A Dt. 15.09.17 | DL5SBW9702 | M/CYCLE |
| 60 | 6B Dt. 15.10.17 | DL3SCR2066 | M/CY HERO HONDA |
| 61 | 47B Dt. 20.10.17 | RJ19 9MM3436 | M/CYCLE |
| 62 | 40B Dt. 29.11.17 | DL7SAZ9939 | M/CYCLE BAJAJ |
| 63 | 41B Dt. 03.12.17 | DL13SF1649 | M/CY HERO HONDA |
| 64 | 40B Dt. 28.12.17 | DL3SU1173 | SCOOTER BAJAJ |
| 65 | 27B Dt. 07.01.18 | DL8SS6822 | M/CYCLE BAJAJ |
| 66 | 16B Dt. 21.01.18 | DL4SBD6952 | SCOOTY HONDA |
| 67 | 58B Dt. 28.05.18 | DL3SR4433 | M/CY BAJAJ |
| 68 | 41B Dt. 26.08.18 | W/N/P | M/CYCLE |
| 69 | 35A Dt. 19.01.19 | DL3SCU1012 | SCOOTY |
| 70 | 87A Dt. 06.04.19 | DL1SE5702 | M/CY HERO HONDA |
| 71 | 113A Dt. 26.09.19 | DL09SZ6805 | M/CYCLE HERO |
| 72 | 61A Dt. 08.10.19 | DL4SBH2324 | M/CYCLE BAJAJ |
| 73 | 34A Dt. 09.10.19 | DL3SBS0389 | M/CYCLE YAMAHA |
| 74 | 75A Dt. 11.10.19 | RJ05SR4307 | M/CY HERO HONDA |
| 75 | 33A Dt. 07.11.19 | DL12SK7118 | HONDA SCOOTY |
| 76 | 17A Dt. 09.11.19 | DL11SB9800 | M/CYCLE HERO |
| 77 | 39A Dt. 06.03.20 | DL1CN3716 | CAR MARUTI |
| 78 | 39A Dt. 06.03.20 | CHK2501 | CAR MARUTI |
| 79 | 84A Dt. 03.04.20 | DL3SEL4077 | M/CYCLE HONDA |
| 80 | 57A Dt. 06.04.20 | DL6SN7726 | M/CYCLE HERO |
| 81 | 57A Dt. 06.04.20 | DL3SEG7034 | M/CYCLE HERO |
| 82 | 95A Dt. 22.06.20 | DL1A1994 | MARUTI VAN |
| 83 | 81A Dt. 21.07.20 | DL6SAL4153 | SCOOTY HERO |
| 84 | 94A Dt. 26.09.20 | HR51AL1217 | M/CYCLE BAJAJ |
| 85 | 129A Dt. 09.10.20 | HR26AM | M/CY HERO HONDA |
| 86 | 94A Dt. 09.10.20 | DL12SL2768 | SCOOTY ACTIVA |
| 87 | 113A Dt. 13.10.20 | DL3SEL7878 | M/CYCLE HERO |
| 88 | 96A Dt. 14.10.20 | DL3SAG2180 | M/CYCLE BAJAJ |
| 89 | 90A Dt. 15.10.20 | HR26BH4767 | M/CYCLE BAJAJ |
| 90 | 51A Dt. 16.10.20 | HR29AC4518 | M/CYCLE |
| 91 | 70A Dt. 16.10.20 | DL9SBU9102 | SCOOTY TVS |
| 92 | 88A Dt. 15.10.20 | DL9SBR6818 | M/CYCLE HONDA |
| 93 | 58A Dt. 18.10.20 | DL12SL1809 | SCOOTY |
| 94 | 72A Dt. 02.11.20 | DL12TC0122 | M/CYCLE |
| 95 | 92A Dt. 09.11.20 | DL12SM4110 | M/CYCLE HERO |
| 96 | 63A Dt. 17.11.20 | HR26AB8427 | M/CYCLE PLATINA |
| 97 | 35A Dt. 19.11.20 | DL12SC3464 | M/CY HERO |
| 98 | 77A Dt. 22.11.20 | W/N/P | M/CY SPLENDOR |
| 99 | 11A Dt. 23.11.20 | DL12SC4570 | CAR HYUNDAI |
| 100 | 52A Dt. 03.12.20 | DL6SAK8131 | M/CYCLE KTM |
| 101 | 44A Dt. 29.03.21 | KA01Z1561 | M/CYCLE HERO |
| 102 | 114A Dt. 28.03.21 | W/N/P | M/CYCLE BAJAJ |
| 103 | 89A Dt. 09.08.21 | DL3SDB1194 | M/CYCLE HONDA |
| 104 | 26A Dt. 09.09.21 | HR 26BB2285 | M/CYCLE HONDA |
| 105 | 162A Dt. 19.09.21 | DL12SB6716 | M/CYCLE |
| 106 | 26A Dt. 02.01.22 | DL12SD8003 | M/CY BAJAJ |
| 107 | 82A Dt. 04.01.22 | DL9SAB0483 | M/CYCLE |
| 108 | 131A Dt. 04.01.22 | DL3SEC4185 | M/CYCLE BAJAJ |
| 109 | 81A Dt. 10.01.22 | DL3SBC6799 | M/CYCLE |
| 110 | 93A Dt. 13.01.22 | DL8SBF6463 | M/CYCLE YAMAHA |
| 111 | 96A Dt. 23.01.22 | BR43E1307 | M/CYCLE HERO |
| 112 | 78A Dt. 26.01.22 | DL12SEM2965 | M/CYCLE |
| 113 | 106A Dt. 20.03.22 | DL7SCK5855 | SCOOTY TVS |
| 114 | 78A Dt. 03.04.22 | DL4SBX3169 | M/CYCLE |
| 115 | 69A Dt. 16.04.22 | DL3SEN9261 | M/CYCLE |
| 116 | 105A Dt. 22.04.22 | DL12SQ2589 | M/CYCLE BAJAJ |
| 117 | 141A Dt. 30.04.22 | DL3SFA8713 | M/CYCLE HERO |
| 118 | 122A Dt. 24.01.24 | DL3SBF2506 | BAJAJ DISCOVER |
| | पुलिस थाना : पालम गांव, दिल्ली | | |
| 119 | 113A Dt. 02.10.23 | DL4SDH7875 | HERO SCOOTY |
| 120 | 137A Dt. 06.07.23 | DL-5SBT-7739 | HONDA |
| 121 | 162A Dt. 22.07.23 | DL-9SBS-0431 | HERO |
| 122 | 208A Dt. 24.07.23 | UP-23WY-5942 | HERO |
| 123 | 140A Dt. 02.08.23 | DL-4SCX-8965 | HERO |
| 124 | 86A Dt. 13.08.23 | DL-12SL-3987 | HERO |
| 125 | 126A Dt. 13.08.23 | DL-9SBQ-0568 | TVS |
| 126 | 130A Dt. 17.06.24 | DL3SCQ9445 | Activa |
| 127 | 74A Dt. 06.07.24 | DL11SB6137 | M/Cycle |
| | पुलिस थाना : सागरपुर, दिल्ली | | |
| 128 | 68A Dt. 05.11.23 | DL85BU8172 | SUZUKI |
| 129 | 122A Dt. 05.07.23 | DL-6ST-2382 | Honda ACTIVA |
| 130 | 136A Dt. 06.07.23 | DL-3SDD-5495 | M/Cycle |
| 131 | 12A Dt. 27.09.23 | DL-3SDY-7484 | Honda |
| 132 | 92A Dt. 19.01.23 | DL 9 SAB 9267 | HONDA CB SHINE |
| 133 | 61B Dt. 15.10.15 | DL-5SCA 9236 | M/CYCLE PULSAR BLACK & RED |
| 134 | 52B Dt. 21.09.16 | DL-4S BQ 6500 | SCOOTY |
| 135 | 15A Dt. 25.04.18 | DL8SAT9248 | M/C YAMAHA FZ Green Black |
| 136 | 13A Dt. 21.02.20 | DL9SBE9593 | SCOOTY GUESTO |
| 137 | 66A Dt. 23.03.20 | DL4SBY9669 | SCOOTER LML |
| 138 | 9A Dt. 19.05.24 | HR26CE 8895 | M/CYCLE |
| 139 | 32A Dt. 11.06.24 | DL 10 SD 7775 | PLATINA BAJAJ |
| 140 | 75A Dt. 16.06.24 | DL 9SAP 9726 | HONDA SHINE |
| 141 | 11A Dt. 02.07.24 | DL 9SAX 8250 | M/CYCLE |
| 142 | 68A Dt. 03.08.24 | DL 9 SCJ 6111 | CLASSIC LEGENDS |
| 143 | 07A Dt. 26.08.24 | DL 9 SBP 0504 | HONDA ACTIVA |
| 144 | 8A Dt. 26.08.24 | HR 26 DC 5847 | JCB |
| 145 | 78A Dt. 28.08.24 | DL 4 SCJ 3773 | SCOOTY |
| 146 | 100A Dt. 14.08.24 | DL 12 GD 1107 | SCOOTY ELECTRIC |
| 147 | 110A Dt. 31.08.24 | UK 10 0111 | THAR CAR |
| 148 | 110A Dt. 31.08.24 | DL 1 CR 4100 | MARUTI CELERIO |
| | पुलिस थाना : सरोजिनी नगर, दिल्ली | | |
| 149 | 103A, Dt. 20.12.23 | DL7SBQ0897 | HERO |
| 150 | 85A Dt. 13.07.23 | DL-7SBZ-0794 | Bajaj |
| 151 | 76A Dt. 19.01.23 | DL 4 SM 0635 | M/CYCLE |
| 152 | 49A Dt. 20.03.23 | HR 26 PC 0650 | SCOOTY |
| 153 | 53A Dt. 13.04.23 | DL 10 SR 3002 | SCOOTY |
| 154 | 54A Dt. 01.06.23 | DL 45 CH 7030 | SCOOTY |
| 155 | 4A Dt. 11.10.18 | DL3SCH8706 | SCOOTY ACTIVA |
| 156 | 79 Dt. 07.05.24 | DL13SR3240 | SCOOTY SWISH |
| 157 | 111 Dt. 06.08.22 | - | CYCLE |
| 158 | 135 Dt. 06.08.22 | - | CYCLE |
| | पुलिस थाना : कापसहेड़ा, दिल्ली | | |
| 159 | 70A Dt. 08.07.23 | HR-88 3243 | M/CYCLE |
| 160 | 131A Dt. 10.07.23 | HR 26 CL- 8117 | M/CYCLE |
| 161 | 101A Dt. 12.08.23 | - | AUTO |
| 162 | 96 A Dt. 09.02.23 | HR 55 X 4663 | AUTO |
| 163 | 85 A Dt. 12.02.23 | HR 26 DB 5243 | M/CYCLE |
| 164 | 93 A Dt. 02.03.23 | DL 4 SCE 6481 | M/CYCLE |
| 165 | 3 A Dt. 11.04.23 | HR 26 BL 1839 | M/CYCLE |
| 166 | 18 A Dt. 12.04.23 | DL 5 SAH 0236 | M/CYCLE |
| 167 | 15 A Dt. 25.04.23 | W/N/P DL-11ST-8900 | SCOOTY |
| 168 | 77A Dt. 05.05.23 | DL 4 SCR 4291 | M/CYCLE |
| 169 | 27 A Dt. 17.05.23 | DL 9 SBX 2265 | M/CYCLE |
| 170 | 122 A Dt. 20.05.23 | W/N/P | M/CYCLE |
| 171 | 16 A Dt. 26.05.23 | DL 9 SZ 7364 | M/CYCLE |
| 172 | 65 A Dt. 04.06.23 | DL 9 SCD 6564 | M/CYCLE |
| 173 | 140 A Dt. 12.06.23 | HR 26 DU 6876 | SCOOTY |
| 174 | 15A Dt. 24.06.24 | DL 4S E 4436 | - |
| 175 | 98A Dt. 14.05.24 | HR 13 G 3801 | HERO SPLENDOR |
| 176 | 121A Dt. 08.04.24 | UP 80 ER 3656 | APACHE |
| 177 | 127A Dt. 15.02.24 | DL 4S CR 5829 | TVS SPORT |
| 178 | 107A Dt. 12.09.24 | ENG NO 06180 | TVS JUPITER |
| 179 | 98A Dt. 17.01.23 | UP 32 CW 5918 | HONDA SHINE |
| 180 | 96A Dt. 09.02.23 | HR 55 X 4663 | AUTO |
| 181 | 120A Dt. 28.02.23 | UP 24 AD 9557 | HF DELUXE |
| 182 | 99A Dt. 08.03.23 | HR 26 AS 9382 | PULSAR |
| 183 | 73A Dt. 08.04.23 | UP 86 X 6337 | SPLENDOR BLACK |
| 184 | 02A Dt. 29.06.23 | HR 05 W 7259 | SCOOTY |
| 185 | 100A Dt. 29.06.23 | DL 3S DJ 8951 | SPLENDOR BLACK |
| 186 | 156A Dt. 29.06.23 | HR 26 DS 5674 | BIKE |
| 187 | 109A Dt. 09.07.22 | HR 51 BP 7996 | SPLENDOR |
| 188 | 119A Dt. 09.07.22 | DL 12 SM 5483 | SPLENDOR |
| 189 | 120A Dt. 17.07.22 | RJ01SY1933 | CD DELUXE |
| 190 | 113A Dt. 26.07.22 | DL 3SCW 7024 | SPLENDOR |
| 191 | 120A Dt. 17.07.22 | RJ 01SY 1933 | CD DELUXE |
| 192 | 113A Dt. 26.07.22 | DL 3SCW 7024 | SPLENDOR PRO |
| 193 | 88A Dt. 27.07.21 | HR 26BD 4186 | BAJAJ DISCOVER |
| 194 | 62A Dt. 06.08.21 | HR 26DU 1555 | HONDA DREAM YUGA |
| 195 | 13A Dt. 23.08.21 | HR 52B 5289 | SPLENDOR |
| 196 | 29A Dt. 15.10.21 | ENG-20187, CH-17845 | HF DELUXE |
| 197 | 129A Dt. 01.11.21 | HR 26AX 3061 | SPLENDOR |
| 198 | 43A Dt. 13.12.21 | HR 26DD 1748 | SPLENDOR |
| 199 | 58B Dt. 19.02.28 | HR 26AC 7395 | BAJAJ PLATINA |
| 200 | 70A Dt. 21.03.17 | DL 4SAN 3557 | PULSAR |
| 201 | 25B Dt. 28.04.24 | HR 26BH 8932 | HERO CD DELUXE |
| | पुलिस थाना : दिल्ली कैंट, दिल्ली | | |
| 202 | 107A Dt. 14.08.23 | DL-9SAM-4750 | HONDA SCOOTY |
| 203 | 107 A Dt. 18.01.23 | MP 19 MH 4862 | PAISSON PRO |
| 204 | 43 A Dt. 08.03.23 | DL 10 S 6087 | PULSAR |
| 205 | 141A Dt. 14.05.22 | ER1790 JYPP3971 | E-SCOOTY |
| 206 | 111A Dt. 14.07.24 | UP85CK3857 | M/Cycle |
| 207 | 24A Dt. 20.07.24 | DL3SDS0556 | M/Cycle |
| 208 | 138A Dt. 30.07.24 | DL9CAG6890 | Car |
| | पुलिस थाना : किशनगढ़, दिल्ली | | |
| 209 | 27A Dt. 15.08.23 | - | YAMAHA M/cyle |
| 210 | 5A Dt. 27.01.23 | DL 3 SES 8550 | SPLENDER |
| 211 | 13A Dt. 10.05.23 | DL 3 SDC 0681 | DISCOVER |
| 212 | 45A Dt. 19.06.23 | DL 3 SAX 7919 | PULSAR |
| 213 | 24A Dt. 10.10.19 | DL12SM0896 | HONDA |
| 214 | 104A Dt. 28.09.20 | DL9SL4602 | HERO |
| 215 | 48A Dt. 07.01.23 | DL4SND6528 | BAJAJ |
| 216 | 100A Dt. 04.05.23 | DL3SCX9823 | HONDA |
| 217 | 08A Dt. 15.05.24 | DL3SFC3470 | HERO |
| 218 | 09A Dt. 25.06.24 | DL9SAH8202 | HERO |
| 219 | 24A Dt. 11.08.24 | DL3SDT1852 | HONDA |
| | पुलिस थाना : साउथ कैंपस, दिल्ली | | |
| 220 | 45 A Dt. 03.04.23 | DL 7 SAP 5245 | HERO SPLENDER + |
| 221 | 6 A Dt. 04.04.23 | UP 93 X 7765 | PULSAR |
| 222 | 26 A Dt. 01.04.23 | DL 3 SDQ 8761 | PASSION PRO |
| 223 | 19B Dt. 06.03.16 | DL8SY4242 | Scooter |
| | पुलिस थाना : एस. जे. एन्क्लेव, दिल्ली | | |
| 224 | 79 A Dt. 17.01.23 | DL 9 SBD 6314 | SWISS |
| 225 | 19A Dt. 26.03.23 | HR 26 BR 3605 | HONDA |
| 226 | 32A Dt. 16.06.19 | DL3SDT7613 | M/Cycle |
| 227 | 62A Dt. 28.02.21 | DL9SAR 3616 | M/Cycle |

हस्ता./-
अपर पुलिस उपायुक्त – I
**DP/9728/SW/2024** दक्षिण पश्चिम जिला, नई दिल्ली

GOVT. OF PUNJAB

Punjab Land of Unlimited Opportunities

# भगवंत सिंह मान का ख़्वाब

## नशा मुक्त पंजाब

### नशा विरोधी हेल्पलाइन और व्हाट्सएप चैटबोट

**9779-100-200**

"पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने के लिए हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। जब पंजाब का हर युवा नशे से दूर रहेगा, तब ही सही मायनों में रंगला पंजाब बन पायेगा।"

**भगवंत सिंह मान**
मुख्यमंत्री, पंजाब



मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के व्हाट्सएप चैनल से जुड़ें

यहां स्कैन करें

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब

## न्यूज फ्लैश

### नवीन जिन्दल की सराहनीय पहल शिक्षा के माध्यम से युवाओं को आत्मनिर्भर बनाएगी: सावित्री जिन्दल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के मेधावी छात्रों को शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सांसद नवीन जिन्दल की ओर से शुरू की गई नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना के तहत शनिवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के आर.के. सदन ऑडिटोरियम में हुए इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पूर्व मंत्री एवं हिसार की वर्तमान विधायक सावित्री जिन्दल ने 65 छात्रों में योजना संबंधी राशि के प्रमाण पत्र वितरित किए। दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों के अभिनंदन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इसके उपरांत कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने विधायक सावित्री जिन्दल का अभिनंदन किया। मेधावी छात्र-छात्राओं में प्रमाण पत्र वितरित करते हुए विधायक सावित्री जिन्दल ने कहा कि बेटे नवीन की यह सराहनीय पहल शिक्षा के माध्यम से युवाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। शून्य से शिखर तक का सफर तय करने वाले स्वर्गीय श्री ओपी जिन्दल जी की सोच थी कि जो मुकाम कड़े संघर्ष से उन्होंने हासिल किया है। उस मुकाम तक देश के असंख्य लोग पहुंचकर अपने देश को सशक्त बनाएं। संसाधनों के अभाव में कोई भी कोई भी प्रतिभा दम ना तोड़े। स्वर्गीय ओपी जिन्दल जी के इसी स्वप्न को पूरा करने की दिशा में सांसद नवीन जिन्दल और फाउंडेशन की चेयरपर्सन शालू जिन्दल ने नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना शुरू की है। इसी वर्ष शुरू की गई इस योजना के तहत राशि प्रमाण पत्र वितरण का यह पहला कार्यक्रम है। जल्द ही योजना का दायरा बढ़ाते हुए इसमें व्यापक स्तर पर सुधार और विस्तार किया जाएगा। विश्वविद्यालय के उप कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि बिजनेसमैन लाखों की संख्या में हैं। लेकिन समाज को साथ लेकर उन्हें सशक्त बनाने का प्रयास करने की दिशा में जिन्दल समूह का योगदान अग्रणी है। उन्होंने कहा कि देश की आबादी के हिसाब से प्रत्येक नागरिक को सरकारी नौकरी संभव नहीं है। ऐसे में केवल उद्यमिता के जरिए ही रोजगार स्थापित किया जा सकता है। 60% रोजगार उद्यमियों की बदौलत ही युवाओं को मिल रहा है। इसलिए युवा नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना का लाभ उठाते हुए अपने अंदर उद्यमी बनने के गुण विकसित करें। आरकेएसडी कॉलेज कैथल के प्रिंसिपल संजय गोयल ने कहा कि जो युवा छात्रवृत्ति योजना का लाभ ले रहे हैं। उन्हें अपनी सोच बनानी चाहिए कि लक्ष्य प्राप्ति के बाद वे भी जरूरतमंद लोगों की इसी तरह से मदद करेंगे। सांसद कार्यालय के प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि योजना के तहत आए सैकड़ों आवेदनों में से पैरामीटर पर खरा उतरने वाले 65 छात्र छात्राओं का चयन करते हुए आज उन्हें इस योजना के प्रमाण पत्र दिए गए हैं। मंच का संचालन केयू मास कम्युनिकेशन विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. आबिद अली ने किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील राणा, विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. संजीव शर्मा, भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्षा गीता शर्मा, व्यापार उद्योग संगठन के प्रदेश महामंत्री विकास गर्ग, निशा मंगल, जगत सिंह चंडीगढ़ फॉर्म, संजय शर्मा बारू, हरिओम अग्रवाल, सुरेश राणा, राजेश सिंगला, विनोद गर्ग, सतीश भारद्वाज कैथल, भूषण मंगला, बलविंदर सिंह, डॉ. राज कुमार सैनी, जगपाल बनवाला, गौरव सैनी, जयपाल मेहला, राजेश मेहला, प्रोफेसर यश चौधरी व साहब सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं बच्चे उपस्थित रहे।

# राधा-कृष्ण भाव के भजन गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया

### प्रात: पांच से सात बजे तक आयोजित इन प्रभात फेरियों में भारी संख्या में श्रद्धालु भाग लेते हैं

**भक्ति में डूबे**

▶▶ जब वाणी भगवान का सुमिरन करने लगे तब समझना चाहिए कि भगवान की विशेष कृपा हो रही है: महाराज



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद के सानिध्य में श्री कृष्ण कृपा परिवार द्वारा गुरु नानक पुरा मोहल्ला में सन्नी अरोड़ा एवं नवनीत अरोड़ा के निवास स्थान पर संकीर्तन प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ओम नमो भगवते वासुदेवाय तथा सब पर बरसे कृष्ण कृपा भजन के साथ सबकी मंगल कामना की । सारा वातावरण भक्तिमय हो गया और श्रद्धालु झूमने पर मजबूर हो गए। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। सुनील वत्स तथा राजेंद्र चोपड़ा ने भी राधा-कृष्ण भाव के भजन गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने प्रभात फेरी के आयोजक सन्नी अरोड़ा, नवनीत अरोड़ा सपुत्र रूप लाल अरोड़ा , रानी देवी, निशा अरोड़ा, सिमी अरोड़ा, कंचन अरोड़ा व नरेश को आशीर्वाद स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट किया। उल्लेखनीय है कि श्री कृष्ण कृपा परिवार द्वारा गीता जयंती के अवसर पर गीता ज्ञान संस्थानम् में चार से आठ दिसंबर तक आयोजित पांच दिवसीय दिव्य गीता सत्संग के उपलक्ष्य में नगर में प्रभात फेरियों का आयोजन किया जा रहा है। प्रातः पांच से सात बजे तक आयोजित इन प्रभात फेरियों में भारी संख्या में श्रद्धालु भाग लेते हैं। 20 नवंबर से प्रारंभ हुई यह प्रभातफेरियां तीन दिसंबर तक आयोजित होंगी। इस अवसर पर अपने आशीर्वचन में स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि जब वाणी भगवान का सुमिरन करने लगे तब समझना चाहिए कि भगवान की विशेष कृपा हो रही है। जब हाथों को उनकी सेवा करने का अवसर मिले तो इससे अच्छी बात कोई नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि संकीर्तन और सत्संग में भाग लेने से केवल उसी समय लाभ नहीं होता बल्कि इससे हमारा तन-मन और सब अंग पवित्र होते हैं। प्रभात वेला को अमृत वेला कहा गया है। प्रभात समय में प्रभु का सुमिरन करने से विशेष लाभ मिलता है। उस समय वाणी पर भगवान का नाम आना, पैरों का चलकर पवित्र स्थल पर पहुंचना और उनके स्वरूप को निहारने से उत्तम कोई बात नहीं हो सकती। गीता महोत्सव इस धरती का सबसे पवित्र उत्सव है। इसमें हर श्रद्धालु को अपनी श्रद्धा भाव से भाग लेकर पुण्य का भागी बनना चाहिए।

## छात्रों का चयन होना रोजगार की दिशा में बेहतरीन उपलब्धि: सोमनाथ



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र,:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के आईआईएचएस के कंप्यूटर विभाग के 8 छात्रों का चयन प्रतिष्ठित आईटी कंपनी एक्सेंचर में होने पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि बहुराष्ट्रीय कंपनी एक्सेंचर में 8 विद्यार्थियों का चयन होना रोजगार की दिशा में बेहतरीन उपलब्धि है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय हमेशा विद्यार्थियों के हित को सर्वोपरि मानता है और विद्यार्थियों को डिग्री के साथ रोजगार मिलना सोने पे सुहागा है। प्रतिष्ठित आईटी कंपनी एक्सेंचर में विद्यार्थियों की प्लेसमेंट होना कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को गौरवान्वित करने के साथ बेहतरीन उपलब्धि है।
कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय का पूरा दृष्टिकोण उद्यमिता और रोजगार को बढ़ावा देना है।
आईआईएचएस की प्राचार्या प्रो. रीटा ने कहा कि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के नेतृत्व में प्लेसमेंट के क्षेत्र में हमें निरंतर मार्गदर्शन मिलता रहता है और उसी मार्गदर्शन पर चलकर हम विद्यार्थियों में कौशल का निरंतर विकास कर रहे है। उन्होंने बताया कि आईटी कंपनी एक्सेंचर में आईआईएचएस के कंप्यूटर विभाग के तरूण कंसल, रीतिका संजय कुमार, अदिति शर्मा, अनमोल सिंह, प्रिंस अमरजीत, निशांत वर्मा, प्रभनीत कौर व नवजोत सिंह का चयन हुआ है। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा, आईआईएचएस प्राचार्या प्रो. रीटा व प्रो. अश्वनी कुश मौजूद थे।

## शिविर में समस्याओं का मौके पर ही किया जा रहा समाधान: अश्वनी मलिक

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला/बराड़ा: एसडीएम** अश्वनी मलिक ने बताया कि हरियाणा सरकार के निदेर्शानुसार एसडीएम कार्यालय,नगर पालिका व बीडीपीओ कार्यालय में समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में संबंधित अधिकारियों द्वारा आमजन की समस्याएं सुनी जा रही हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को नगरपालिका में आयोजित समाधान शिविर में प्रॉपर्टी से संबंधित 2 शिकायतें व एसडीएम कार्यालय 1 शिकायत आई जिसका मौके पर ही समाधान कर दिया गया। जबकि बीडीपीओ कार्यालय में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई। उन्होंने कहा कि नगर पालिका में आयोजित समाधान शिविर में प्रापर्टी आईडी में त्रुटी नाम व मोबाईल नंबर अपडेट करने संबंधी शिकायत की जा सकती है। प्रदेश सरकार के निदेर्शानुसार उपमंडल स्तर पर आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर लोगों की समस्याओं का समाधान करने की दिशा में सरकार की अनुकरणीय पहल हैं। समाधान शिविरों में प्रशासनिकअधिकारियों द्वारा आमजन की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जा रहा है।

## महंत प्रभात पुरी कन्या स्कूल में सलाद मेंकिंग की प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**सौंदर्यात्मक**

▶▶ फ्लावर्स, फ्लाईंग बी,बास्किट, वृक्ष, बत्तखें, व पत्तियों आदि के अनेकों रूप सृजित किए



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र : झांसा** रोड़ श्याम कालोनी स्थित महंत प्रभात पुरी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विधालय के प्रांगण में सलाद मेंकिंग की प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। यह प्रतियोगिताएं कक्षाओं के विभिन्न वर्गो में करवाई गई। प्राचार्य भजन राठोर ने बताया कि विधालय की गृह विज्ञान की अध्यापिका कुसुम शर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में बच्चों ने भाग लिया। सलाद संयोजन व सजावट में बच्चों ने अपनी मौलिकता का परिचय देते हुए फ्लावर्स, फ्लाईंग बी,बास्किट, वृक्ष, बत्तखें, व पत्तियों आदि के अनेकों रूप सृजित किए । उन्होंने कहा कि जहां सलाद खाने से हमारा तन व मन स्वस्थ व पुष्ट होता है वहां इसे सुंदर ढंग से सजाने व परोसने से सौंदर्यात्मक बोध का विकास होता है।
प्राचार्य राठोर ने आगे बताया कि 9-12 कक्षा वर्ग में दिशा व डिंपल की जोडी प्रथम,खुशी व यशिका द्वितीय तथा दिया व स्नेहा तृतीय स्थान पर रही जबकि जसविंदर व ललिता ने सांत्वना पुरस्कार पाया। इसी प्रकार कक्षा वर्ग 6 से 8 में चेतन्या, तनिष्क, स्नेहा व शायना प्रतियोगिता की विजेता बनी। प्राचार्य ने विजेता बच्चों को बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उप-प्राचार्य मंजुला शर्मा, सरिता शर्मा,डा संतोष शर्मा, ज्या वत्स,रेखा धीमान,रीटा योगी, ज्योति रानी, अनु पाहवा,सुमन धीमान,अनुप शर्मा,सीमा रानी,आलिषा अरोड़ा, मधु बाला, मुख्य शिक्षिका सुशीला देवी, अनिता वालिया, मोनिका माटा, मनप्रीत वर्मा, बिंदु व पिंकी रानी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## बिना नंबर प्लेट वाहनों पर कार्रवाई सुनिश्चित करेगी पुलिस: एसपी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**



**कार्रवाई**

▶▶ चोरी, छीना झपटी और लूट जैसे गंभीर अपराधों में ऐसे वाहनों का प्रयोग किया जाता है जिनमें प्लेट नहीं होती है

**कुरुक्षेत्र :** पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र वरुण सिंगला ने बताया कि जिला पुलिस कुरुक्षेत्र विशेष अभियान के तहत बिना नंबर प्लेट और त्रुटिपूर्ण नंबर प्लेट और लाइन चेंज वाहनों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि अक्सर देखने को मिलता है कि चोरी, छीना झपटी और लूट जैसे गंभीर अपराधों में ऐसे वाहनों का प्रयोग किया जाता है जिनमें नंबर प्लेट नहीं होती है। अगर नंबर प्लेट होती भी है तो उसमें कुछ ना कुछ त्रुटि होती हैऐसे में अब इस तरह के वाहनों की रोकथाम के लिए कुरुक्षेत्र पुलिस ने एक विशेष चैकिंग अभियान चलाया हुआ है। जिसके तहत पुलिस वाहनों की जांच कर उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई कर ऐसे वाहनों जब्त भी कर रही है। पुलिस ने अभियान के दौरान बिना नंबर प्लेट के 2, बिना हेलमेट के 23, बिना पार्किंग के गाडी पार्क करना 14, ट्रिपल राइडिंग के 2, बिना हेलमेट के गाड़ी चलाना 23, आवर स्पीड के 25, शराब पीकर गाड़ी चलाना-1, लाइन चेंज -63, बिना पैटर्न के गलत नंबर प्लेट के-33, अन्य-9, के साथ-साथ एक लाख 149500 रुपए का जुर्माना सहित ट्रैफिक नियमों की अवहेलना पर वाहन चालकों के मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान किए हैं।

## शहजादपुर में दर्ज हत्या के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**अम्बाला: पुलिस अधीक्षक** अम्बाला सुरेन्द्र सिहँ भोरिया के निदेर्शानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा अपराधों की रोकथाम व आपराधिक मामलों में वांछित आरोपियों के खिलाफ चलाए विशेष अभियान के दौरान थाना शहजादपुर में दर्ज हत्या के मामले में 29 नवम्बर 2024 को पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी ज्ञान चंद निवासी गाँव हंगोला वर्तमान पता बागवाली थाना रायपुररानी जिला पंचकुला को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार 2 दिन का पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया गया। रिमाण्ड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ की जाएगी। इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता गुरपाल सिंह निवासी गाँव साबापुर ने 27 नवम्बर 2024 को थाना शहजादपुर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 26 नवम्बर 2024 को गाँव बपोली में अज्ञात आरोपी ने मान सिहँ की हत्या कर दी है।

## किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल नेवेदिता पब्लिक स्कूल में चमका

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव 2024 के उपलक्ष्य में नेवेदिता पब्लिक स्कूल में आयोजित खेल प्रतियोगिता में किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल, सेक्टर 3 के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। विहानी कक्षा पांचवीं की छात्रा ने 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। समायरा कक्षा चौथी की छात्रा ने नींबू दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।इस प्रतियोगिता में मेवा राम कश्यप प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के सदस्य एवं सचिव लेखराज सहित कई गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही।

## समिति द्वारा यौन शोषण पर व्याख्यान आयोजित



**गाइडलाइंस**

▶▶ कार्यस्थल पर महिलाओं को यौन शोषण से बचाने के लिए विशेष गाइडलाइंस तथा कड़े नियम बनाए गए हैं

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र: कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में कुवि के छात्रावास प्रताप भवन में आंतरिक शिकायत समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ के शिक्षक डॉ. अमित कांबोज ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा हाल ही में कुछ घटनाओं को देखते हुए कार्यस्थल पर महिलाओं को यौन शोषण से बचाने के लिए विशेष गाइडलाइंस तथा कड़े नियम बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि यौन शोषण की परिभाषा बहुत विस्तृत है तथा इसमें फब्तियां कसना और अश्लील इशारे करना भी शामिल है। इस अवसर पर डॉ. कंबोज ने यौन शोषण से जुड़े मिथ्या एवं भ्रामक सवालों के जवाब भी दिए। केयू आंतरिक शिकायत समिति की अध्यक्षा प्रो. सुनीता सिरोहा ने मुख्य वक्ता का स्वागत करते हुए बताया कि आईसीसी द्वारा विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के साथ-साथ पुरुष व महिला छात्रावासों में इस तरह के व्याख्यान आयोजित किए जा रहे हैं।

## डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा की अत्यधिक आवश्यकता: सोमनाथ




**जागरूक किया**

▶▶ साइबर अपराध केवल कानूनी मुद्दा नहीं है, बल्कि यह सामाजिक जिम्मेदारी भी है। जहां तकनीक का सदुपयोग होता है: कुलपति

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र: डिजिटल युग** में साइबर सुरक्षा की अत्यधिक आवश्यकता है। साइबर अपराध केवल कानूनी मुद्दा नहीं है, बल्कि यह सामाजिक जिम्मेदारी भी है। आधुनिक युग में नवाचारों एवं विकास के दौर में जहां तकनीक का सदुपयोग होता है वहीं इसका दुरुपयोग भी किया जाता है। इसलिए हमें एक ऐसी प्रणाली विकसित करनी होगी जो साइबर सुरक्षा को मजबूती प्रदान करें क्योंकि साइबर अपराध से सभी को नुकसान पहुंचाता है। यह विचार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने शनिवार को केयू महिला अध्ययन शोध केन्द्र व राष्ट्रीय महिला आयोग, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में महिलाओं को प्रभावित करने वाले साइबर कानूनों पर आयोजित क्षेत्रीय कानून समीक्षा परामर्श में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि महिलाओं के लिए साइबर कानूनों के बारे में जागरूकता कार्यक्रम विभिन्न प्लेटफार्मों पर लगातार आयोजित किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं के साथ होने वाले साइबर अपराध से निपटने के लिए साइबर कानून को और ज्यादा मजबूत बनाना होगा। उन्होंने कहा कि इस परामर्श कार्यक्रम से ऐसे सुझाव सामने आएंगे जो कानून को और अधिक सख्त बनाने व महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण साबित होंगे। इस अवसर पर केयू महिला अध्ययन शोध केंद्र की निदेशक प्रो. अनिता दुआ ने परामर्श कार्यक्रम के उद्देश्य की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत की। राष्ट्रीय महिला आयोग, नई दिल्ली के प्रतिनिधि अशोक कुमार ने बताया कि साइबर कानूनों को और अधिक प्रभावी तरीके से लागू करने और कानूनी सुधार लाने के लिए उनमें संशोधन का सुझाव देने के लिए यह इस तरह का सातवां परामर्श है।

## पर्यावरण को साफ-सुथरा रखना हमारा प्राथमिक कर्तव्य: डीसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: उपायुक्त** पार्थ गुप्ता ने कहा कि नदियों और पर्यावरण को साफ-सुथरा रखना हमारा प्राथमिक कर्तव्य है, पर्यावरण संबधी मामलों को सम्बन्धित गंभीरता से लें। उपायुक्त एनजीटी से सम्बन्धित मामले व मारकंडा नदी और घग्गर नदी में जल प्रदूषण के संबंध में जिला स्तरीय विशेष पर्यावरण निगरानी टास्क फोर्स की बैठक उपायुक्त पार्थ गुप्ता की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में उपायुक्त ने दोनों विषयों पर समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। बैठक में उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी को अनुपालन न करने वाले विभागों या निजी ठेकेदार के खिलाफ नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने बारे भी कहा। उन्होंने टास्क फोर्स के सदस्यों को जिले में संचालित जल प्रदूषणकारी उद्योगों का औचक निरीक्षण करने और अपशिष्ट निर्वहन मानकों के मानदंडों का उल्लंघन पाए जाने पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को नियमानुसार कार्रवाई करने बारे भी निर्देश दिए। उन्होंने एक्सईएन सिंचाई विभाग अंबाला को बाढ़ मैदान क्षेत्र की अधिसूचना और जिले से बहने वाली नदियों की डी-सिल्टिंग के लंबित मुद्दों के लिए उच्च अधिकारियों के साथ मामला उठाने का भी निर्देश दिया, जैसा कि पहले ही राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण को रिपोर्ट किया जा चुका है। उपायुक्त ने जिला नगर आयुक्त को नगर निगम अंबाला शहर, नगर परिषद अंबाला कैंट और नगर पालिका नारायणगढ़ और बराड़ा सहित जिला अंबाला के सभी 4 स्थानीय निकायों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, नियम 2016 की बिंदुवार अनुपालना तैयार करने और संबंधित जानकारी प्रस्तुत करने के लिए कहा।
बैठक के दौरान अनुपचारित अपशिष्टों के निर्वहन और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के अनुपालन में उल्लंघन के लिए विभिन्न विभागों पर विभिन्न अदालती मामलों में माननीय एनजीटी आदेशों द्वारा पहले ही पारित निर्देशों का अनुपालन करने की आवश्यकता में पर्यावरणीय मुआवजा लगाने के मामले पर भी चर्चा की गई। बैठक में एसडीएम नारायणगढ शाश्वत सांगवान, एक्सईएन सिंचाई विभाग कृष्ण कुमार, एक्सईएन पंचायती राज जिले सिंह, एक्सईएन पीएचईडी करणबीर सिंह, जिला अंबाला से विभिन्न विभागों के अन्य प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

# भक्तिपूर्ण उपासना करने से सारे मनोरथ होते हैं पूर्ण : महासाध्वी प्रमिला

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। महाप्रभावी श्री** घंटाकर्ण महावीर देवता के विशेष कृपा दिवस कृष्ण चौदस पर भक्ति संगम का आयोजन श्री घंटाकर्ण महावीर तीर्थस्थान, इंद्री रोड़ में किया गया। सर्वप्रथम श्री घंटाकर्ण बीजमंत्र के सामूहिक जाप से लोकमंगल तथा सभी के कल्याण की कामना की गई। जिह्वा पर हो नाम तुम्हारा मुझको ऐसी भक्ति दो समभाव से कष्ट सहूं मैं मुझमें ऐसी शक्ति दो, आ गए घंटाकर्ण जी तेरे नाम दे पुजारी, जीवन के दाता सांसों के स्वामी यह नैया की पतवार तुमको है अर्पण, प्राणों के प्यारे दादा हमारे तुम्हें तेरा सब कुछ समर्पण समर्पण,



आदि भजनों ने सभी को भाव विभोर किया। साध्वी जागृति, कर्मवीर, जयपाल सिंह ने भक्ति गीतों से समां बांधा। महासाध्वी श्री प्रमिला जी महाराज ने महाप्रभावी श्री घंटाकर्ण देवता के संदर्भ में बतलाया कि श्री घंटाकर्ण जी बावन वीरों में तीसवें वीर शिरोमणि तथा वीरों की परिषद में सेनापति का गौरवमयी स्थान प्राप्त प्रभावशाली देवता हैं जिन्हें जैन, हिंदू तथा बौद्ध तीनों परंपराओं में विशेष पूजनीय तथा आराध्या स्थान प्राप्त है। जैन परंपरा में इन्हें चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर का शासनरक्षक देव माना जाता है। वैदिक परंपरा में इन्हें बद्रीनाथ तीर्थ का क्षेत्रपाल देवता, शिवजी का गण तथा उनके पुत्र कार्तिकेय का अभिन्न सहयोगी माना जाता है। महासाध्वी जी ने कहा कि मंत्र शास्त्रों में श्री घंटाकर्ण के मंत्रों तथा साधना-विधियों का उल्लेख मिलता है जो मनोरथ पूर्ति, संकल्प सिद्धि, भय निवारण, शारीरिक कष्ट मुक्ति, भूत-प्रेत संबंधित बाधा निवारण, राजकीय संकट से छुटकारा पाने में रामबाण औषधि के समान कार्य करती हैं। इनकी भक्ति पूर्वक उपासना करने से सारे मनोरथ पूर्ण होते हैं तथा जीवन का पथ विघ्न-बाधाओं से रहित होकर सुखों के सुकोमल एवं खुशबूदार फूलों से सुसज्जित हो जाता है। श्री घंटाकर्ण देव दरबार में सच्चे मन से आने वाला मुंहमांगी मुरादें पाता है और झोलियां भरकर ले जाता है। श्री घंटाकर्ण अतिशय प्रभावी, अलौकिक शक्तिसंपन्न, भक्तवत्सल देव है, जो नौ निधियों तथा बारह सिद्धियों से परिपूर्ण करते हैं। जीवन की दिशा और दशा बदलकर सुखों से झोलियां भरने की इनके पास अपूर्व शक्ति है। इनके प्रसन्न हो जाने पर कोई भी कुछ बिगाड़ नहीं सकता और नाराज हो जाने पर किसी के पास भी रक्षा करने की शक्ति नहीं है। बौद्ध परंपरा की मान्यता है कि श्री घंटाकर्ण जी को अनुकूल किए बिना मंत्र यंत्र तथा तंत्र की कोई साधना सफल नहीं होती।

# संतों के जीवन से लेनी चाहिए शिक्षा: कृष्ण लाल पंवार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला के गांव** मूनक में आज संत गुरु श्री 108 संत धूणी दास महाराज के पास विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार प्रेमदास आश्रम में पहुंचे। इस दौरान कृष्ण लाल पंवार ने आश्रम में हरियाणा व पंजाब से पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालुओं को संबोधित भी किया।



कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि संत एक जाति या धर्म के नहीं होते, वे सर्व समाज के कल्याण के लिए जन्म लेते हैं। गुरु रविदास महाराज व अन्य संतों ने समय-समय पर लोगों को सदमार्ग पर चलना सिखाया है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति का जीवन सेवा भावना से ओतप्रोत होना चाहिये। जीवन में अच्छे कर्म करने चाहिए। बच्चों को अच्छे संस्कार देकर अच्छी शिक्षा देनी चाहिए, ताकि देश व समाज का उत्थान हो सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार संतों व महापुरूषों के आशीर्वाद से जन कल्याण के कार्यों को आगे बढ़ा रही है। संतों ने सदैव समरसता व भाइचारे की भावना को प्रबल किया है। इनसे प्रेरणा लेकर हरियाणा सरकार महापुरूषों की जयंति हर साल सरकारी स्तर पर मना रही है, ताकि भावी पीढ़ी संतों के आदर्शों को जीवन में आत्मसात कर आगे बढ़ सके। उन्होंने कहा कि संत महापुरुष सभी धर्मों व एक समान विचारधारा की बात करते हैं। भारत देश ऋषि मुनियों का देश है।

## न्यूज फ्लैश

### प्रतिबंधित नशीली दवाइयों की खेप के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला पुलिस की क्राइम** युनिट एंटी नारकोटिक सेल टीम द्वारा गुप्त सुचना के आधार पर योजनाबद्ध तरीके से छापामारी करके लालुपुरा मोड़ मंगलौरा से दो आरोपियों अरफ पुत्र ईरफान और अन्स पुत्र ईनाम वासीयान गुलशन नगर, शामली उत्तर प्रदेश को धर दबोचा। आरोपियों के कब्जे से 2400 प्रतिबंधित ट्रामाडोल कैप्सूल व 5400 प्रतिबंधित एल्प्राजोलम गोलियां बरामद की गई। एंटी नारकोटिक सेल के प्रभारी उप निरीक्षक हिम्मत सिंह ने बताया कि उक्त आरोपियों के खिलाफ थाना मधुबन में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पूछताछ पर आरोपियों ने खुलासा किया कि उन्हें नशीली दवाईयों की यह खेप किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा दी गई थी और उन्हें व्टसअप काल के माध्यम से बताया गया था कि उन्हें मंगलौरा क्षेत्र में इस खेप की सप्लाई करनी है, जिसके लिए उन्हें मोटी रकम मिलनी थी। उन्होंने कहा कि आज दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड हासिल किया जाएगा। रिमांड के दौरान उन्हें नशीली दवाईयों की खेप उपलब्ध करवाने वाले आरोपी के संबंध में पता लगाकर, उसे भी जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

### 733 ग्राम चूरा पोस्त के साथ नशा तस्कर काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। बीती शाम दिनांक को** निलोखेडी पुलिस ने प्राप्त सूचना के आधार पर अपनी टीम के साथ अनाज मंडी गेट के पास निलोखेड़ी में नाकाबंदी करके नशा तस्करी के आरोपी दलजीत सिंह पुत्र तीर्थ सिंह वासी स्टेशन एरिया, निलोखेड़ी को काबू किया। आरोपी के कब्जे से नशे की खेप में 733 ग्राम चुरा पोस्त बरामद की गई। आरोपी के खिलाफ थाना बुटाना में नशा तस्करी का मामला दर्ज किया गया। पुलिस चौकी प्रभारी संदीप सिंह ने बताया कि आरोपी स्वयं भी नशा करने का आदि है और पैसे कमाने के लिए नशा बेचता भी है। पूछताछ पर आरोपी ने खुलासा किया कि उसने यह नशे की खेप निलोखेड़ी में ही एक ट्रक चालक से खरीदी थी। उक्त ट्रक चालक को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। आरोपी को आज अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### लव मैरिज के तीन महीने बाद बवाल, युवती ने इंस्टाग्राम पर डाले शादी के फोटो

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले में लिव इन** रिलेशनशिप के बाद शादी करने वाली एक विवाहिता ने अपने पति व उसके परिवार पर जहर देकर जान से मारने के प्रयास का गंभीर आरोप लगाया है। युवती ने अपनी शादी की तस्वीरे इंस्टाग्राम पर अपलोड की थी, जिसके बाद उसका पति भडक गया। बात इतनी ज्यादा बिगड़ी की पति ने दूसरी शादी की प्लानिंग तक कर ली। पुलिस ने महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। युवती द्वारा पुलिस को दी गई शिकायत के मुताबिक करीब तीन साल पहले युवती की दोस्ती एक युवक से हुई थी। करीब तीन महीने पहले दोनों ने लव मैरिज की और शादी के बाद पानीपत में किराए पर रहने लगे। सब ठीक चल रहा था, लेकिन कुछ समय बाद पति के व्यवहार में बदलाव आने लगा। शादी के बाद महिला ने अपनी शादी की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर डाली। इस पर पति ने गाली-गलौज करते हुए झगड़ा शुरू कर दिया। युवती ने बताया कि इसके बाद छोटी-छोटी बातों पर झगड़े बढ? लगे और उसका पति उसके साथ मारपीट तक करने लगा।

### देर रात तक खुला रहा घरौंडा तहसील कार्यालय

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। घरौंडा के तहसील** कार्यालय में बीती रात रजिस्ट्री के कार्य ने तहसील प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए। अमूमन 5 बजे बंद हो जाने वाले कार्यालय में 11 बजे तक रजिस्ट्री के कार्य ने शहर में हलचल मचा दी। रजिस्ट्री कार्य लेट तक होने का कारण सर्वर डाउन की समस्या को बताया गया। 3 बजे तक सर्वर डाउन रहा और इससे पहले कार्यालय में धड़ाधड़ टोकन काटे गए। रजिस्ट्रेशन क्लर्क की तरफ से हवाला दिया गया कि टोकन कट चुके थे और रजिस्ट्री करना जरूरी था, चाहे कितनी भी रात हो जाए। दूसरा 1 दिसंबर से स्टांप ड्यूटी बढ? की संभावना के चलते भी रजिस्ट्री करवाने वाले लोगों की भीड़ कार्यालय में पहुंच चुकी थी।

# विधायक ने किया सीसीटीवी कैमरों व टीन शैड का उद्घाटन

## हलके के लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए जल्द शुरू होंगे विकास कार्य : गहलावत

**टीम एक्शन इंडिया**

**राई। राई से विधायक** कृष्णा गहलावत ने शनिवार को अपने धन्यवादी दौर के दौरान हलके के गांव बढ़ मलिक, जठेड़ी तथा अकबरपुर बारोटा में पहुंचकर उन्होंने विधायक बनाने पर लोगों का आभार जताया। इस दौरान उन्होंने गांव बढ़ मलिक में ग्राम पंचायत द्वारा 20 लाख की लागत से लगाए गए सीसीटीवी कैमरों व 11 लाख से निर्मित टीन शैड का उद्घाटन करते हुए कहा कि चुनाव के दौरान हमारे द्वारा जारी संकल्प पत्र में कहें तमाम वायदों को पूरा करने के लिए सरकार पहले दिन से ही लगी हुई है। जनता से जो



वायदे बीजेपी ने किये थे, उन्हें पूरा करने के लिए हम तत्पर है। उन्होंने कहा कि हलके के लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए जल्द ही कार्य शुरू कर दिए जाएंगे, इसको लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की गई है और उन्हें कड़े निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी कार्य में क्वालिटी व समय सीमा के साथ समझौता नहीं किया जाएगा। इसलिए सभी कार्य क्वालिटी और समय सीमा में पूरे किए जाएं ताकि लोगों को मूलभूत सुविधाएं मिल सके। विधायक ने लोगों की समस्याएं सुनी और और मौके पर ही संबंधित विभाग के अधिकारियों को उनके समाधान के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने आप लोगों के सहयोग से लगातार प्रदेश में प्रचंड बहुमत हासिल कर तीसरी बार सरकार बनाकर इतिहास रचा है। धन्यवादी दौरे के दौरान विधायक ने कहा कि सरकार ने समाधान शिविर के माध्यम से जनता की समस्याओं का त्वरित निवारण करने की दिशा में एक अनूठा एवं सार्थक कदम उठाया है।

# सीएम व मनोहर लाल ने विधायक आनंद की बेटी को दी शादी की बधाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। मुख्यमंत्री नायब** सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री व करनाल के सांसद मनोहर लाल शनिवार को करनाल प्रवास पर रहे।



मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री शादी समारोह में पहुंचे। यहां उन्होंने करनाल के विधायक श्री जगमोहन आनंद की बेटी देवना को शादी की बधाई दी। उन्होंने नवदंपति देवना और सुमन्यु को आशीर्वाद दिया तथा परिजनों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस मौके पर विधानसभा स्पीकर हरविंद्र कल्याण, इंद्री विधायक व चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप, विधायक भगवानदास कबीरपंथी, विधायक योगेंद्र राणा, जिला अध्यक्ष बृज गुप्ता, पूर्व मेयर रेणु बाला गुप्ता, जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त उत्तम सिंह, पुलिस अधीक्षक गंगाराम पूनिया भी उपस्थित रहे।

# गोवंश संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध: कौशिक

**टीम एक्शन इंडिया**

**राई। गांव जाखौली** स्थित श्री जयराम पंचायती गौशाला में आयोजित गौ सेवक सम्मान समारोह में पहुंचकर वरिष्ठ



भाजपा नेता माईराम कौशिक ने गौशाला को 5 लाख रुपए दान के रूप में देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि हिन्दू धर्म में गौ माता की सेवा सबसे बड़ा धर्म है। इसलिए हर नागरिक को गौसेवा के लिए कार्य करने चाहिए ताकि हमारी गौमाता कहीं भी बेसहारा न घूमे। उन्होंने कहा कि मैं बहुत ही सौभाग्यशाली हूँ कि इस पवित्र पर्व पर मुझे गौ माता की सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार भी गोवंश संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रदेश प्रतिबद्ध है और हर वर्ष गौशालाओं की देखभाल के लिए अनुदान राशि में वृद्धि कर रही है।

इस अवसर पर पानीपत ब्राह्मण सभा के जिला प्रधान सतीश गौतम भी मौजूद थे।

# अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2024: 'मेरा प्रिय गीता श्लोक' प्रतियोगिता का अनूठा आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: जिला** सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी राकेश गौतम ने बताया कि कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2024 के शुभ अवसर पर एक विशेष प्रतियोगिता "मेरा प्रिय गीता श्लोक" का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता उन लोगों के लिए एक शानदार अवसर है जो भगवद गीता के श्लोकों से प्रेरित होकर अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का अनुभव कर चुके हैं। इस अनूठी पहल के माध्यम से प्रतिभागी न केवल अपने अनुभवों को साझा कर सकेंगे, बल्कि भगवद गीता के शाश्वत ज्ञान को जन-जन तक पहुंचाने में भी योगदान देंगे। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य भगवद गीता के महान संदेश को विश्वभर में फैलाना और उन लोगों की कहानियों को उजागर करना है, जिन्होंने गीता के श्लोकों से मार्गदर्शन प्राप्त किया है। इस आयोजन के तहत प्रतिभागियों को अपने प्रिय गीता श्लोक के बारे में एक छोटा वीडियो तैयार करना है, जिसमें वह यह बताएंगे कि यह श्लोक उनके जीवन में किस प्रकार से प्रेरणा का स्रोत बना। ये वीडियो ह्लट८ ॠद्धङ्क४१३ी रॅ'ङ्क' ल्ल ॠद्धंह्व नामक यूट्यूब चैनल पर अपलोड किए जाएंगे, जहां इन्हें लाखों दर्शक देख सकेंगे। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए वीडियो की अधिकतम अवधि 40 सेकंड रखी गई है। प्रतिभागियों को वीडियो के साथ टाइटल, अपना नाम, फोन नंबर और पता भेजना होगा। सभी प्रविष्टियां 11 दिसंबर 2024, शाम 5:00 बजे तक स्वीकार की जाएंगी। वीडियो को ईमेल के माध्यम से पर भेजा जा सकता है। प्रतियोगिता में विजेता का चयन सबसे अधिक देखे जाने वाले वीडियो के आधार पर किया जाएगा।

# घर से बिना बताए निकली, मोबाइल ले गई साथ

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के घरौंडा** थाना क्षेत्र के एक गांव से 13 वर्षीय नाबालिग घर से लापता हो गई। नाबालिग उस वक्त घर से निकली, जब उसकी मां सो रही थी। वह अपने साथ मोबाइल फोन भी लेकर गई है। परिजनों ने उसे आसपास और रिश्तेदारों में ढूंढने का प्रयास किया, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता मां ने बताया कि वह मेहनत.मजदूरी करती हैं और उनके चार बच्चे हैं। उनकी सबसे छोटी बेटी 13 वर्ष की है। वह घर पर ही रहती थी।

# गौशाला का बनेगा शेड: विधायक गहलावत

**टीम एक्शन इंडिया**

**राई। विधायक कृष्णा** गहलावत ने गांव जाखौली स्थित श्री जयराम पंचायती गौशाला में आयोजित गौ सेवक सम्मान समारोह में बतौर मुख्यतिथि शिकरत करते हुए गौशाला में बनने वाले शैड के लिए अपने निजी कोटे से 1 लाख देने की घोषणा की। इससे पहले उन्होंने अपने हाथों से गौ माता को चारा व गुड़ खिलाया और गौ माता का आशीर्वाद लिया। गौ सेवकों को संबंधित करते हुए विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि गौ माताएं सर्वश्रेष्ठ, पवित्र, पूजनीय और संसार भर में उत्तम हैं।

इनके दूध, दही, घी के बिना संसार में यज्ञ सम्पन्न नहीं होते। विधायक ने कहा कि उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार भी प्रदेश की गौशालाओं को आत्मनिर्भर एवं



स्वावलंबी बनाने के लिए अनेकों योजनाएं लागू की है। उन्होंने कहा कि गौशालाओं को आर्थिक मदद देने के लिए सरकार ने बिजली के बिल को भी 2 रुपए प्रति यूनिट किया है जो कि पहले 8 रुपए प्रति यूनिट था। इसके अलावा गौशालाओं को मिलने वाले बजट को भी बढ़ाकर दस गुणा किया है जो अब 510 करोड़ कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि गौशालाओं में सौलर प्लांट लगाने पर सरकार द्वारा 90 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि और भी अनेकों योजनाएं है जिनका सीधा लाभ आज गौशालाओं को मिल रहा है। हरियाणा गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्रवण कुमार गर्ग गौशाला के संचालकों का आह्वान किया कि वे गौशालाओं को औद्योगिक इकाईयों के रूप में विकसित करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा गौशालाओं को अनुदान राशि पर सौलर पैनल, बायोगैस प्लांट लगाने, गौशाला में प्रयोग होने वाले यंत्र भी उपलब्ध करवा रही है। इस मौके पर गौ सेवा आयोग के सदस्य राकेश मलिक, गौशाला के अध्यक्ष कपूर चंद गोयल, उपाध्यक्ष जयराम शर्मा, अनिल जाखौली, सुधीर कुमार, अशोक रोहिला, नंद किशौर चौहान, दिनेश कुमार, विनोद कुमार, संजय बंसल, राजेन्द्र तुशीर, संजय भारद्वाज, पवन गर्ग, कृष्ण कुमार, हरिश मक्कड़, प्रेम सिंह चौहान, प्रवीन, मनोज त्यागी, दर्शन त्यागी, दिनेश चौहान, नरेश खुर्मपुर, विनोद बैरागी, विनोद चौपड़ा, सुशील चौहान सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# खरखौदा में सड़क हादसे में स्टूडेंट ने गवाया अपना पैर

**खरखौदा/ सोनीपत/**
**सोमपाल सैनी**

**खरखौदा के दिल्ली** चौक फ्लाईओवर के नीचे हुए सड़क हादसे में एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से टक्कर मारकर उसका पैर कुचल दिया। रोहतक के भैंसरु खुर्द निवासी अभिषेक मुखर्जी नगर से शादी में शामिल होने अपने गाँव आया था, शादी समारोह से वापसी सड़क हादसे का शिकार हो गया। आपको बता दे कि बीते 16 नवंबर की रात शादी समारोह से लौटते समय, दिल्ली चौक बाईपास पर ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।



हादसे में ट्रक का टायर उनके पैर पर चढ़ गया जबकि ट्रक चालक फरार हो गया। अभिषेक ने किसी तरह परिवार को सूचना दी। उन्हें रोहतक के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ डॉक्टरों को उनका एक पैर काटना पड़ा। अभिषेक की शिकायत पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# जापान और भारत के बीच जीका प्रोजेक्ट हुआ एमओयू साइन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जापान की** फूड एंड एग्रीकल्चर की फर्स्ट सैक्रेटरी मिस ओटा मासामी ने घरौंडा के इंडो-इजराइल प्रोजेक्ट सब्जी उत्कृष्टता केंद्र का दौरा किया। जहां उन्होंने केंद्र के कार्यों, बागवानी विभाग की गतिविधियों और कृषि क्षेत्र में जापान-भारत सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा की। इस दौरान बागवानी विभाग के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. बिल्लु यादव ने उन्हें सिंचाई प्रणालियों और ऑर्गेनिक फार्मिंग के बारे में जानकारी दी। मिस ओटा ने जापान और हरियाणा के बीच कृषि सहयोग को और बढ़ाने की बात की और जीका प्रोजेक्ट के तहत



भविष्य में और परियोजनाओं पर काम करने की संभावना जताई। इसके साथ ही जीका प्रोजेक्ट के तहत 2700 करोड़ रुपए के आर्थिक समर्थन से किसानों के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर विकास और फसल उत्पादन में नुकसान कम करने की योजना बनाई गई है। जो दो चरणों में लागू होगा। सीइवी में बागवानी विभाग के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. बिल्लु यादव ने जापानी डेलीगेशन को सेंटर के स्ट्रक्चर, पोली हाउस में उगाई जा रही बेमौसमी सब्जियों, सिंचाई प्रणालियों और ऑर्गेनिक फार्मिंग से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे सेंटर इजराइल के साथ मिलकर नई तकनीकों का उपयोग कर रहा है। जो भारत के किसानों के लिए लाभकारी साबित हो सकती हैं। मीडिया से बातचीत में मिस ओटा मासामी ने कहा कि जापान की कई कंपनियां कृषि क्षेत्र में हरियाणा के साथ मिलकर काम कर रही हैं, और भविष्य में जापान हरियाणा सरकार के साथ मिलकर जीका प्रोजेक्ट के तहत और भी परियोजनाओं पर काम करेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में हरियाणा के किसानों के लिए और अधिक सहयोग की संभावनाएं तलाशी जाएंगी।

डॉ.बिल्लु यादव ने बताया कि जीका प्रोजेक्ट के तहत भारत और जापान के बीच एक समझौता हुआ है, जिसके माध्यम से किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए कई योजनाएं तैयार की जा रही है। इसके अंतर्गत केंद्र ने यह भी जानकारी दी कि जापान द्वारा फाइनेंशियल सपोर्ट प्रदान किया जा रहा है और इस प्रोजेक्ट के जरिए राज्य में और अधिक इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जाएगा। जीका प्रोजेक्ट पर वर्क कर रहे डॉ. सुधीर यादव ने बताया कि अक्सर किसानों को अपने उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने में 25-30 प्रतिशत नुकसान का सामना करना पड़ता है। इस नुकसान को कम करने के लिए सरकार ने कई योजनाएं बनाई हैं। जिनमें 2700 करोड़ रुपए का एक प्रोजेक्ट भी शामिल है।

# तीसरी इंटर हाउस भजन प्रतियोगिता का आयोजन किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह)**

**चंदन बाल विकास** पब्लिक स्कूल आट्टा में कक्षा पहली से तीसरी इंटर हाउस भजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रत्येक सदन के 8 - 8 बच्चे भाग लिया । बच्चों ने श्री राम, श्रीकृष्ण आदि से संबंधित भजन अपने सुरीले स्वर में प्रस्तुत किए जिनसे वातावरण बिल्कुल भक्तिमय हो गया नीर-क्षीर विवेकी निर्णायक मंडल की भूमिका सभी सदनाध्यक्ष ने बखूबी निभाई।सुर और लय की सूक्ष्म कर्मियों को देखते हुए




परिणाम इस प्रकार रहा। प्रथम स्थान डेजी हाउस,द्वितीय स्थान रोज हाउस व तृतीय स्थान सनफ्लावर हाउस ने प्राप्त किया। तदुपरांत खेल- शिक्षक विकास ने कक्षा चौथी से सातवीं व कक्षा आठवीं से ग्यारहवीं इंटर हाउस कबड्डी खेल प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया जिसमें दो समूह बनाए गए और सभी में 12-12 बच्चे भाग लिया । प्रधानाचार्य अनिल कुमार हरि झण्डी दिखा कर खेल को प्रारंभ किया गया ।

## संपादकीय

# पाठ्यक्रम में रचनात्मकता का महत्व जरूरी

**जैसे-जैसे** शिक्षा की दुनिया विकसित हो रही है, एक आम सहमति उभर रही है कि शिक्षा के भविष्य को परिभाषित करने के लिए रचनात्मकता आवश्यक है। पाठ्यपुस्तकों और मानकीकृत मूल्यांकनों पर भरोसा करने के बजाय, छात्रों की क्षमता को उजागर करने के साधन के रूप में पाठ्यक्रम के प्रति रचनात्मक दृष्टिकोण तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। रचनात्मकता न केवल एक कला है बल्कि एक संज्ञानात्मक क्षमता भी है जो कई विषयों तक फैली हुई है और छात्रों को महत्वपूर्ण सोच और समस्या-समाधान कौशल विकसित करने में सक्षम बनाती है। शिक्षक एक ऐसा वातावरण बना सकते हैं जो शैक्षिक पाठ्यक्रम में रचनात्मक तत्वों को शामिल करके शिक्षार्थियों को विभिन्न नवाचारों और कौशल पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित करता है। एक रचनात्मक पाठ्यक्रम विविध शिक्षण शैलियों और प्राथमिकताओं को समायोजित करता है। छात्रों को अपनी शैक्षिक यात्रा में स्वायत्तता और वैयक्तिकरण की भावना को बढ़ावा देते हुए, अपने हितों का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। सभी कौशल मस्तिष्क से शुरू होते हैं। चाहे ब्रेस्टस्ट्रोक तैरना सीखना हो या किसी समीकरण को हल करना, यह सब मस्तिष्क के सही क्षेत्र में न्यूरॉन्स के बार-बार सक्रिय होने से शुरू होता है जब तक कि आप इसमें महारत हासिल नहीं कर लेते। रचनात्मकता की सही मात्रा बच्चों को नई चीजें सीखने के लिए प्रेरित करती है और नवाचार को बढ़ावा देती है। नवोन्मेषी शैक्षिक वातावरण में छात्रों के सीखने के तरीके को महत्वपूर्ण रूप से बदलने और जो कुछ वे सीखते हैं उसे वास्तविक दुनिया में लागू करने की शक्ति होती है। भावनात्मक और सामाजिक विकासः रचनात्मक गतिविधियों में अक्सर आत्म-अभिव्यक्ति और सहयोग शामिल होता है, जो भावनात्मक और सामाजिक कौशल विकास में योगदान देता है। छात्र खुद को आत्मविश्वास से व्यक्त करना और दूसरों के दृष्टिकोण को समझना सीखते हैं। उन्नत आलोचनात्मक सोचः यह छात्रों को गंभीर रूप से सोचने, जानकारी का विश्लेषण करने और समस्या-समाधान कौशल विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करता है। इससे, बदले में, उनकी समग्र संज्ञानात्मक क्षमताओं में सुधार होता है। कौशल विकासः छात्रों में कौशल विकास की एक विस्तृत श्रृंखला है। एक बार रचनात्मक गतिविधियों में संलग्न होने के बाद अक्सर उनके संचार कौशल, सहयोग क्षमता और अनुकूलन क्षमता में वृद्धि होती है। बढ़ी हुई व्यस्तता और प्रेरणाः पाठ्यक्रम में रचनात्मक तत्व सीखने को अधिक मनोरंजक और छात्रों के हितों के लिए प्रासंगिक बनाते हैं। यह बढ़ी हुई व्यस्तता आंतरिक प्रेरणा को बढ़ावा देती है, जिससे प्रयास, भागीदारी और शैक्षणिक कार्यों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण बढ़ता है। वैयक्तिकृत शिक्षणः रचनात्मक गतिविधियों में शामिल होने से छात्रों को विविध शिक्षण शैलियों को पूरा करते हुए अभिव्यक्ति के विभिन्न रूपों को विकसित करने की अनुमति मिलती है। उदाहरण के लिए, जो छात्र पारंपरिक तरीकों से संघर्ष करते हैं, वे आगे बढ़ सकते हैं जब उन्हें खुद को रचनात्मक रूप से व्यक्त करने की अनुमति दी जाती है, जिससे सीखने का माहौल अधिक समावेशी और प्रभावी हो जाता है।

# हमारी संसद: नौ दिन चले अढ़ाई कोस



राकेश अचल

> लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा- सहमति-असहमति लोकतंत्र की ताकत है। मैं आशा करता हूं सभी सदस्य सदन को चलने देंगे। देश की जनता संसद के बारे में चिंता व्यक्त कर रही है। सदन सबका है, देश चाहता है संसद चले। लेकिन संसद नहीं चली और लोकसभा के साथ ही राज्यसभा की कार्यवाही सोमवार 2 दिसंबर तक स्थगित कर दी गई।बिरला साहब ने सदन चलाने कि लिए क्या कोशिश की ये किसी को नहीं पता ,क्योंकि उन्होंने शायद कोई कोशिश की ही नहीं। की होती तो उसका कुछ न कुछ नतीजा जरूर निकलता।वे सदन चलने से ज्यादा सदन की कार्रवाई स्थगित करने में दक्ष दिखाई देते हैं। यही बात राज्य सभा में माननीय धनकड़ साहब पर लागू होती है।
> मुझे लगता है कि संसद हंगामें की वजह से नहीं बल्कि सत्तापक्ष की वजह से नहीं चल रहा

**भारतीय** लोकतंत्र सबसे पुराना है। पुरानी हैं इसकी रिवायतें,लेकिन इसी लोकतंत्र की रक्षा केलिए बनी हमारी संसद आजकल चल नहीं पा रही । लोकसभा अध्यक्ष हों या राज्य सभा अध्यक्ष वे अपने-अपने सदनों को सुचारु रूप से चलाने में नाकाम साबित हुए है । सरकार और वविपक्ष के बीच का गतिरोध है की टूटने का नाम ही नहीं ले रहा । देश की राजधानी दिल्ली प्रदूषण की चपेट में है और देश की संसद हंगामे में डूबी है। संसद को हंगामे से उबारने की कोई गंभीर कोशिश नजर नहीं आ रही। संसद को देखकर लगता है कि - नौ दिन चले अढ़ाई कोस वाली कहावत शायद इसके लिए ही बनी है।

आपको याद है कि संसद के शीतकालीन सत्र की शुरूआत 25 नवंबर को हुई थी।दोनों सदनों में 4 दिन में सदन की कार्यवाही सिर्फ 40 मिनट चली। हर दिन औसतन दोनों सदन (लोकसभा और राज्यसभा) में करीब 10-10 मिनट तक कामकाज हुआ।अब संसद 2 दिसंबर के बाद ही बैठेगी। लोकसभा और राज्यसभा में विपक्ष ने अडाणी और संभल मुद्दा उठाया। विपक्षी सांसद कार्यवाही के दौरान लगातार हंगामा करते रहे। स्पीकर ने कई बार उन्हें बिठाने की कोशिश की, मगर विपक्ष शांत नहीं हुआ।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा- सहमति-असहमति लोकतंत्र की ताकत है। मैं आशा करता हूं सभी सदस्य सदन को चलने देंगे। देश की जनता संसद के बारे में चिंता व्यक्त कर रही है। सदन सबका है, देश चाहता है संसद चले। लेकिन संसद नहीं चली और लोकसभा के साथ ही राज्यसभा की कार्यवाही सोमवार 2 दिसंबर तक स्थगित कर दी गई।बिरला साहब ने सदन चलाने कि लिए क्या कोशिश की ये किसी को नहीं पता ,क्योंकि उन्होंने शायद कोई कोशिश की ही नहीं। की होती तो उसका कुछ न कुछ नतीजा जरूर निकलता।वे सदन चलने से ज्यादा सदन की कार्रवाई स्थगित करने में दक्ष दिखाई देते हैं। यही बात राज्य सभा में माननीय धनकड़ साहब पर लागू होती है।

मुझे लगता है कि संसद हंगामें की वजह से नहीं बल्कि सत्तापक्ष की वजह से नहीं चल रहा । सत्तापक्ष संसद को चलाना ही नहीं चाहता,यदि सत्तापक्ष की मंशा संसद को चलाने की होती तो सत्तापक्ष दरियादिली दिखाता और विपक्ष जिन मुद्दों पर बहस की मांग कर रहा है ,उन सभी मुद्दों पर बहस करता ,लेकिन ऐसा हो नहीं रहा । विपक्ष के सामने सत्ता पक्ष का टेसू अड़कर खड़ा हुआ है। टेसू को कोई समझा-बुझा नहीं पा रह। सदन चलाने के लिए जिम्मेदार लोग कायदे-कानून से ज्यादा अपनी प्रतिष्ठा को लेकर अड़े हुए हैं, अन्यथा सदन का संचालन करने वाले चाहें तो सदन चल सकता है।

दुर्भाग्य ये है कि संसद का संचालन पीठासीन अधिकारियों के विवेक से नहीं बल्कि सत्तापक्ष के निदेर्शों चालने की कोशिश की जा रही है ,और यही समस्या की असल जड़ है। संसद जब तक सत्तापक्ष की कठपुतली बनी रहेगी,तब तक इसे चलाना नामुमकिन है। सत्ता पक्ष को अपनी हठधर्मी आज नहीं तो कल छोड़ना पड़ेगी। सवाल ये है कि विपक्ष द्वारा उठाये जाने वाले मुद्दों पर बातचीत करने से कौन सा पहाड़ टूटने वाला है ?

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुलगांधी ने बुधवार को संसद के बाहर कहा था कि अडाणी पर अमेरिका में 2 हजार करोड़ की रिश्वत देने का आरोप है। उन्हें जेल में होना चाहिए। मोदी सरकार उन्हें बचा रही है।तो राहुल के इस आरोप पर सरकार को सदन में जबाब देने में क्या परेशानी है। ? आखिर सरकार ने सदन से बाहर इस मामले में अपना पक्ष सार्वजनिक किया ही है न ? मोदी सरकार ने शुक्रवार को इस मामले को लेकर सदन के बाहर सफाई देते हुए कि अमेरिका द्वारा अभी तक किसी तरह का अनुरोध नहीं किया गया है। सरकार के विदेश मंत्रालय ने कहा कि अडाणी ग्रुप की कंपनियों के खिलाफ अमेरिका की कार्रवाई में सरकार की किसी भी तरह की कोई भूमिका नहीं है।यही सब तो सरकार को संसद के भीतर कहना है ,लेकिन सरकार ऐसा नहीं कह रही ,क्योंकि इसकी मांग विपक्ष ने की है।

दुर्भाग्य की बात ये है कि सदन के नेता प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी जी को जो सदन में कहना है वो सब वे आम सभाओं में कह रहे है। प्रधानमंत्री जी का ये आचरण उनकी अहमन्यता का प्रतीक है । वे सदन के चलते विवादित मुद्दों पर सदन के बाहे बोलकर सदन की अवमानना कर रहे हैं,लेकिन उन्हें समझाये कौन ? सदन के पीठासीन अधिअक्रियों में से किसी में इतना नैतिक या कानूनी साहस नहीं है कि वो प्रधानमंत्री को सदन में विवादित मुद्दों पर बोलने के लिए कहे । कभी-कभी लगता है कि सदन के अध्यक्ष सदन के प्रति नहीं बल्कि सरकार के प्रति निष्ठावान हैं। अन्यथा सदन में स्पीकर के लिए चाहे प्रधानमंत्री हो या एक सामान्य संसद सब बराबर हैं। हैरानी की बात ये है कि संसद को लेकर सभी पक्षों का आचरण एक जैसा है । इधर संसद स्थगित होती है उधर प्रधानमंत्री हों या विपक्ष के नेता आम सभाएं करने निकल पड़ते हैं और उन्हें जो बातें सदन में करना चाहिए वे ही बातें वे आमसभाओं में करते हैं । प्रधानमंत्री जी भुवनेश्वर में गरज रहे हैं तो राहुल गांधी वायनाड में।

राज्यसभा में विपक्षी सांसदों की लगातार नारेबाजी के बीच सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा, इसे जायज नहीं ठहराया जा सकता। हम बहुत खराब मिसाल कायम कर रहे हैं। हमारे काम जनता-केंद्रित नहीं हैं। हम अप्रासंगिकता की ओर बढ़ रहे हैं। गनीमत ये है कि अभी धनकड़ साहब केवल सदन की कार्रवाई स्थगित कर रहे है। अभी उन्होंने किसी सदस्य को डाटा-फटकारा या निलंबित नहीं किया है ,अन्यथा वे जब चाहे तब ऐसा कर सकते हैं। यही हाल लोकसभा अध्यक्ष माननीय ओम बिरला साहब का है। वे सदस्यों की आँखों में आँखें डालकर बात करने के बजाय दिशा निदेर्शों के लिए सत्तापक्ष की और कनखियों से ताकते नजर आते हैं। और शायद यह वजह है कि राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ और विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे धनखड़ साहब को लाजबाब कर देते हैं। धनकड़ साहब ने खड़गे से कहा कि हमारे संविधान को 75 साल पूरे हो रहे हैं। उम्मीद है आप इसकी मयार्दा रखेंगे। इस पर खड़गे ने जवाब दिया कि इन 75 सालों में मेरा योगदान भी 54 साल का है, तो आप मुझे मत सिखाइए।

आपको बता दें कि संसद की कार्रवाई पर प्रति घंटे डेढ़ करोड़ रुपया खर्च होता है ,लेकिन ये पैसा जनधन है इसलिए किसी को इसकी बबार्दी की फिक्र नहीं है। संसद के सामनेशीतकालीन सत्र के दौरान कुल 16 विधेयक पेश किए जाने हैं। इनमें से 11 विधेयक चर्चा के लिए रखे जाएंगे। जबकि 5 कानून बनने के लिए मंजूरी के लिए रखे जाएंगे।

वन नेशन, वन इलेक्शन के लिए प्रस्तावित विधेयकों का सेट अभी सूची का हिस्सा नहीं है, हालांकि कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया है कि सरकार इसे सत्र में ला सकती है। लोकसभा से पारित एक अतिरिक्त विधेयक भारतीय वायुयान विधेयक राज्यसभा में मंजूरी के लिए लंबित है।लेकिन ये सब काम तो तब निबटे जब सदन में हंगामा बंद हो। सरकार तो लगता है की ये सब काम सदन में आखरी दिन ध्वनिमत से करा ही लेगी ,उसे जनमत की फिक्र न पहले थी और न आगे होगी।



## कविता

लंबी उम्र की ना दुआ किया करो।

दिल में हर दर्द छुपा लिया करो,
यादों को दिल में बसा लिया करो।

इश्क छुपाना इतना होता नहीं आसां,
मेरा नाम सरेआम बता दिया करो।

हर दर्द की दास्तां है जुदा जुदा,
न कानाफूसी में झुठला दिया करो।

मिलने की खुशियां चंद लम्हों की,
जुदाई के दर्द को दबा लिया करो।

सन्नाटे का शोर क्यों है इतना रातों में,
शोर को खामोशी में छुपा लिया करो।

इश्क में तुम्हारी दुनिया लुट गई मेरी,
लंबी उम्र की ना दुआ किया करो।

पहली नजर में ही मर मिटे संजीव
लंबी उम्र की ना दुआ किया करो ।

संजीव

# कॅरिअर ग्रोथ के लिए कौशल हो आधार

**विजय गर्ग**

**इन्फॉर्मेशन** ऐज की दुनिया में कौशल ज्ञान के दायरे को बढ़ाना लगभग सभी पेशेवरों व युवाओं की मांग है। जिस दोगुनी गति से लोगों के लिए एवरग्रीन सेक्टर में नौकरी की संभावनाएं बढ़ रही हैं, उसे देखते हुए हमें एक बेहतर कॅरिअर निर्माण के लिए खुद को नई तकनीकों के अनुरूप ढालने व यूं कहे परिचित होने की नितांत आवश्यकता है। बेहतर कॅरिअर ग्रोथ के लिए लाजमी है कि आप स्वयं के लिए नए विकल्प तलाशें और खुद से प्रश्न करें कि कैसे आप जीवन में नए कौशलों से अपग्रेड हो सकते हैं। कॅरिअर पर प्रभाव डालने वाले कौशल अगर आप कॅरिअर के अभी शुरूआती दौर में हैं तो सबसे पहले आपको यह जानना होगा कि कौन से कौशल की इस डिजिटल दुनिया में अधिक मांग है और यह कैसे आपके दीर्घकालीन जीवन में प्रभाव डाल सकते हैं। दरअसल डिजिटल माहौल के तेजी से बदलते इस दौर में कौशल की मांग को पहचानने का यह पहला कदम है। जब आप स्वयं के विकास के लिए कौशल की पहचान कर लेते हैं, तब आप खुद के लिए आत्म-विकास की दिशा में सही कौशल का चुनाव कर पाने में भी कामयाब हो जाते हैं। मौजूदा कौशल व पसंदीदा कॅरिअर का मेल

कौशल सेट को बढ़ाने के लिए आपको यह समझना भी बेहद जरूरी है कि आपके मौजूदा कौशल और अनुभव आपके पसंदीदा कॅरिअर के साथ मेल खाते हैं या नहीं। साथ ही क्या आपके पास उन कौशलों की कमी है जो आपके पसंदीदा कॅरिअर मार्ग के साथ मेल खाते हैं? अक्सर जब भी आप यह सवाल खुद से पूछते हैं तो आपको यह समझने में मदद मिलती है कि अभी किन कौशलों को विकसित करने की आवश्यकता है।

विभिन्न स्रोतों से सीखें कौशल

अपने कौशल ज्ञान के दायरे को बढ़ाने के लिए उपलब्ध स्रोतों की जांच करना आपके लिए बेहद जरूरी है। आपका यह मूल्यांकन करना भी जरूरी है कि कौन से ऑनलाइन कोर्स, वर्कशॉप या प्रमाणपत्र की मदद से आप भविष्य के लिए नए कौशल के अवसर का विकास कर सकते हैं। सही मेंटर का करें चुनाव

किसी क्षेत्र के बारे में जानकारी लेनी हो या कॅरिअर ग्रोथ के लिए मशविरा एक मैटर दोनों ही परिस्थितियों में आपका साथ बखूबी निभाता है। मेंटर द्वारा दिए जाने वाले सुझाव आपके कॅरिअर का सही चुनाव कर बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। इसलिए अगर आप सही मॅटर का चुनाव करते हैं तो यह न केवल आपको भविष्य में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में मदद करता है, बल्कि आपका व्यक्तिगत विकास करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## विचार

# योग की माया निरोगी काया

**योग** स्वयं के माध्यम से स्वयं की यात्रा है' अवार्चीन भारतीय दर्शन शास्त्र की पाठशाला में एक महत्वपूर्ण एवं अद्भुत पाठशाला योग भी है' योग शब्द मूलतः संस्कृत की भाषा से उपजा शब्द है। योग शब्द की उत्पत्ति संस्कृत के शब्द युज,से हुई है इसके दो अर्थ है पहला अर्थ जोड़ना तथा दूसरा बहुत ही वृहद व्यापक शब्द अनुशासन है। योग से उसके अभ्यास के कारण शरीर तथा मस्तिष्क में एक सामंजस्य और संबंध बन जाता है, जिससे मस्तिष्क शांत तथा अनुशासित रहता हैं। यह व्यायाम का ही एक अंग है,जिससे शरीर तथा मन नियंत्रित रह कर जीवन को परिस्थितियों के अनुकूल एवं सफल बनाता है। योग स्वस्थ जीवन जीने का एक विज्ञान है। यह एक प्रकार की यौगिक औषधि है, वह हमारे शरीर के काम करने के तरीकों को धीरे-धीरे बेहतर कर शिथिल अंगों को स्वयं हल्के हल्के ठीक कर देता है। निरोगी काया श्रेष्ठ जीवन का वरदान होती है। यदि आप निरोगी और स्वस्थ हैं तो आप सफलतम व्यक्ति बन सकते हैं धन लिप्सा आकांक्षा लालच से योग मुक्त कर एक खुशनुमा जीवन जीने की जीजिविषा तथा जुजुस्ता पैदा करता है। योग जीवन की एक कला है जो वर्तमान परिवेश में और भौतिक जगत में अत्यंत प्रासंगिक भी है। योग हमें शारीरिक तथा मानसिक रूप से स्वस्थ रखने का एक सशक्त माध्यम है हम सबको, आपको लगता है कि आज के आधुनिक जीवन में हमें एक बहुत अस्त व्यस्त तथा मानसिक असंतुलन वाली जीवन शैली मिली है। यह सभी अनियमित भोजन की आदतों, अभाव या अनुचित नींद या लंबे समय तक कठोर श्रम करने के कारण प्राप्त हुई है। नई पीढ़ी के बच्चे, युवा स्वस्थ जीवन शक्ति सार्वजनिक लचीलापन ऊर्जा और रोगों के लिए प्रतिरोधात्मक क्षमता की खोज में लगे हुए है,और सही सहीं माना जाए तो इन सब का जवाब योग अभ्यास में ही है।

योग के आसन प्राणायाम और ध्यान से संयमित शरीर और आत्मा के साथ संतुलित जीवन शैली को प्राप्त किया जा सकता है। और इस जीवन में हम अपने को शक्तिवान,ऊर्जावान महसूस करने लगते हैं। योगाभ्यास के जरिए न केवल बीमारियों से छुटकारा पाया जा सकता है बल्कि स्वयं के अंदर एक नई ऊर्जा का संचार भी किया जा सकता है। अपने बेडौल शरीर को भी योग अभ्यास के जरिए सही आकार में लाने का यह सर्वाधिक सुरक्षित आसान और कारगर तथा लागत विहीन जरिया है। योग्य के वैसे तो कर्म योग, भक्ति योग,ज्ञान योग, राजयोग और हठयोग भी अलग-अलग विभेद हैं, पर सभी पांचों योगों के अलग-अलग तरीके तथा अलग-अलग फायदे हैं। कर्म योग सदैव दूसरों की सेवा के लिए प्रेरित करता है। और इसका मूल्य देश सामाजिक कल्याण यह समाज सेवा ही है। भक्ति योग हमें ईश्वर की साधना कैसे की जाए, यह पाठ पढ़ाता है ।भक्ति योग मनुष्य के अंदर हृदय तथा मस्तिष्क को संतुलित कर एक सकारात्मक ऊर्जा की ओर प्रेरित करता है।भक्ति योग एक प्रकार का मानसिक योग है जिससे मन शांत रहकर सहिष्णुता की उत्पत्ति होती है, यह अहिंसक मार्ग की ओर प्रेरित करता है। ज्ञान योग बुद्धि के विकास एकाग्रता बढ़ाने तथा समाजिक ज्ञान विज्ञान की प्रेरणा देते एवं अध्ययन मनन में मनुष्य की सहायता करता है।

राजयोग सर्वाधिक प्रचलित कथा लोकप्रिय योग है। यह योग की सबसे महत्वपूर्ण विधा है इसमें यम, नियम, आसन, प्राणायाम,प्रत्याहार धारणा और ध्यान या समाधि इसमें परम आनंद की प्राप्ति या मोक्ष प्राप्ति की विधाओं के बारे में विस्तृत वर्णन है। योग का इतिहास पांच सौ साल पुराना है। पश्चिमी देशों के लोगों का परिचय योग से तब हुआ जब स्वामी विवेकानंद ने अपने शिकागो की यात्रा के समय लोगों को योग के महत्व के बारे में व्यापक रूप से बताया था। इसके बाद पूरे विश्व में योग के प्रचार प्रसार के लिए कई योग गुरु ने अनथक प्रयास कर योग को विश्वव्यापी फलक पर विराजमान किया। पहली बार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2015 को मनाया गया।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## व्यंग्य

# विकास की रफ्तार, भले हो गड्ढों की भरमार

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

**गांव** में नलों से पानी की बहार आई है। ऐसा कोई चश्मदीद नहीं जो नलों से गिरती बूंदों को देख न उत्साह से भरा हो। नल खुलते ही धारा ऐसे बहती है मानो वर्षों की आस पूरी हो रही हो। लेकिन ये पानी नहीं, कोई अदृश्य तरल है, जो दिखता पानी की तरह है, पर असल में हवा का वो प्रवाह है जो कागज पर बहता है। सरकार ने कहा कि हर घर में पानी पहुंचेगा, और सचमुच पहुंचा भी, बस फर्क इतना है कि पानी की जगह दावे और आंकड़े बह रहे हैं।

सत्य तो यह है कि हर किसी ने अपने घर के नल के सामने बैठकर घंटों इन अदृश्य धाराओं का अध्ययन किया है। बच्चे तो इसमें नए खेल ही ढूंढ लाए हैं - ह्लकौन कितनी देर सांस रोक सकता हैह्व का खेल। कई बार ऐसा लगता है कि एकाध बूंद गिर जाएगी, लेकिन फिर वो उत्साह भी उसी हवा के साथ उड़ जाता है। गांव के बुजुर्गों का कहना है कि ये तो वही स्थिति है जब शादी में वादा किया जाता है सुख के सात वचन, और निभाए जाते हैं दुःख के दस। सरकारी अफसर हर महीने गांव आकर सभाएं करते हैं और बताते हैं कि पानी के संकट का समाधान हो चुका है। उन्होंने नए-नए पंप लगाए हैं, और वो तो बिल्कुल चाँद पे पानी है की तर्ज पर बताते हैं कि ह्लअब हर घर में पानी पहुँचा ही समझो, बाकी आपके विश्वास की कमी है जो पानी को देखने नहीं दे रही।ह्व जनता भी इस अदृश्य जल के गुणगान में फूली नहीं समाती। चाय के ठेले पर चर्चाएँ होती हैं कि ये विकास कैसा है भई! नल खुले हैं, पानी की बूंदें कल्पना में हैं, और आंकड़े आसमान में। फिर बात हुई तालाबों की सफाई की। शहर से कुछ अफसर आए, साथ में एक प्रकृति प्रेमी टीम थी।

उन्होंने बड़ी-बड़ी मशीनें मंगवाईं और तालाब की ओर बढ़े। पहले तो चारों ओर तस्वीरें खींची गईं, देखो, हम अपने पुरखों की धरोहर को साफ करने आए हैं! तालाब की गंदगी देखकर सबका मन व्यथित हो गया। फोटो खिंचाने के बाद वापस मशीनों में चढ़कर टीम शहर चली गई, और तालाब आज भी अपने हाल पर करुणापूर्ण आंसू बहा रहा है।

# अप्रासंगिकता की ओर बढ़ती भारतीय संसद

**राकेश अचल**

भारतीय लोकतंत्र सबसे पुराना है। इसकी रिवायतें भी पुरानी हैं लेकिन इसी लोकतंत्र की रक्षा के लिए बनी हमारी संसद आजकल चल नहीं पा रही । लोकसभा अध्यक्ष हों या राज्य सभा अध्यक्ष वे अपने-अपने सदनों को सुचारु रूप से चलाने में नाकाम साबित हुए है । राज्यसभा के सभापति को तो यहां तक कहना पड़ रहा है कि हम अप्रासंगिकता की ओर बढ़ने लगे हैं। सरकार और विपक्ष के बीच का गतिरोध टूटने का नाम ही नहीं ले रहा है। देश की राजधानी दिल्ली प्रदूषण की चपेट में है और देश की संसद हंगामे में डूबी है। संसद को हंगामे से उबारने की कोई गंभीर कोशिश नजर नहीं आ रही। संसद को देखकर लगता है कि - नौ दिन चले अढ़ाई कोस वाली कहावत शायद इसके लिए ही बनी है। इस बार संसद के शीतकालीन सत्र की शुरूआत 25 नवंबर को हुई थी। दोनों सदनों में 4 दिन में सदन की कार्यवाही सिर्फ 40 मिनट चली। हर दिन औसतन दोनों सदन (लोकसभा और राज्यसभा) में करीब 10-10 मिनट तक कामकाज हुआ। अब संसद 2 दिसंबर के बाद ही बैठेगी। लोकसभा और राज्यसभा में विपक्ष ने अदाणी और संभल का मुद्दा उठाया। विपक्षी सांसद कार्यवाही के दौरान लगातार हंगामा करते रहे। स्पीकर ने कई बार उन्हें बिठाने की कोशिश की, मगर विपक्ष शांत नहीं हुआ।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा- सहमति-असहमति लोकतंत्र की ताकत है। मैं आशा करता हूं सभी सदस्य सदन को चलने देंगे। देश की जनता संसद के बारे में चिंता व्यक्त कर रही है। सदन सबका है, देश चाहता है संसद चले। लेकिन संसद नहीं चली और लोकसभा के साथ ही राज्यसभा की कार्यवाही सोमवार 2 दिसंबर तक स्थगित कर दी गई। बिरला साहब ने सदन चलाने कि लिए क्या कोशिश की ये किसी को नहीं पता ,क्योंकि उन्होंने शायद कोई कोशिश की होती तो उसका कुछ न कुछ नतीजा जरूर निकलता। वे सदन चलने से ज्यादा सदन की कार्रवाई स्थगित करने में दक्ष दिखाई देते हैं। यही बात राज्य सभा में माननीय धनकड़ साहब पर लागू होती है।

## न्यूज फ्लैश

### खेड़ी गुज्जर से भौरा रसूलपुर सड़क का निर्माण दो वर्षों से अधर में लटका



**गन्नौर। खेड़ी गुज्जर** से होते हुए भौरा रसूलपुर की तरफ जाने वाली सड़क निर्माण पिछले 2 साल से अधर में लटका है। जिससे इस सड़क मार्ग पर आवाजाही वाहन चालकों के लिए सुगम नहीं हो पा रही है। यह सड़क पिछले लंबे समय से क्षतिग्रस्त अवस्था में थी। जिसके निर्माण की मांग लगातार उठ रही थी। जिसके चलते पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा इस सड़क का नए सिरे से निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया था। विभाग द्वारा सड़क पर रोड़ा डलवा दिया गया, लेकिन उसका निर्माण नहीं किया गया। ऐसे में दोनों गांवों के लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। इस सड़क निर्माण न होने की वजह से उनके वाहनों के पहिये पंक्चर हो रहे हैं। वहीं साइकिल व स्कूटी पर जाने वाले लोग भी आए दिन सड़क पर गिर कर घायल हो रहे हैं। गनिमत है कि अभी कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ है। ऐसे में लोग अब इस सड़क का निर्माण जल्द करवाने की मांग कर रहे हैं। ग्रामीण प्रीतम, किरणपाल, कर्ण सिंह लीला, चंदनसिंह, दुदाराम, जनेश्वर, बलबीर ने कहा कि सड़क निर्माण के लिए वह काफी समय से मांग कर रहे हैं। विभाग द्वारा 2 साल पहले सड़क का निर्माण शुरू करवा दिया गया। अब हालत यह है कि सड़क पर रोड़े तो बिछा दिए गए, लेकिन उसके बाद से सड़क का निर्माण नहीं किया गया। जिससे वहां से गुजरने वाले किसानों को परेशानी हो रही है। उन्होंने चेताया कि यदि सड़क निर्माण जल्द नहीं हुआ तो धरना देने से पीछे नहीं हटेगी।

### स्कूल के वार्षिक खेल महोत्सव में खिलाड़ियों ने दिखाए जोहर



**गन्नौर। जीटी रोड स्थित** हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खेल मशाल जलाने और खेल शपथ के साथ हुआ। विद्यार्थियों ने प्रबंधक सुनील नागपाल व प्रधानाचार्या उषा मलिक को सलामी देकर मार्च पास्ट किया। इस अवसर पर 100 मीटर रेस, रिले रेस, लेमन रेस, शाट पुट, ताइक्वांडो, कबड्डी आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नर्सरी की बन्नी रेस में नव्या, युवराज, सक्षम विजेता बने। शाट पुट में उदय, आदित्य, नमन ने पदक जीते। 100 मीटर रेस में कशिश, उन्नत, वंश ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।प्रधानाचार्या ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए संतुलित विकास पर जोर दिया। विजेताओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया।

### असिस्टेंट कमांडेंट बनने पर स्कूल स्टाफ ने दी विदाई



**गन्नौर। राजकीय वरिष्ठ** माध्यमिक विद्यालय गढ़ी झंझारा में लिपिक रहे सुनील कुमार के यूपीएससी के माध्यम से असिस्टेंट कमांडेंट बनने पर विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित हुआ। प्रधानाचार्य सतपाल राठी व स्टाफ ने पगड़ी पहनाकर व बुके देकर उनका सम्मान किया। प्रधानाचार्य ने सुनील को देश सेवा में समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। सुनील कुमार ने सहयोग के लिए स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए छात्रों को मेहनत, आत्मविश्वास और अनुशासन के मंत्र दिए। इस अवसर पर गांव गढ़ी के सरपंच प्रतिनिधि कमलनाथ व ब्लाक समिति सदस्य रामनिवास ने भी शुभकामनाएं दीं। स्टाफ से अनुपम रापडिया, अंकुर शर्मा, विजेन्द्र कुमार, नीरज कौशिक, अंजू, विनय भारद्वाज, सुषमा, निशा, पूजा आदि ने भी सुनील कुमार को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### मापतौल शिविर के दौरान 115 दिव्यांगजनोंने किया अप्लाई: गौरव

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत: विरेन्द्र कुमार दहिया, आई.ए.एस,** उपायुक्त एंव प्रधान, जिला रैडक्रास सोसाईटी, पानीपत के निदेर्शानुसार जिला पानीपत के दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण जिसमें तिपहिया साईकिल, व्हील चेयर, व बैटराईज तिपहिया साईकिल, बैसाखी इत्यादि उपलब्ध करवाने के उदेश्य से दिनांक 30.11.2024 को जिला रैडक्रास भवन, पानीपत में एल्मिकों के सहयोग से नामांकन व मापतौल शिविर का आयोजन किया गया।

# मुरथल युवा फुटबॉल क्लब ने जीता जिला स्तरीय अंडर-16 फुटबॉल टूर्नामेंट

### ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल की टीम रही दूसरे स्थान पर, दिल्ली विद्यापीठ को मिला तीसरा स्थान




**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत : ज्ञान गंगा** ग्लोबल स्कूल (जी-3) में आयोजित जिला स्तरीय अंडर-16 फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में मुरथल युवा फुटबॉल क्लब, मुरथल ने मेजबान ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल की टीम को कड़े मुकाबले में 1-0 से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया । फुटबॉल टूर्नामेंट में ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल की टीम दूसरे स्थान पर रही, जबकि दिल्ली विद्यापीठ को तीसरा स्थान मिला। ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल की प्राचार्या गीता चोपड़ा ने विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर उनका हौसला बढ़ाया । ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल के मैदान पर शनिवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में दोनों टीमों के बीच जोरदार संघर्ष देखने को मिला । पहले हाफ में दोनों टीमों ने कई शानदार मूव बनाये लेकिन गोल नहीं कर सके । दूसरे हाफ के अंतिम क्षणों में मुरथल युवा फुटबॉल क्लब के फारवर्ड साहिल ने शानदार गोल कर अपनी टीम को खिताबी जीत दिलाई। ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल के खिलाड़ियों ने भी बेहतर खेल दिखाया लेकिन मिले अवसरों को गोल में नहीं बदल सके । मुरथल युवा फुटबॉल क्लब की तरफ से हिमांशु, पंकज, विशाल, निखिल व गोलकीपर प्रीतम ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। वहीं, ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल की तरफ से अंशुल, आदित्य, भावेश, हर्षित, देव, जय, मुकुल व गोलकीपर जीत ने अपने खेल से सभी को प्रभावित किया । इससे पहले ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल की टीम ने दिल्ली विद्यापीठ को 3 -0 हराकर फाइनल में जगह बनाई।अंशुल ने 2 व आदित्य ने एक गोल किये थे । जबकि मुरथल युवा फुटबॉल क्लब की टीम ने ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल की बी टीम को 1-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर नीरजा, महक व गीता राणा, मीनाक्षी, सुविधा, रेखा, नमिता, मधु, मोनिका, बीना, कुसुम, ज्योति, सपना, श्वेता शर्मा, खेल इंचार्ज संजीत, फुटबॉल कोच मंजीत सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे ।

## सूचना केन्द्र बना महोत्सव में अपनों से बिछुड़ों का सहारा



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में जहां विभिन्न विभागों द्वारा हरियाणा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को दी जा रही है वहीं लोगों तक सूचनाओं का प्रसार करने के लिए सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा बनाए गए सूचना केंद्र पर प्रतिदिन लोगों तक नवीनतम सूचनाएं पहुंचाई जा रही है। स्टाल नंबर-1 पर विभाग के कर्मचारियों ने उदघोषणा के माध्यम से अब तक लगभग हजारों अनाउंसमेंट की गई है। महोत्सव में विभाग के कर्मचारियों ने ऐसे बच्चों को जो अपने परिजनों से बिछड़ गए थे, उन्हें उनके परिजनों से मिलवाया। इस स्टाल पर ड्रामा निरीक्षक विजय कुमार, खंड प्रचार कार्यकर्ता बरखा राम, कृष्ण लाल, मनोज, राजकुमार शर्मा द्वारा एनाउसमेंट का कार्य किया जा रहा है और सूचना केन्द्र पर प्रतिदिन काफी संख्या में लोग महोत्सव में बिछड़े लोगों तक पहुंचने, सामान गुम होने इत्यादि के लिए एनाउसमैंट करवा रहे हैं। इसके साथ-साथ लोगों को इस बारे में भी जागरूक किया जाता है कि वे अपने बच्चों का विशेष ध्यान रखे और साथ ही साथ अपने सामान की ओर भी ध्यान रखें।

### बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। बाल** विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत शुक्रवार को महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से खंड स्तर पर एसएचजी ग्रुप, आंगनबाड़ी वर्कर व सुपरवाइजरों को बाल विवाह न करने के बारे में जागरूकता शपथ दिलाई।

इस मौके पर महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय से सुपरवाइजर चंचल ने कहा कि सरकार ने लड़की की शादी की न्यूनतम उम्र 18 वर्ष व लड़के की शादी की न्यूनतम उम्र 21 वर्ष निर्धारित की गई है।

## गीता महोत्सव में सोलावूड के फूलों ने जीता दिल



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र : गुलाब,** चमेली व गेंदे के साथ-साथ अन्य किस्म के फूलों को पीछे छोड़ते हुए लकड़ी व खजूर की छाल से तैयार किए गए रंग बिरंगे फूलों ने पर्यटकों का दिल जीत लिया। ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर लकड़ी से तैयार किए गए लम्बी उम्र के इन फूलों के चारों तरफ कदरदान नजर आए। महज 20 रूपए देकर फूलों की एक छड़ को पर्यटक अपने घर ले जा रहे थे। उनके इन फूलों की कीमत 10 रुपए से लेकर 200 रूपए तक की है।

महोत्सव में पिछले कई सालों से कागज के फूल लाने वाले मध्य प्रदेश के शिल्पकार पवन कुमार अपनी पत्नी राजकुमारी, बेटे मोहित, रोहित व बेटी मुस्कान के साथ स्टॉल नंबर 359 पर अपने दिल की बात को साझा करते हुए कहा कि ब्रह्मसरोवर पर रंग बिरंगे लकड़ी के फूल मौसम को रंगीन बनाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। रंग बिरंगे फूलों की एक छड़ की कीमत केवल 10 रूपए से लेकर 200 रुपये ही रखी गई है। महोत्सव के हर दिन लकड़ी के इन रंग बिरंगे फूलों के चाहने वालों की तादाद में इजाफा हुआ है। उनके फूलों को खास मेहमानों तक पहुंचाने के लिए सरकार के माध्यम से दी जा रही ऋण सुविधा सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। सरकार की इन योजनाओं का वे कभी एहसान नहीं भूल पाएंगी।

आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में जहां सरकार ने मदद की है, वहीं पर्यटकों ने फूल खरीद कर सरकार की योजनाओं पर अपनी मोहर लगा दी है। उनका कहना है कि वे इस महोत्सव में खास तौर पर फूलों को प्यार करने वाले लोगों को ध्यान में रखते हुए करीब एक दर्जन से ज्यादा वैरायटी के रंग बिरंगे फूल तैयार करके लाए हैं। खजूर की छाल से तैयार किए गए फूलों को सबसे ज्यादा सराहा है।

### 800 ग्राम गांजा सहित नशा तस्कर गिरफ्तार

**पानीपत ( कमाल हुसैन )**
पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया वह पानीपत आस पास के क्षेत्र में गांजा पत्ती बेचकर शार्टकट तरिके से मोटे पैसे कमाना चाहता था। आरोपी ने उक्त गांजा कुछ दिन पहले दिल्ली लाल किला के पास मिले सोनू नाम के युवक से 5 हजार रुपए में खरीद कर लाने बारे स्वीकारा। आरोपी के संदीप परमार के खिलाफ थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर शनिवार को पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया कि उनकी टीम शुक्रवार को देर शाम गश्त व जांच पड़ताल के दौरान चौटाला रोड पर पावर हाउस के पास मौजूद थी। टीम को इसी दौरान गुप्त सूचना मिली की मध्य प्रदेश निवासी संदीप परमार मादक पदार्थ बेचने का अवैध काम करता है। सदीप परमार कुछ देर में मादक पदार्थ लेकर बेचने के लिए चौटाला रोड पर आएगा। सूचना को पुख्ता मानते हुए पुलिस टीम ने नाकाबंदी कर संदिग्धों पर नजर रखनी शुरू कर दी। कुछ देर बाद सिवाह की और से एक संदिग्ध किस्म का युवक बेग लिए पैदल आते हुए दिखाई दिया। युवक पास आने पर सामने खड़ी पुलिस टीम को देखकर एकदम से वापिस मुड़कर तेज कदमों से चलने लगा।

## अधिकारियों ने अनुदान पर दिए गए कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन किया



**गन्नौर। फसल अवशेष** प्रबंधन योजना के तहत अनुदान पर दिए गए कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन शहर के बीएसटी ग्राउंड में किया गया। इस दौरान सुपर सीडर, स्ट्रा बेलर, रोटरी स्लैशर और हैरैक सहित 94 कृषि यंत्रों का सत्यापन ऑनलाइन प्रक्रिया से किया गया। उपायुक्त द्वारा गठित टीम में खंड कृषि अधिकारी गन्नौर, विषय विशेषज्ञ कृषि और जीएसटी इंस्पेक्टर की देखरेख में सत्यापन का कार्य किया गया। इस अवसर पर कृषि विभाग गन्नौर से डा. विनयकांत, दिनेश रापड़िया, मनजीत धनखड़, प्रदीप, अंकित मलिक, राहुल, कपिल देव और राई कार्यालय से कृषि अभियंता राजेश, अभिषेक, कृष्ण मौजूद रहे। खंड कृषि अधिकारी डा. आनंद सिंह ने बताया कि इस बार अधिक यंत्रों के कारण भौतिक सत्यापन ब्लाक स्तर पर आयोजित किया गया।

### बेटी के जन्म होने पर मां लक्ष्मी का होता है आगमन: रितु शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत..( कमाल हुसैन )**
**शहर** के किशनपुरा मे बेटी पैदा होने पर महिला एव बाल विकास आंगनबाड़ी केंद्र 75 में कुआं पूजन किया गया। अक्सर लोगों को बेटों के जन्म पर खुशियां मनाते देखा जाता है, परन्तु बेटी के जन्म पर खुशी मनाने का चलन कम ही दिखाई देता है।मानसी पत्नी रोहित को पहली बेटी के जन्म पर नए अंदाज में खुशी मनाई। पूरे घर को फूलों से सजाया गया तथा ढ़ोल-नंगाड़ों की थाप पर थिरक कर बेटी के जन्म की खुशियां मनाई।इस मौके पर सुपरवाइजर सरोज बाला ने कहा कि कुआं पूजन का कार्यक्रम अधिकारी लक्ष्मी के आदेश अनुसार करवाया गया।बेटियां भगवान का दिया वरदान होती हैं, बेटियां लक्ष्मी होती हैं। उन्होंने कहा कि बेटियों से ही आगे परिवार चलता है और पूरे एक समाज का निर्माण होता है। ऐसे में उनके योगदान को हम कभी कम नहीं देख सकते।

## आर्य कॉलेज की टीम ने रग्बी में जीता स्वर्ण पदक



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपता : कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय,कुरूक्षेत्र** में आयोजित हुई इंटर जोनल रग्बी प्रतियोगिता में आर्य कॉलेज खिलाडियों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण व एक रजत पदक जीत कर कॉलेज का नाम रोशन किया। शनिवार को विजेता खिलाडियों का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता व प्राध्यापकों ने स्वागत कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की व साथ ही कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के सभी प्राध्यापकों व कोच को बधाई दी। आर्य कॉलेज की प्रबंधक समिति के महासचिव सीए कमल किशोर ने इस शानदार अवसर पर अपने बधाई संदेश में पूरे आर्य कॉलेज परिवार को बधाई दी व कहा कि आर्य कॉलेज के विद्यार्थी वर्तमान में शिक्षा के साथ-साथ खेल-कूद व सांस्कृतिक गतिविधियों में भी अपने कॉलेज व अपने जिले पानीपत का भी नाम रोशन कर रहे हैं।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय,कुरूक्षेत्र के खेल परिसर में 27 से 29 नवंबर तक इंटर जोनल रग्बी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। प्रतियोगिता में आर्य कॉलेज की महिला टीम को पहले मैच में आर.के.एस.डी कॉलेज कैथल विरूद्व वॉक ओवर मिला वहीं दूसरे मैच में आर्य कॉलेज की टीम ने एस.ए.जैन अंबाला की टीम को 5-0 से व यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट की टीम को 6-1 से हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। इसके साथ ही आर्य कॉलेज की पुरूष टीम ने यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट की टीम को 4-3 हराया, दूसरे मैच में जनता कॉलेज, कौल की टीम को 4-0 से हराकर रजत पदक अपने नाम किया। साथ ही डॉ. गुप्ता ने यह भी बताया कि आर्य कॉलेज की करीना,प्रियंका,दीपा,कोमल,इशिका, पायल व ट्विंकल का चयन कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्रशिक्षण शिविर के लिए हुआ।

## जन स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों ने की बैठक



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा गवर्नमेंट पी.डब्ल्यू.डी. मैकेनिकल वर्कर यूनियन रजिस्टर्ड नंबर 41 कैंप कार्यालय करनाल की ब्रांच जन स्वास्थ्य विभाग कुरुक्षेत्र के पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक राज्य प्रधान कुलवंत शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन ब्रांच सचिव कुलदीप सैनी ने किया। राज्य प्रधान कुलवंत शर्मा ने बताया कि प्रदेश में कार्यरत ग्रामीण टयुबैल ऑपरेटरों का हरियाणा सरकार द्वारा शोषण किया जा रहा है। यहां तक की उनको न्यूनतम वेतनमान भी नहीं दिया जा रहा है। अप्रैल 2020 में जो न्यूनतम वेतनमान था वही ग्रामीण ट्यूबवेल ऑपरेटर को मिल रहा है जबकि विकास एवं पंचायत विभाग के महानिदेशक ने जुलाई 2024 में पत्र जारी करके वेतन का एरियर देने का फरमान जारी किया था। परंतु अभी तक ग्रामीण टयुबैल ऑपरेटरों को ना तो एरियर मिला और ना ही उनका जुलाई 2024 से जो न्यूनतम वेतनमान है वह लागू हुआ। उन्होंने कहा कि हम सरकार से अपील करते हैं की जल्द से जल्द ग्रामीण टयुबैल ऑपरेटरों की मांगों का समाधान किया जाए।

बैठक में प्रदेश के उप प्रधान तेजपाल गुर्जर ने हरियाणा सरकार से मांग रखी कि सभी कर्मचारियों को वर्ष 2020 से 2023 तक की एल.टी.सी. का भुगतान किया जाए। जिला सचिव राम रतन शर्मा एवं जिला उप प्रधान इंद्रपाल सिंह ने जन स्वास्थ्य उपमंडल नंबर एक कुरुक्षेत्र के कार्यालय पर 5 दिसम्बर को दिए जाने वाले धरना प्रदर्शन के लिए तैयार रहने का आहवान किया। बैठक में राजेश सैनी, राधेश्याम शर्मा, गुरनाम कश्यप, रणबीर शर्मा, मनीष कुमार, नरेश मथाना, सोहन लाल, प्रवीण कुमार, रिखीराम यादव, सुशील सैनी, बलबीर बंसी, कुलदीप सिंह, गोल्डी, राजवीर, कंवरपाल शर्मा, जसवीर सिरसमा, सतीश कुमार, मुनित शर्मा, बलबीर सैनी, नरेश सैनी, विरेंद्र कुमार, सतीश धमतान आदि ने भी अपने विचार रखे।

## रक्तदान अमूल्य जिंदगियों के लिए वरदान: प्रो. सोमनाथ



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र, :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि रक्तदान अमूल्य जिंदगियों को बचाने के लिए वरदान है। इसलिए मानव जीवन को बचाने के लिए इस पुण्य कार्य में सभी को आगे रहना चाहिए। उन्होने कहा नियमित रूप से किया गया रक्तदान दूसरे मनुष्य के जीवन की रक्षा तो करता ही है, इसके साथ समय-समय पर रक्तदान करने वाले मनुष्य का स्वास्थ्य भी ठीक रहता है। वे शनिवार को केयू आईआईएचएस के एनएसएस एवं यूथ रेडक्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रक्तदान शिविर में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में लड़कियों द्वारा रक्तदान करना समाज के लिए अच्छा संदेश हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं में रक्तदान को लेकर काफी उत्साह है। उन्होंने सभी युवाओं से आगे भी समाज एवं राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में कुवि कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा ने इस अच्छे कार्य के लिए रक्तदाताओं को उत्साह बढ़ाया। शिविर के समापन अवसर पर कुरुक्षेत्र जिला उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि हर मनुष्य को रक्तदान अवश्य करना चाहिए इससे शरीर स्वस्थ रहता है और ऐसे शिविर ही जागरुकता का कारण बनते हैं। शिविर आयोजक एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संदीप कुमार ने बताया कि इस शिविर में लगभग 200 पंजीकरण किए गए जिनमें से 81 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। वहीं नशा मुक्ति कार्यक्रम में मुख्यातिथि सब इंस्पेक्टर अशोक कुमार ने नशे के कारण एवं निवारण पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। इस शिविर के सफल आयोजन में संस्थान प्राचार्या प्रो. रिटा, भूगोल विभाग के अध्यक्ष प्रो. एस.पी. कौशिक, प्रो. निरुपमा भट्टी, प्रो. कुसुम लता, प्रो. परमेश कुमार, प्रो. अमृत सिंह, प्रो. अश्विनी मित्तल, प्रो. नवनीत बहल, प्रो. महा सिंह पूनिया, प्रो. अतुल रसिका, प्रो. अश्विनी कुश, प्रो. मंजू नरवाल, प्रो. ज्ञान चहल, प्रो. अनिल गुप्ता, डॉ. आनन्द कुमार, डॉ. जिम्मी शर्मा, डॉ. राज रतन, डॉ. विनीत कुमार, डॉ. कुलविंदर कौर, डॉ. वीरेंद्र पाल, डॉ. रितु सैनी, डॉ. राम चंद्र, डॉ. हरिओम फुलिया, डॉ. सचिन, डॉ मनीष गोयल, डॉ. रजनी गोयल, संस्थान की एनएसएस इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. वीर विकास, डॉ. कविता, डॉ. ज्योति एवं स्वयंसेवकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## फसल अवशेष प्रबंधन में कृषि यन्त्रों के योगदान का दिया प्रशिक्षण




**राई। कृषि विज्ञान** केन्द्र जगदीशपुर द्वारा केन्द्र परिसर पर फसल अवशेष प्रबंधन में कृषि यन्त्रों का योगदान विषय पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। केन्द्र की वरिष्ट समन्वयक डा. विवेक सिंह ने किसानों को बताया कि खेत या खेत से बाहर दोनों कार्यों के लिए फसल अवशेष प्रबन्धन के लिए कृषि यन्त्रों की महत्वपूर्ण भूमिका है। जमीन की उर्वरा शक्ति बढ़ाने के लिए कृषि यन्त्रों के द्वारा फसल के अवशेष को खेत में हो काट कर मिला दिया जाता है। जिससे मंहगे रासायनिक उर्वरकों को पर होने वाले खर्च को कम कराती होती है। किसान अतिरिक्त आमदानी करना चाहे तो कृषि यन्त्रों को मदद से खेत से बाहर गड्ढे बनाकर निकाल सकते हैं। फसल अवशेष प्रबंधन परियोजना के नोडल अधिकाली व केंन्द्र के वैज्ञानिक डा. कुलदीप दहिया ने पराली प्रबन्धन में प्रयोग होने वाले यन्त्रों के प्रयोग रखरखाव व मरम्मत के बारे विस्तृत जानकारी दी।

# जिला स्तरीय सार्वजनिक वितरण समिति की समीक्षा बैठक आयोजित

समीक्षा बैठक

▶▶ जनवरी से अक्टूबर-2024 तक 55 करोड़ 83 लाख 17 हजार 46 रुपए की खाद्य सामग्री वितरित



**टीम एक्शन इंडिया**
**हामिद**

**चंबा** :उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सार्वजनिक वितरण समिति की समीक्षा बैठक का आयोजन उपायुक्त कार्यालय के एनआईसी कक्ष में किया गया। उपायुक्त ने बताया कि जिला में कार्यरत 514 उचित मूल्य की दुकानों से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से जनवरी से अक्टूबर-2024 तक 55 करोड़ 83 लाख 17 हजार 46 रुपए की खाद्य वस्तुएं जिला भर के 1 लाख 26 हजार 516 राशन कार्ड धारकों को उपलब्ध करवाई गई है। उन्होंने बताया कि जनजातीय क्षेत्र पांगी और भरमौर के राशन कार्ड धारकों के लिए राशन दालें व खाद्य तेल को छोडकर प्रेषित किया जा चुका है।उन्होंने बताया कि जनवरी से 30 अक्टूबर-2024 तक खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 2274 निरीक्षण किये गये और इस अवधि के दौरान विभिन्न 137 अनियमितताओं के पाए जाने पर 1 लाख 61 हजार 400 रुपए का जुमार्ना वसूला गया है। इसके अलावा 36 मामलों में चेतावनी, 31हजार 560 रुपए पोलीथीन कम्पाउंडिंग व 12 हजार रुपए घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग करने पर जुमार्ना किया गया।उपायुक्त ने बताया कि उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण सामग्री उपलब्ध सुनिश्चित करने के लिए विभाग द्वारा समय-समय पर थोक भंडारण केन्द्रों, आटा मिलों, उचित मूल्य की दुकानों से सैंपल एकत्रित किए गये। उन्होंने बताया कि इस अवधि के दौरान 78 सैंपल एकत्रित करने के उपरांत जांच हेतु प्रयोगशाला में भेजे गए हैं जिनमें से 77 नमूने सरकार द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप सही पाए गए है तथा एक गंदम आटे का नमूना सरकार द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप सही नहीं पाया गया जिसके संदर्भ में 10 हजार रुपये प्रतिभूति राशि जब्त कर सरकारी कोष में जमा करवाई गई है।उन्होंने बताया कि जिला में कार्यरत 9 गैस एजेंसीयों के पास कुल 1 लाख 53 हजार 746 एलपीजी उपभोक्ता पंजीकृत है। उक्त अवधि के दौरान 3 लाख 3 हजार 540 एलपीजी सिलेंडरों की बिक्री की गई।जिला में पांगी घाटी के अतिरिक्त सभी उचित मूल्य की दुकानों में पीओएस के माध्यम से राशन कार्ड उपभोक्ताओं को राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। उपायुक्त ने बताया कि जिला में उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी का कार्य 76 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है शेष बचे उपभोक्ता 31 दिसम्बर-2024 तक अपने नजदीकी उचित मूल्य की दुकान,लोकमित्र केन्द्र व विभागीय ऐप द्व्ध4ष्ठ श्चस्त्रह्य द्धश्च के माध्यम से ई केवाईसी करवा सकते हैं।

# केन्द्रीय विद्यालय केलांग में स्टेम शिक्षा को लेकर विशेषज्ञ वार्ता आयोजित

वार्ता

▶▶ उपायुक्त ने बच्चों को आईआईटी संस्थान में प्रवेश सहित यूपीएससी परीक्षा मे भाग लेने के बारे में बताया



**टीम एक्शन इंडिया**
**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू** : उपायुक्त लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय केलांग में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी क्षेत्र में कामयाबी के लिए प्रतियोगिता की भावना रखना बहुत जरूरी है।
इसके साथ जीवन में आगे बढ? के लिए असफलता भी हमें स्वीकार करनी चाहिए। यह भी आगे बढ? का एक अहम हिस्सा है। उन्होंने कहा कि जीवन में सफल होने के लिए प्रयासों को कभी कम नहीं करना है। उपायुक्त केन्द्रीय विद्यालय केलांग में पीएम श्री के अंतर्गत स्टेम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) शिक्षा को लेकर आयोजित विशेषज्ञ वार्ता में बोल रहे थे। उपायुक्त ने इस दौरान पहली और दूसरी कक्षाओं के बच्चों को मैजिक स्लेट भी वितरित किए। आईआईटी मुंबई से पास आउट उपायुक्त लाहौल-स्पिति राहुल कुमार ने इस दौरान बच्चों द्वारा पूछे प्रश्नों के जबाब दिये। बच्चों ने भी वेझिझक होकर उपायुक्त से करियर निर्माण सहित पढ़ाई से संबंधित सवाल किए। उपायुक्त ने भी पढ़ाई से लेकर विस्तार से बच्चों को आईआईटी संस्थान में प्रवेश सहित यूपीएससी परीक्षा मे भाग लेने के बारे में विस्तार से बताया। बच्चों ने भी कहा कि वह बड़े होकर वह डाक्टर, इंजिनियर और सिविल सर्विसज में जाना चाहते हैं। राहुल कुमार ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने के लिए बोर्ड सहित प्रत्येक कक्षा के अंक महत्वपूर्ण होते हैं। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के दौरान किसी भी विषय में कोई संदेह हो तो वह अध्यापक से पूछ कर जरूर दूर करें। बेसिक कान्सेप्ट अगर क्लीयर नहीं होंगे तो आगे चलकर पढ़ाई में पिछड़ते जाओगे।

## न्यूज फ्लैश

### बस में राहुल गांधी के खिलाफ डिबेट सुनने पर नोटिस का मामला, रूष्ट बोले- ड्राइवर-कंडक्टर पर नहीं होगी कारवाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमला** : हिमाचल पथ परिवहन निगम में तैनात ड्राइवर और कंडक्टर को उपमंडलीय प्रबंधक की ओर से एक अनोखा नोटिस जारी किया गया है। हिमाचल पथ परिवहन निगम में तैनात ड्राइवर टेक राज और कंडक्टर शेष राम को एक शिकायत का आधार पर नोटिस जारी किया गया। इसकी शिकायत सैमुअल प्रकाश नाम के शख्स ने मुख्यमंत्री के अवर सचिव को की थी। यह शिकायत मुख्यमंत्री के अवर सचिव को 5 नवंबर को मिली थी। हालांकि अब इस मामले में कार्रवाई न करने की भी बात कही गई है। हिमाचल पथ परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक रोहन चंद ठाकुर ने कहा कि ड्राइवर और कंडक्टर पर किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं होगी। उन्होंने कहा कि यह नोटिस ढली उपमंडलीय प्रबंधक की ओर से जारी किया गया था। उन्हें व्यक्तिगत तौर पर यह समझा दिया गया है कि नोटिस देते हुए भाषा शैली का ध्यान रखा जाए।उन्होंने कहा कि जो शिकायत मिली है, वह भी पूरी तरह निराधार है। इस तरह की शिकायत का कोई औचित्य नहीं बनता। ऐसे में ड्राइवर और कंडक्टर पर किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं होगी। रोहन चंद ठाकुर ने कहा कि बस में जो वीडियो सुना जा रहा था, वह यात्री के अपने निजी मोबाइल पर चल रहा था। न कि उसे बस में लगाया गया था। ऐसे में इस पूरे मामले में ड्राइवर और कंडक्टर की कोई गलती नहीं है।

### बाल मैदान में आज होगा ईट राइट मेला का आयोजन

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री होंगे मुख्यातिथि

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना** : बाल स्कूल मैदान ऊना में पहली दिसंबर को ईट राइट मेला का आयोजन किया जा रहा है। मेले का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री करेंगे। मेले का मुख्य उद्देश्य जनता को पौष्टिक आहार, स्वास्थ्यवर्धक जीवनशैली, और सही खानपान के प्रति जागरूक करना है। उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि मेले में स्वास्थ्यवर्धक भोजन के साथ स्वाद और पोषण के महत्व को उजागर करने के लिए सभी विभागों को आकर्षक और जानकारीपूर्ण स्टॉल लगाएंगे। हर स्टॉल पर स्वास्थ्य के लिए लाभदायक और रुचिकर चीजें प्रदर्शित की जाएंगी, ताकि लोगों में सही और सेहतमंद खानपान के प्रति जागरूकता और रुचि विकसित हो।उपायुक्त ने बताया कि स्वास्थ्यवर्धक खाद्य पदार्थों के प्रदर्शन और प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए स्कूल मैदान में 30 आकर्षक स्टॉल और प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी। इन स्टॉल्स के माध्यम से लोगों को पौष्टिक भोजन की आदतें अपनाने और सही आहार के महत्व को समझाने का प्रयास किया जाएगा। जतिन लाल ने बताया कि पारंपरिक व्यंजनों और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए मेले में विशेष स्टॉल लगाए जाएंगे। इसके अलावा, केमिकल मुक्त प्राकृतिक खेती उत्पादों और आयुर्वेदिक उत्पादों को जीवनशैली में शामिल करने के उपाय और फायदे भी समझाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मेले में बेस्ट शेफ प्रतियोगिता का आयोजन एक खास आकर्षण होगा। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागी मौके पर ही अपनी डिश तैयार करेंगे, जिसके आधार पर सबसे उत्कृष्ट शेफ को चुना जाएगा और सम्मानित किया जाएगा। मेले में खेल गतिविधियों के आयोजन के साथ विभिन्न मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### बहड़ाला स्कूल में एनएसएस शिविर शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना** : राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बहडाला में शनिवार को सात दिवसीय एनएसएस शिविर शुरू हुआ। शिविर के शुभारंभ अवसर पर मुख्यतिथि के रूप में जिला चाइल्ड प्रोटेक्शन ऑफिसर कमलदीप सिंह तथा अभिमन्यु कपूर ने संयुक्त रूप से हिस्सा लिया। कमलदीप सिंह ने कहा कि ऐसे शिविरो के माध्यम से विद्यार्थियो में यहां आपसी मेलजोल ओर भाईचारे की भावना पैदा होती है। वही उनमें देश सेवा का जज्बा भी बढ़ता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियो को सृजनात्मक एवं रचनात्मक कार्यों के प्रति प्रेरित कर समाज सेवा का अवसर प्रदान करती है। इस मौके पर विद्यालय के प्रिंसिपल हरीश जोशी ने भी विद्यार्थियो को एनएसएस के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

## चौकीमन्यार में रास्ता रोकर व्यक्ति से मारपीट, मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना** : पुलिस थाना बंगाणा के तहत चौकीमन्यार के एक व्यक्ति ने गांव के तीन लोगों रास्ता रोककर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकातय के आधार पर तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में विशन दास चौकीमन्यार ने बताया कि शनिवार शाम को बेटे व पोते के साथ गांव से गुजर रहा था, तो गांव के ही फीलू, बोना व फीनु ने रास्ता रोककर मारपीट शुरू कर दी। डीएसपी ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## आंगनवाड़ी केंद्रों में भी की जा सकती है घरेलू हिंसा की शिकायत

**टीम एक्शन इंडिया**
**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर** : बिझड़ी में घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम-2005 के बारे में आम महिलाओं को जागरुक करने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग ने शनिवार को गांव चकमोह में एक जागरुकता शिविर आयोजित किया। इसकी अध्यक्षता जिला कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार ने की।घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम-2005 में हैं कई विशेष प्रावधान इस अवसर पर उन्होंने बताया कि घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम-2005, भारतीय संसद द्वारा पारित एक अधिनियम है, जिसमें महिलाओं के लिए कई विशेष प्रावधान किए गए हैं। इसका मकसद, घरेलू हिंसा से महिलाओं को बचाना और पीड़ित महिलाओं को कानूनी मदद प्रदान करना है। यह



अधिनियम 26 अक्तूबर, 2006 को लागू हुआ था।महिला एवं बाल विकास विभाग ने चकमोह में आयोजित किया जागरुकता कार्यक्रमअनिल कुमार ने बताया कि अगर किसी महिला के साथ घरेलू रिश्ते में हिंसा या गलत व्यवहार होता है, तो वह महिला आरोपी व्यक्ति की शिकायत इस अधिनियम के तहत कर सकती है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि पीड़ित महिलाओं को सुरक्षा, निवास और तुरंत राहत प्रदान करने के लिए इस अधिनियम के तहत कई तरह के आदेश दिए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि शारीरिक हिंसा जैसे कि थप्पड़ मारना, धक्का देना और पीटना इत्यादि के अलावा यौन हिंसा, अपमान, विश्वासघात, डराना-धमकाना, किसी महिला को उसके परिवार और दोस्तों से अलग करना, उसके आने-जाने पर निगरानी रखना, उसके वित्तीय संसाधनों, रोजगार, शिक्षा या चिकित्सा देखभाल तक पहुंच को प्रतिबंधित करना जैसे कृत्यों को भी घरेलू हिंसा ही माना जा सकता है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने कहा कि इस तरह के अत्याचार की शिकार महिला अपने नजदीकी आंगनवाड़ी केंद्र में शिकायत दर्ज करवा सकती है। शिकायत मिलते ही अधिनियम के तहत त्वरित कार्रवाई की जाती है। इस मौके पर जिला समन्वयक कल्पना ठाकुर ने भी महिलाओं को सखी वन स्टॉप सेंटर हमीरपुर और संकल्प हब के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

## जोनल अस्पताल मंडी से नर्सिंग अधीक्षक सेवानिवृत

सेवानिवृत

▶▶ जोनल अस्पताल मण्डी में कार्यरत नर्सिंग अधीक्षक कान्ता शर्मा 36 वर्ष सेवा करने के बाद सेवानिवृत हुई।



**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी** :जोनल अस्पताल मण्डी में कार्यरत नर्सिंग अधीक्षक कान्ता शर्मा 36 वर्ष सेवा करने के बाद सेवानिवृत हुई। स्वास्थ्य विभाग कर्मचारी महासंघ मण्डी के प्रधान अमरजीत शर्मा ने कहा कि जोनल अस्पताल मण्डी में कार्यरत कान्ता शर्मा नर्सिंग अधीक्षक आज सेवानिवृत हुई। उनके सम्मान में जोनल अस्पताल मण्डी के सभागार में विदाई पार्टी का आयोजन किया गया जिसमें अस्पताल के अधिकारियों एवं कर्मचारीयों ने भाग लिया। सेवानिवृत कर्मचारी को अस्पताल कर्मचारियों एवं अधिकारियो की तरफ से गिफ्ट देकर सम्मानीत किया गया। इस उपलक्ष्य में वरिष्ठ चिकित्सा अधिक्षक डा. डी. एस. वर्मा, जिला-चिकित्सा अधिकारी डा. दिनेश ठाकर, डा0 अरविन्द वैहल, अधिक्षक ग्रेड-ढ्ढ कुलदीप सिंह, अधिक्षक ग्रेड-11 भूपा चन्देल, नर्सिंग अधीक्षक नीलम शर्मा, मेटरन अरुणा लुथरा, भुवनेशवरी, नर्सिंग स्कूल प्रधानाचार्य उषा रानी, स्वास्थ्य विभाग कर्मचारी महासंघ मण्डी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भूपेन्द्र ठाकुर सहित अन्य मौजूद रहे।

## हरोली पुलिस ने गुम हुए तीन मोबाइल कराए बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना** : पुलिस थाना हरोली की टीम अपराधियों की धर पकड़ के साथ-साथ आम जनता की मदद करने में भी अग्रसर रही है।

नवंबर महीने में तीन व्यक्तियों को उनके गुम हुए फोन ट्रेस करके उपलब्ध करवाए गए हैं। जिनको पुलिस ने बाहरी राज्यों से बरामद करवा कर शिकायतकताओं को वापस किया है। इन मोबाइल की कीमत लगभग 1 लाख के आसपास बनती है।

## सरस्वती पैराडाइज की फेयरवेल पार्टी में जमकर झूमे छात्र

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला** :राजधानी स्थित सरस्वती पैराडाइज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल शिमला में ग्यारहवीं और बारहवीं के छात्रों ने जमकर मस्ती की। गत दिवस इस स्कूल में बारहवीं क्लास के छात्रों की फेयरवेल पार्टी मनाई गई। इस दौरान कक्षा बारहवीं और ग्यारहवीं के छात्रों ने एक दूसरे को शुभकामनाएं दी और खट्टी -मीठी यादों को शेयर किया। इस पूरे धमाल में बारहवीं के छात्रों के चहरे पर खुशी तो दिखी लेकिन स्कूल से विदाई का दर्द वो छुपा नहीं सके। छात्रों ने जमकर धमाल मचाया। इस दौरान स्कूल के अध्यापकों के साथ प्रधानाचार्य भी मौजूद रहे। दरअसल इस साल बारहवीं का बोर्ड परीक्षा देने के बाद करीब 55 से ज्यादा छात्र इस स्कूल को अलविदा कह देंगे। फेयरवेल पार्टी के दौरान रैम्प पर कैटवाक, डांस, स्पीच और अपनी अदाओं के जादू से छात्रों ने सबका खूब मनोरंजन किया।बारहवीं के छात्रों ने इस दौरान अपने हर सब्जेक्ट के टीचरों को भी याद किया। इस दौरान कई छात्रों ने मंच से अपने उस अनुभव को भी शेयर किया जो पढ? के दौरान इस स्कूल से उन्होंने ग्रहण किया था। रैम्प पर कैटवॉक देख सबने खूब हूटिंग की। छात्रों के मनोरंजन के लिए कई सवाल भी पूछे गए। सही



जवाब देने पर उनको पुरस्कृ त भी किया गया मिस फेयरवेल ओशीन सूर्यवंशी, मिस्टर फेयरवेल आर्यन को चुना गया जबकि मिस्टर पर्सनेलिटी प्रज्वल डोटका और मिस पर्सनेलिटी रिधीमा को चुना गया।
विद्यालय प्रधानाचार्य नीरज वर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि विदाई के क्षण किसी भी शैक्षणिक संस्थान या कार्यस्थल में अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। ये पल हमें भावुक और उदास कर देते हैं लेकिन साथ ही यह एक नए अध्याय की शुरूआत का प्रतीक भी होते हैं। छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्होंने कहा कि 'कोशिश कर हल निकलेगा आज नहीं तो कल निकलेगा।'उन्होंने कार्यक्रम को सुचारू और व्यवस्थित तरीके से आयोजित करने के लिए छात्रों,शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों की सराहना की।विद्यालय प्रबंधक हिमांक मित्तल ने छात्रों को शुभकामनायें देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## स्वामी विवेकानंद शिक्षा महाविद्यालय तर्कवाड़ी में हुआ टैलेंट हंट समारोह

**टीम एक्शन इंडिया**
**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर** : स्वामी विवेकानंद शिक्षा महाविद्यालय में आइ क्यू ए सी के अंतर्गत टैलेंट हंट समारोह का आयोजन किया गया। इसमें बी.एड. प्रथम सेमेस्टर व डी.एल.एड. प्रथम वर्ष के प्रशिक्षु अध्यापकों ने विभिन्न प्रस्तुतियां दी। जिसमें मुख्यतः एकल गान, एकल नृत्य, समूह गान, लोक नृत्य ,पहाड़ी नाटी, पंजाबी गिद्दा , गुजराती नृत्य , लघु नाटक इत्यादि।
समारोह का मुख्य उद्देश्य बच्चों में छिपी हुई प्रतिभा को खोज करना एवं उसे क्षेत्र में उनका



मार्गदर्शन व प्रोत्साहन करना था। समारोह में श्री कुलजीत सिंह (प्राचार्य, गवर्नमेंट कॉलेज भोरंज हमीरपुर) ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की इस अवसर पर सी ए. राजीव शर्मा (अध्यक्ष ,स्वामी विवेकानंद कॉलेज ऑफ एजूकेशन) भी उपस्थित रहे। अपने वक्तव्य में मुख्य अतिथि महोदय ने प्रशिक्षु अध्यापकों को एक आदर्श अध्यापक बनने के लिए प्रेरित किया साथ ही उन्होंने एक अध्यापक को उनके कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ अंजली शर्मा ने मुख्यातिथि व अन्य गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया। डॉ मीनू ने (सह-प्राध्यापक) ने मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों का धन्यवाद किया। सी ए. राजीव शर्मा( अध्यक्ष, स्वामी विवेकानंद कॉलेज ऑफ एजूकेशन) ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर समस्त प्राध्यापक वर्ग उपस्थित रहा।

# कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी राज्य कमेटी हिमाचल प्रदेश का सम्मेलन हुआ संम्पन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमला** :भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी राज्य कमेटी हिमाचल प्रदेश का तीन दिवसीय सम्मेलन शिमला के कालीबाड़ी हॉल में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन को पार्टी पोलिट ब्यूरो सदस्य कॉमरेड सुभाषिनी अली, तपन सेन, ए विजय राघवन व केंद्रीय कमेटी सदस्य विक्रम सिंह ने संबोधित किया। सम्मेलन में दो स्थाई आमंत्रित सदस्यों सहित बत्तीस सदस्यीय राज्य कमेटी का गठन किया गया। संजय चौहान को राज्य सचिव चुना गया। डॉ ओंकार शाद, राकेश सिंघा, डॉ कश्मीर ठाकुर, डॉ कुलदीप सिंह तंवर, प्रेम गौतम, कुशाल




भारद्वाज, विजेंद्र मेहरा, भूपेंद्र सिंह को राज्य सचिवमंडल सदस्य चुना गया। रविन्द्र कुमार, जगत राम, फालमा चौहान, होत्तम सौंखला, सुदेश, जोगिंद्र, देवकीनंद, नारायण, अशोक कटोच, राजेंद्र, मोहित, नरेंद्र, सत्यवान पुंडीर, महेंद्र राणा, राम सिंह, बरकत, कुलदीप डोगरा, वीना वैद्य, गीता राम, शोकीनी राम व चंद्रकांता को राज्य कमेटी सदस्य चुना गया। सुरेश सरवाल व के के राणा राज्य कमेटी में स्थाई आमंत्रित सदस्य होंगे। तीन सदस्यीय कंट्रोल कमीशन का गठन किया गया जिसमें जगमोहन ठाकुर को अध्यक्ष एवं राजेंद्र चौहान व विजय शर्मा को सदस्य चुना गया। नवनिर्वाचित राज्य सचिव संजय चौहान ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भविष्य में पार्टी जनमुद्दों पर जनांदोलन करेगी। पार्टी प्रदेश में जनता को कांग्रेस भाजपा के इतर एक बेहतर विकल्प देगी। पार्टी प्रदेश में मजदूरों, किसानों, मध्यम वर्ग, महिलाओं, छात्रों, युवाओं, दलितों, पिछड़ों, वंचितों, अल्पसंख्यकों व सभी मेहनतकश तबकों की आवाज बनेगी। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में चलने वाली एनडीए की केंद्र सरकार व हिमाचल की कांग्रेस सरकार दोनों ही जनविरोधी नवउदारवादी नीतियां लागू कर रही हैं जिस से एक ओर अमीर और ज्यादा अमीर हो रहे हैं व आम जनता की पीड़ा लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से जब से केंद्र में भाजपा सरकार सत्ता में आई है तब से देश में दो तरह का भारत बना है। एक ओर गरीब लोगों का तड़पता भारत है और दूसरी ओर अमीर लोगों का चमकता भारत है। अमीरी व गरीबी में खाई गहरी हुई है। देश में अमीरों को छूट व गरीबों की लूट हो रही है। पिछले दस वर्षों में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने मेहनतकश जनता के अधिकारों को छीनने का ही काम किया है। किसानों व आम जनता को मिलने वाली सब्सिडी को खत्म किया गया है। पिछले सौ वर्षों में मजदूरों के हक में जो चौबालीस श्रम कानून बने थे, उन कानूनों को खत्म करके मजदूर विरोधी चार श्रम संहिताओं मे बदल दिया गया है।

# क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू** :मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नागराज पंवार ने कहा कि जिले के निजी स्वास्थ्य संस्थानों अथवा क्लीनिकों में अल्ट्रासाउंड मशीनों के प्रयोग पर हर समय कड़ी नजर रखी जाती है ताकि लिंग का पता लगाने के लिए इनका दुरुपयोग न हो सके।

जिला न्यायवादी ने स्थानीय निजी अस्पताल में मशीनों को जमा करने संबंधी मामले में समस्त पहलुओं की जानकारी प्राप्त की।उन्होंने कहा कि पूर्व



गभार्धान और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (पीसी एंड पीएनडीटी) अधिनियम, कन्या भ्रूण हत्या और गिरते लिंगानुपात को रोकने के लिए पारित किया गया है। इस अधिनियम से प्रसव पूर्व लिंग निर्धारण पर प्रतिबंध है। प्री-नेटल डायग्नोस्टिक टेक्निक 'पीएनडीटीइ एक्ट , के तहत जन्म से पूर्व शिशु के लिंग की जांच पर पाबंदी है। अल्ट्रासाउंड या अल्ट्रासोनोग्राफी कराने वाले जोड़े या करने वाले डॉक्टर, लैब कर्मी को 3 से 5 साल की सजा और जुमार्ने का प्रावधान है।
बैठक में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनु, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुरेश के अलावा गैर-सरकारी सदस्य मीरा राणा सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# गीता जयंती महोत्सव 2024 के लिए हुआ भूमि पूजन एवं सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरुप ब्रह्मचारी ने कहा कि भारतीय संस्कृति के अनुसार धार्मिक आयोजन संत महापुरुषों के द्वारा ही होते हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार को विद्यापीठ में भगवान श्री राम के परम भक्त वीर हनुमान का आहवान कर मंत्रोच्चारण के साथ गीता जयंती महोत्सव 2024 के लिए खूंटे का पूजन किया गया। वर्षों से चली आ रही परम्परा के अनुसार इस खूंटे के पूजन में कुरुक्षेत्र की उपायुक्त नेहा सिंह के साथ



महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद, संत महामंडल की अध्यक्षा महामंडलेश्वर स्वामी विद्या गिरि, कुरुक्षेत्र के विधायक एवं पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा, पूर्व विधायक मेवा सिंह, एस.डी.एम. कपिल शर्मा, षड्दर्शन साधु समाज के संरक्षक महंत बंशी पुरी, अध्यक्ष परमहंस ज्ञानेश्वर, उपाध्यक्ष महंत गुरु भगत, कोषाध्यक्ष महंत महेश मुनि, सचिव महंत लक्ष्मीनारायण पुरी, महंत महेश पुरी सहित अनेक संत महापुरुष एवं नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। विद्यापीठ की यज्ञशाला में पूजन के उपरांत विद्यापीठ परिसर में उस स्थान पर आस्था एवं विश्वास के साथ खूंटा गाढ़ा गया जहां 5 दिसम्बर से 11 दिसम्बर तक गीता जयंती महोत्सव के कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं। कुरुक्षेत्र की उपायुक्त नेहा सिंह ने जयराम संस्थाओं की परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी, महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद तथा अन्य संतों के साथ खूंटा गाढ़ा। परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरुप ब्रह्मचारी ने बताया कि उनके परम पूज्य गुरुदेव ब्रह्मलीन प्रातः स्मरणीय देवेंद्र स्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से पिछले करीब साढ़े तीन दशक से चली आ रही परम्परा अनुसार हरवर्ष की भांति गीता जयंती महोत्सव 2024 का शुभारम्भ हुआ है। उन्होंने विद्यापीठ की खूंटा गाड़ परम्परा के बारे में बताया कि भगवान श्री राम के प्रिय भक्त हनुमान का खूंटा गाड़कर आस्था और श्रद्धा से वीर हनुमान का आहवान कर प्रार्थना की जाती है कि गीता जयंती महोत्सव के सभी कार्य निर्विघ्न सम्पन्न हों। ब्रह्मचारी ने बताया कि इसी के साथ कामना की जाती है कि देश में सुख समृद्धि आए और देश का विकास हो।

# गीता में निहित शिक्षाओं का पालन करने से व्यक्ति साहसी और निडर बन जाता है: श्रीप्रकाश

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्रः** श्रीमद्भागवत गीता में बताए गए सिद्धांतों का पालन करने से व्यक्ति अपने भीतर और बाहर का संतुलन बना सकता है। गीता में बताए गए सिद्धांतों का पालन करने से व्यक्ति नकारात्मक ऊर्जाओं से दूर होकर सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर सकता है। गीता में निहित शिक्षाओ का पालन करने से व्यक्ति साहसी और निडर बन जाता है। यह मातृभूमि सेवा मिशन धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र द्वारा अंतर्राष्ट्रीय श्रीमद्भागवत गीता जयंती समारोह - 2024 के उपलक्ष्य में आयोजित अठारह दिवसीय कार्यक्रम के सप्तम दिवस श्रीमद् भागवत गीता का समाज पर प्रभाव विषय पर एक विचार गोष्ठी में व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ कल्याण मंत्र से हुआ। डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने विचार गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कहा गीता को आत्मसात करके व्यक्ति लोभ, जलन, अहंकार, छल, कपट, स्वार्थ, और कटुता से दूर हो सकता है। गीता से सीखकर व्यक्ति अपने कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ सकता है और आत्मबल बढ़ा सकता है। आज वर्तमान काल की मानव जीवन की समस्त समस्याओं का समाधान कर सकता है।गीता में बताए गए सिद्धांतों का पालन करने से व्यक्ति वर्ग-संघर्ष की समस्या का समाधान कर सकता है और समाज में एक नई सोच, विचार एवं मूल्य परक समाज की स्थापना कर सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए आयुष विभाग गुजरात के पूर्व निदेशक डा. रणदीप सिंह ने कहा श्रीमद्भगवद्गीता से शिक्षा लेकर मनुष्य लोभ, जलन, अहंकार, छल, कपट, स्वार्थ एवं कटुता से दूर होकर एक नवीन समाज की स्थापना कर सकेगा। इसके बाद उसका हर कर्म समस्त मानव जाति के लिए समृद्धि लाएगा। हमें जीवन कैसा सफलतापूर्वक एवं शांति पूर्वक जीना है सिखाती है। कार्यक्रम में समाजसेवी महिपाल राणा, ओमपाल सिंह, मनोज शर्मा ने बतौर अतिविशिष्ट अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन अंतर्राष्ट्रीय श्रीमद्भागवत गीता जयंती समारोह - 2024 आयोजन समिति के सदस्य जसवीर राणा ने किया। आभार ज्ञापन बाबू राम ने किया। विचार गोष्ठी का समापन शांति पाठ से हुआ।

## न्यूज फ्लैश

### सोनीपत पुलिस ने तीस गुमशुदा फोन बरामद कर मालिकों को लौटाएं

**सोनीपतः साइबर सेल** सोनीपत की टीम ने नवंबर माह में 30 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए। जिसमें सभी कंपनियों के फोन शामिल हैं। ये सभी मोबाइल फोन को सहायक पुलिस आयुक्त मुख्यालय मलकीत सिंह द्वारा अपने कार्यालय राई में फोन मालिकों को बुलाकर उनके हवाले किये गये है। साइबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक कमल व उनकी टीम ने इन मोबाइल फोन को ढूंढने में सफलता हासिल की गई है। यह सभी मोबाइल फोन पोर्टल पर ऑनलाइन गुमशुदा होने बारे दर्ज किए गए थे। जिसको साइबर सेल सोनीपत की टीम द्वारा नवंबर महीने में बरामद किया है। इस पोर्टल पर मोबाइल फोन के गुम होने बारे दर्ज करते ही ये फोन ब्लॉक हो जाते है। इन सभी मोबाइल फोनों की बाजार कीमत तकरीबन सात से आठ लाख रुपए है। उन्होंने कहा कि सोनीपत पुलिस की आमजन से अपील है कि आप अपने मोबाइल फोन के गुम होने पर तुरंत पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर सकते है।

### खरखौदा में पिता सहित 3 पुत्रो पर एफआईआर दर्ज

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

**खरखौदा नगरपालिका** सचिव पंकज जून ने खरखौदा पुलिस को शिकायत दी। खरखौदा में अम्बेडकर पार्क के साथ लगती नगर पालिका की खाली पड़ी जमीन पर मिट्टी डालकर व चारदीवारी करके कई लोगो ने कब्जा करने की कोशिश की है। उन्होंने बताया कि खरखौदा में अम्बेडकर पार्क के साथ लगती नगर पालिका की खाली जमीन जो कि लाल डोरा में सार्वजनिक हितों के लिए छोडी हुई थी पर रात के समय मिट्टी का भरत कर कब्जा करने की कोशिश की जा रही है। जबकि उक्त स्थल पर पहले भी कब्जाधारियों को अतिक्रमण करने से नगर पालिका, खरखौदा द्वारा रूकवाया था। उक्त जमीन पर अवैध कब्जा/अतिक्रमण करने बालों में रमेश व सतीश कुमार, सोनु व मोनू द्वारा 2 फ्रॉड रजिस्ट्रियों भी पूर्व में करवाई हुई है। जिसमे कोर्ट कैस व रजिस्ट्रीयों को कैंसल करवाने के लिए इंक्वायरियों पैंडिंग है। उन्होंने ये भी बताया कि जब नगर पालिका का कोई कर्मचारी कब्जा कार्यवाही रोकने जाता है तो उनके साथ अभद्र व्यवहार करते है व उनके सहयोग में कुछ वार्ड पार्षदों द्वारा पालिका कर्मचारियों को धमकी दी जाती है कि कोई भी कर्मचारी वहाँ न जाएँ अन्यथा गलत हो जाऐगा। जिस पर खरखौदा पुलिस ने उपरोक्त पिता सहित पुत्रो पर मामला दर्ज करते हुए जाँच शुरू कर दी हैं।

### पुलिस अधीक्षक ने पहली जिला स्तरीय गोष्टी का आयोजन कर अपराध रोकथाम के लिए दिए निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्रः** पुलिस महानिदेशक हरियाणा पंचकूला के निदेशों का पालन करते हुए पुलिस अधीक्षक श्री वरुण सिंगला ने पुलिस लाईन कुरुक्षेत्र में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ पहली जिला स्तरीय गोष्टी का आयोजन कर कर अपराध और अपराधियों को अंकुश लगाने के लिए आवशयक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने शनिवार को सभी पर्वेक्षण अधिकारियों व थाना प्रभारियों को पूरी लग्न से कर्तव्य निर्वहन करने व आमजन को शांतिपूर्ण माहौल देने के लिए प्रेरित किया। पुलिस महानिदेशक हरियाणा पंचकूला के निर्देश से पहली जिला स्तरीय गोष्ठी में अपराधिक वारदातों को रोकने के लिये अपने-अपने एरिया में ज्यादा से ज्यादा पुलिस की गस्त को बढाने के भी आदेश दिये। पुलिस अधीक्षक ने पहली जिला स्तरीय गोष्टी में जिला के पर्वेक्षण अधिकारियों तथा थाना प्रभारियों को आदेश देते हुए कहा कि जिला में चोरी,आर्म्स एक्ट अधिनियम, एनडीपीएस एक्ट, एक्साइज एक्ट, छीनाझपटी व धोखाधड़ी जैसी घटनाओं के अपराधियों को पकड़ कर कानूनी कार्रवाई की जाए। विधानसभा चुनाव को ध्यान में रकहते हुए उन्होंने सभी प्रबन्धक थाना को विशेष हिदायत दी कि नशीले पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाकर नशीले पदार्थों की तस्करी में संलिप्त आरोपियों के सख्त करवाई की जाए। इसके साथ-साथ पुलिस अधीक्षक ने कबूतरबाजी व साइबर ठगी के मामलों में गहनता से जांच कर आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने के आदेश दिए। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कबूतरबाजी पर शिकन्जा कसने के लिए जिला पुलिस द्वारा मोबाइल नंबर 80530-03400 जारी किया गया है।

# सुपर 100 के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत**
**सोमपाल सैनी**

**शनिवार को** खरखौदा के पी.एम. श्री राजकीय माध्यमिक विद्यालय में हरियाणा सरकार की महत्वकांक्षी योजना मिशन बुनियाद व सुपर 100 के लिए जागरूकता शिविर का ' आयोजन किया गया।

जिसमें ब्लॉक खरखौदा के सभी सरकारी स्कूलों के 8 वीं तथा 10वीं कक्षा के तीन-तीन टॉपर विद्यार्थियों, उनके अभिभावक, एस एम सी सदस्यों व स्कूल प्राचार्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ खरखौदा खण्ड शिक्षा अधिकारी सुजाता खत्री की द्वारा




दीप प्रज्जलित करके किया गया। उन्होंने छात्रों को सरकार की मिशन बुनियाद व सुपर 100 कार्यक्रम के बारे में बता कर उन्हें इन योजनाओं का लाभ उठाकर डॉक्टर व इंजीनियर बनने के अपने सपने पूरे करने के बारे में प्रेरित किया। इस अवसर पर विकल्प फाउंडेशन टीम द्वारा बुनियाद व सुपर 100 योजना में रजिस्ट्रेशन से लेकर परीक्षा की तैयारी व ट्रेनिंग सैन्टर आदि से सम्बन्धित पूरी जानकारी दी तथा उपरोक्त योजनाओं से सम्बन्धित छात्रों व अभिभावकों के सवालों के जवाब भी दिए। इस कार्यक्रम में जिला विज्ञान विशेषज्ञ सुरेन्द्र सिंह नोडल अधिकारी के तौर उपस्थित रहे तथा उन्होंने भी छात्रों को बुनियाद व सुपर 100 योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। विकल्प फाउंडेशन समुदाय प्रबंधक कपिल द्वारा भी छात्रों को जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय की प्राचार्या निर्मल धनेरवाल व विद्यालय स्टाफ सदस्यों द्वारा किया गया।

# खेत में पराली जलाने पर किसान के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः बहालगढ़ थाना** क्षेत्र के गांव खेवड़ा में खेत में पराली जलाने की सूचना के बाद मौके पर पहुंची कृषि विभाग की टीम ने मुआयना किया। उसके बाद मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित किसान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। हल्का पटवारी मुकेश कुमार ने बताया कि वह गांव खेवड़ा का पटवारी है। गत 27 नवंबर को उन्हें एक आगजनी की लोकेशन प्राप्त हुई। उसके बाद टीम के साथ व लोकेशन पर पहुंचे। जहां पता चला कि धान की पराली जल रही है। मौके से आगजनी की फझ्ोटझ्ो व वीडियों बनाई गई। उसके बाद पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित किसान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई ओमप्रकाश ने बताया कि आरोपित विजय के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपित के खिलाफ आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# स्कूल से घर लौट रहे छात्र पर तेजधार हथियार से हमला करने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः कुंडली थाना** क्षेत्र के गांव अटेरना में स्कूल से वापिस लौट रहे छात्र पर तेजधार हथियार से हमला कर घायल करने व धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। घायल के बयान पर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव अटेरना निवासी अनुज ने बताया कि वह अटेरना स्कूल में 11वीं कक्षा में पढ़ता है। गत 28 नवंबर को स्कूल के अंदर कक्षा में पढ़ने वाले लड़के सोनू के साथ झगड़ा हो गया। उसके बाद वह स्कूल से चला गया। करीब साढ़े तीन बजे के बाद स्कूल से घर जाते समय सोनू अपने साथियों के साथ आ गया। उसका रास्ता रोककर हाथों में लोहे के पंचनुमा हथियार से सिर व मुंह पर चोट मारी। उसने शोर मचाया तो हमलावर धमकी देकर फरार हो गए। उपचार के लिए उसे अस्पताल में लाया गया। जहां उसे छुट्टी मिल गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल के बयान दर्ज कर आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। जांच अधिकारी एचसी विकास कुमार ने बताया कि जल्द से जल्द आरोपितों के खिलाफ आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# सड़क मार्ग पार करते समय अज्ञात वाहन ने बुजुर्ग को चपेट में लिया

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः कुंडली थाना** क्षेत्र में ड्रेन नंबर-8 के पास दिल्ली-पानीपत सड़क मार्ग पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार वाहन ने सड़क पार कर रहे बुजुर्ग को चपेट में ले लिया। हादसे में बुजुर्ग घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे रेफर कर दिया। नागरिक अस्पताल में आने पर उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। गांव हरिखेड़ा उत्तर प्रदेश निवासी चंद्रपाल ने बताया कि उसका बेटा धनीराम (50) काम की तलाश में वह औद्योगिक क्षेत्र में आया हुआ था। वह पहले भी कुंडली औद्योगिक क्षेत्र में काम करता था। गत 28 नवंबर को करीब साढ़े तीन बजे पानीपत से दिल्ली रोड ड्रेन नंबर-8 के पास सड़क मार्ग को पार कर रहा था। उसी दौरान एक तेज रफ्तार वाहन ने चपेट में ले लिया। हादसे में घायल को उपचार के लिए निजी अस्पताल में लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर नागरिक अस्पताल सोनीपत में पहुंचे। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। जांच अधिकारी एसआई नरेश कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द वाहन चालक का पता लगाकर आगामी कार्यवही अमल में लाई जायेगी।

# फैक्टरी से सामान चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपतः राई थाना** क्षेत्र में स्थित कंपनी में सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। कंपनी के कर्मचारी ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव शामली उत्तर प्रदेश निवासी नवनीत कुमार ने बताया कि वह कंपनी में काम करता है। गत 23 नवंबर को वह घर गया था। फैक्ट्री बंद थी। जब वह वापिस आया तो 25 नवंबर को कंपनी में आया तो सामान गायब मिला। सामान की जांच की तो एक ट्रांसफार्मर, कॉपर वायर, टूल्स किट, चार मोटर गायब मिली। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया।

# सोनीपत विधानसभा में 40 हजार से ज्यादा भाजपा सदस्य बनाने के लिए कार्यकर्ता बधाई के पात्र : निखिल मदान

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत : भाजपा** के "राष्ट्रीय सदस्यता अभियान-2024" के अन्तर्गत सोनीपत विधानसभा संगठन की बैठक का आयोजन शनिवार को सोनीपत विधायक निखिल मदान के सेक्टर 14 स्तिथ कार्यालय पर किया गया।

इस बैठक में तीनों मंडलों की समस्त कार्यकारिणी,शक्ति केंद्र प्रमुख, बूथ अध्यक्ष और अन्य सभी पदाधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर सैकड़ों लोगों ने ऑनलाइन पद्धति से भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर आमजन में भारतीय जनता पार्टी के सदस्य बनने के प्रति बहुत जोश और उत्साह देखने को मिला। अपने संबोधन में विधायक निखिल मदान ने कहा कि आज देश में भाजपा ही एकमात्र पार्टी है जो राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखती है। इसी का नतीजा है कि हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की पूर्ण बहुमत से सरकार बनी है। भाजपा का हर कार्यकर्ता पार्टी के लिए दिन रात मेहनत करता है। विधायक निखिल मदान ने सभी कार्यकताओं से अपील करी कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी संगठन से जोड़े और भाजपा का प्राथमिक सदस्य बनाएं। इसके लिए 8800002024 पर मिस कॉल करें और जरूरी विवरण दर्ज करके ऑनलाइन पद्धति से भाजपा का सदस्य बनाएं। इसके लिए रेफरल कोड का प्रयोग अवश्य करें।

इस मौके पर अपने-अपने बूथ पर 250 से अधिक भाजपा सदस्य बनाने वाले कार्यकताओं को भी विधायक निखिल मदान और जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा द्वारा सम्मानित किया गया। जिसमें संजीव वलेचा, धीरेंद्र शांडिल्य प्रमुख रहे।

इसी बैठक में वरिष्ठ नागरिक परिषद अध्यक्ष बी आर आहूजा ने अपने साथियों के साथ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उन्हें जिला अध्यक्ष और विधायक निखिल मदान ने पटका पहनाकर भाजपा में शामिल करवाया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष जसवीर दोदवा, ओम प्रकाश आत्रेय, सदस्यता अभियान के जिला संयोजक मनोज जैन, तीनों मंडलों के अध्यक्ष सुरेंद्र मदान, मुकेश बत्रा, नरेश वर्मा , सदस्यता अभियान जिला सह पर्यवेक्षक रविंद्र जागलान, महामंत्री नवीन मंगला, निगम पार्षद हरिप्रकाश सैनी, त्रिभुवन बबीता कौशिक, मुकेश सैनी, मुनिराम ठोलेदार, ममता महेश लूथरा, इंदु संजीव वलेचा, संगीता देवेंद्र सैनी, भूपेंद्र गहलावत, राजेश मलिक, सुरेश भारद्वाज,पवन तनेजा,राकेश शर्मा,धीरेंद्र शांडिल्य,सुशील पाराशर , हरि सिंह, देवेश बल,अमन दुरेजा,अश्वनी वर्मा,राजेश वर्मा,अशोक कुमार,कुलदीप वत्स आदि लोग मौजूद रहे।

# घर के बाहर धान से भरी ट्राली से धान चोरी, मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः सदर थाना** क्षेत्र के गांव हरसाना में घर के बाहर खड़ी ट्राली से धान के चोरी होने का मामला सामने आया है। किसान ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस धान चोर का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गांव हरसाना कलां निवासी नीरज ने बताया कि वह खेती बाड़ी का काम करता है। गत 22 नवंबर को वह खेत से धान की फसल निकालकर लाया था। उसे ट्राली में डालकर घर के बाहर खड़ा कर दिया। उसके बाद 26 नवंबर को सुबह छह बजे देखा तो ट्राली से धान गायब मिला। अपने स्तर पर धान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई नरेंद्र ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द चोर का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# जिला स्वास्थ्य अधिकारी के हस्ताक्षर अपडेट न होने के चलते 250 से ज्यादा दिव्यांग प्रमाण-पत्र अटके

## अस्पताल में चक्कर काटने पर मजबूर दिव्यांग व उनके परिजन, पंचकूला से होना है हस्ताक्षर साइट पर अपडेट

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः जिले में** स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर विभाग की तरफ से बरती जा रही लापरवाही आमजन पर भारी पड़ रही है। जिसके चलते आमजन में प्रदेश सरकार की कार्यशैली की छवि पर भी सवाल उठाए जा रहे है। जिला नागरिक अस्पताल में ओपीडी सेवाओं से लेकर नागरिक सेवाओं में लोगों को परेशानी का सामना करने पर मजबूर होना पड़ा है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी के सेवानिवृत होने के बाद अस्पताल का अतिरिक्त भार पानीपत के स्वास्थ्य अधिकारी को सौंपा गया है। सोनीपत का अतिरिक्त पद भार संभाल रहे अधिकारी के पंचकूला से हस्ताक्षर अपडेट न होने के चलते दिव्यांगों की करीब 250 से ज्यादा फाइलें अटकी पड़ी है। उन्हें अपने स्कूल व विभागों में प्रमाण-पत्र जमा करवाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

> सोनीपत व पानीपत का कार्य विभाग की तरफ से सौंपा गया है। समय रहते जरूरी कागजी कार्यवाही करने के लिए विभाग व उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका है। हस्ताक्षर पंचकूला से अपडेट होने है। अपडेट होने के बाद दिव्यांगों के प्रमाण-पत्र जारी कर दिए जायेगें। स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर करने के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे है। प्रबधंन की तरफ से चिकित्सक की डयूटी को लेकर जानकारी मिली है। इस संबंध में बातचीत की जा रही है।
>
> **डा. जयंत आहूजा, जिला स्वास्थ्य अधिकारी, अतिरिक्त पदभार।**

बता दें कि नागरिक अस्पताल सोनीपत में करीब आठ माह से प्रधान चिकित्सक अधिकारी का पदभार खाली पड़ रहा है। अस्पताल का पदभार सीएमओ को सौंपा गया था, लेकिन गत माह पहले जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. जयकिशोर सेवानिवृत्त हो गए। जिसके बाद नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सक अधिकारी व जिला स्वास्थ्य अधिकारी का पदभार पानीपत के स्वास्थ्य अधिकारी को सौंपा गया है। अस्पताल में ओपीडी सेवाओं को लेकर प्रबंधन द्वारा लगाई जा रही चिकित्सकों की ड्यूटी को लेकर प्रबंधन पर सवाल उठाए जा रहे है। सबसे ज्यादा मरीजों को हड्डी रोग विभाग व नेत्र रोग विभाग सहित ईएनटी में उठानी पड़ रही है। अस्पताल में आने वाले मरीजों को घंटों लाइनों में लगने के बाद भी ढंग से उपचार नहीं मिल पा रहा है।

**प्रबंधन**

**नागरिक अस्पताल व जिला स्वास्थ्य विभाग मैन पावर की कमी का खामियाजा भुगत रहा**

**एक हस्ताक्षर ने रोकी दिव्यांगों की 250 से ज्यादा फाइलें-**नागरिक अस्पताल व जिला स्वास्थ्य विभाग मैन पावर की कमी का खामियाजा भुगत रहा है। जिसका असर सबसे ज्यादा आमजन को मिलने वाली सेवाओं पर देखने को मिल रहा है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी के सेवानिवृत होने के बाद समस्या ज्यादा बढ़ गई है। वहीं जिले में दिव्यांग प्रमाण-पत्र बनवाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी के पंचकूला से साइट पर हस्ताक्षर अपलोड न होने के चलते दिव्यांगों की 250 से ज्यादा फाइलें अधर में लटकी पड़ी है। किसी को स्कूल में प्रमाण-पत्र जमा करवाने है, तो किसी को विभागों में अपने प्रशासनिक कार्यो के लिए देने है। एक हस्ताक्षर ने प्रमाण-पत्रों को रोक रखा है।

# नरेलाः प्रदीप भारद्वाज ने भात भरकर पेश की मानवता की मिसाल






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दौड़ती भागती जिंदगी में जहां सामाजिक ताना-बाना टूट रहा है। वही नरेला के स्वतंत्र नगर निवासी प्रसिद्ध समाजसेवी व भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता प्रदीप भारद्वाज ने सामाजिक भाईचारे का अनूठा उदाहरण पेश किया है। प्रदीप भारद्वाज ने भाई के रूप में भाती बनकर महिला के घर साथियों संग पहुंचकर लड़की की शादी के लिए भात भरकर आए। एक साथ भात लेकर पहुंचे इतने भाइयों को देखकर बिन भाई की महिला व उनके परिवार के लोगों के खुशी के मारे आंसू छलक गए। समाजसेवी प्रदीप भारद्वाज द्वारा किए गए इस कार्य की पूरे गांव ने जमकर सराहना की।

मिली जानकारी के अनुसार होलंबी गांव में रहने वाली सुषमा सैनी की बेटी की शादी थी। महिला के कोई भाई ना होने के कारण सुषमा बेटी की शादी में भात भरने को लेकर परेशान थी जैसे ही बेटी की शादी की जानकारी युवा समाज सेवी व भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता प्रदीप भारद्वाज को मिली तो उन्होंने शादी में भात भरने का फैसला लिया। उन्होंने सुषमा को धर्म की बहन बनाकर साथियों के साथ होलंबी पहुंचकर बहन को चुनरी उडाकर भात भरा और भात का पूरा सामान भी दिया। इस मौके पर वहां पर मौजूद कुछ बुजुर्गों ने कहा कि इस प्रकार के मानवता के कार्य सभी को करने चाहिए, जो व्यक्ति किसी की मदद करता है, उसकी मदद के लिए ईश्वर हमेशा ही आगे रहते है। इसलिए सभी ऐसे मानवता भरे कार्य के लिए आगे आये। वहां पर मौजूद लोगों ने यह भी बताया कि मानवता, मनुष्य को मनुष्य बनाने वाला गुण है। यह हमें दूसरों के प्रति सम्मान, सहानुभूति, और समर्थन दिखाने की प्रेरणा देती है। इसलिए हम तो बस इतना ही कहना चाहते है कि सभी कन्यादान करें और बेटी की मदद करें। क्योंकि कन्यादान व कन्या की मदद करना एक प्रकार से पुण्य का कार्य है।

## भाजपा झुग्गीवासियों के साथ नहीं होने देगी अनर्थः विष्णु



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली विधानसभा** चुनाव के ऐलान होने से पहले ही दिल्ली के झुग्गी झोपड़ी वालों को अब केजरीवाल सरकार डराने और धमकाने की कोशिश करना शुरू कर दिया है। आम आदमी पार्टी को वोट ना देने पर उनकी झुग्गियों को उजाड़ने की धमकियां दी जा रही है कुछ ऐसी ही घटना आज दिल्ली के जंगपुरा में सामने आई जब एक नोटिस का बहाना लेकर आम आदमी पार्टी के कुछ लोगों ने झुग्गियों में जाकर झुग्गियां उजाड़ने की धमकी देने लगे। स्थानीय लोगों ने जब इसका विरोध किया और भाजपा कार्यकर्ताओं से सम्पर्क किये जिसके बाद दिल्ली भाजपा महामंत्री विष्णु मित्तल, निगम पार्षद अर्जुन मारवाह और झुग्गी प्रकोष्ठ से सुशील चौहान सहित अन्य पदाधिकारी मौके पर पहुंचे तो वहाँ पर आए आम आदमी पार्टी के लोग और जे.वी.जी. लेकर आये कुछ सरकारी कर्मी वहां से भाग गए।

## दिल्ली पंचायत संघ ने किया मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का स्वागत



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली पंचायत संघ** ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय डॉ. मोहन यादव के दिल्ली आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व ओबीसी चेयरमैन दिल्ली, जगदीश यादव, जो वर्तमान में अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के अध्यक्ष हैं ने संगठन के अन्य पदाधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का अभिनंदन किया। दिल्ली पंचायत संघ के प्रमुख थान सिंह यादव ने मुख्यमंत्री को गांव, ग्रामीण और किसानों के उत्थान के लिए उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने दिल्ली के देहात, गांव और किसानों से संबंधित मुद्दों की जानकारी भी मुख्यमंत्री को दी और इन समस्याओं के समाधान के लिए समर्थन मांगा। इस मौके पर जगदीश यादव ने कहा, हम ओबीसी समाज को साथ लेकर चल रहे हैं और उनके हितों की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। उनकी मांगों को लेकर हम आगे बढ़ रहे हैं और समाज के कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पंचायत संघ के पदाधिकारियों और ओबीसी समाज के नेताओं के प्रयासों की प्रशंसा की और ग्रामीण विकास के लिए उनके योगदान को महत्वपूर्ण बताया।

उन्होंने ग्रामीण और किसान समाज से जुड़े मुद्दों को गंभीरता से सुनने और उनके समाधान के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया।

## साहित्य सेवी सम्मान से सम्मानित होंगे रामकिशोर उपाध्याय



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः महादेव के** परम भक्त स्व. पंडित धनुषधारी गिरि स्मृति साहित्य सेवी सम्मान 2024 इस वर्ष वरिष्ठ साहित्यकार रामकिशोर उपाध्याय जी को 22 दिसंबर को 'युवा उत्कर्ष साहित्यिक मंच' के ग्यारहवें वार्षिक उत्सव में विष्णु दिगम्बर मार्ग पर स्थित हिंदी भवन, दिल्ली में दिया जाएगा। धनुषधारी गिरि मूलतः उतर प्रदेश के जिला आजमगढ़ के अहिरौला बाजार में स्थित विशुनपुरा गांव के रहने वाले थे। रोजगार के चलते विवाह के बाद वे दिल्ली के करतार नगर में अपने परिवार के साथ रहकर अपनी जीविका उपार्जन हेतु एक प्राइवेट फर्म में छोटी सी नौकरी करते थे। खाली वक्त में वे भगवान सत्य नारायण की कथा बांच कर अपना जीवन यापन किया करते थे। 23 सितंबर 2021 को लगभग 89 वर्ष की उम्र में उनका स्वर्गवास हो गया। आज वह हमारे बीच में नहीं हैं लेकिन उनके आदर्श हमें हमेशा सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते रहेंगे। उनकी पावन स्मृति में उनके पुत्र संजय कुमार गिरि द्वारा इस वर्ष से यह सम्मान प्रारंभ किया जा रहा है।

## अंमबारई गांव में पहुंची गांव देहात बचाओं यात्रा



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः पालम 360** खाप के प्रधान चौधरी सुरेंद्र सोलंकी नेतृत्व में गाँव देहात बचाओ यात्रा द्वारका के अंमबाराई गाँव पहुँची। पंचायत की अध्यक्षता चौधरी सुबे सिंह ने की। जिसमें ग्रामीणों की समस्याओं पर चर्चा की गई।

इस पंचायत का मुख्य उद्देश्य गांवों की गंभीर समस्याओं पर सरकार का ध्यान आकर्षित करना था, खासतौर पर हाउस टैक्स माफी कि घोषणा जो पिछले साल मेयर द्वारा कि गई थी उसका नोटिफिकेशन तुरंत लाया जाये, पुश्तैनी संपत्ति का मालिकाना हक निःशुल्क दिया जाए, जिन किसानों की भूमि अधिग्रहण में गई थी उनके वैकल्पिक प्लॉट तुरंत दिये जाये। सर्कल रेट बढ़ाकर 10 करोड़ रुपया किया गए, लाल डोरे का विस्तार किया जाए, 74/4 एवं 20 सूत्री के तहत आवंटित भूमि व प्लॉट का मालिकाना तुरंत दिया जाए। चौधरी सुरेंद्र सोलंकी ने पंचायत के दौरान कहा कि दिल्ली के गाँवों के हालात बद से बदतर होते जा रहे किसी भी सरकारों ने गाँवो के ऊपर कोई ध्यान नहीं दिया आज हालात इतने खराब हो चुके है कि गाँवो के लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर है और हमारी मूलभूत सुविधाओं से हमें वंचित रखा गया है।

## हरी नगर घंटाघर से शुरू हुई दिल्ली न्याय यात्रा



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने दिल्ली न्याय यात्रा के 23वें दिन परम्परागत वंदे मातरम गायन और ध्वजारोहण के बाद हरी नगर घंटाघर, शास्त्री मार्केट से शुरू की। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे हमारा काफिला आगे बढ़ रहा है, दिल्ली की जनता के यात्रा के साथ जुड़ने से अधिक मजबूत हो रहा है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से दिल्ली की जनता न्याय यात्रा के साथ अत्यधिक संख्या जुड़ रही है, मैं अपील करता हूं कि 2025 में उस कांग्रेस को चुने जिसने 15 साल दिल्ली की सेवा करने का काम किया था। हमने दिल्ली की सूरत बदलकर प्रदूषण कम करने की दिशा में सीएनजी, मेट्रो और फ्लाईओवर बनवाए। वृद्धों को पेंशन, गरीबों को राशन पर्याप्त मात्रा दिया। हमने दिल्ली का जो विकास किया, उससे हर महीने में नई दिल्ली आगे बढ़ती नजर आती थी। दिल्ली न्याय यात्रा आज 23वें दिन हरी विधानसभा में हरी नगर घंटाघर, शास्त्री मार्केट से शुरू होकर गांधी पार्क, गांधी मार्केट, गुरुद्वारा रोड़, बी ब्लाक हरी नगर, सनातन धर्म मंदिर सुभाष नगर, काला बर्गर वाला चौक, मिलाप मार्केट, राधास्वामी आश्रम, अग्रवाल स्वीट्स तिहाड़ गांव, खालसा स्कूल, होम स्वीटस जेल रोड़, दिल्ली हाट, जनकपुरी, जी ब्लॉक हरी नगर, जल बोर्ड बूस्टर पंप, बी2 जनकपुरी, सूरजमल कॉलेज, माता चानन देवी अस्पताल से आगे बढ़कर 40 फुटा रोड़, चाणक्य प्लेस-2 सीतापुरी में यात्रा का समापन हुआ। श्री यादव ने सुभाष नगर गुरुद्वारा में जाकर न्याय योद्धाओं के साथ माथा टेका।

दिल्ली न्याय यात्रा में प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के साथ सचिव प्रभारी सुखविन्दर सिंह डैनी, एनएसयूआई अध्यक्ष वरुण चौधरी, पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज, एडवोकेट सुनील कुमार, सी.पी. मित्तल और अमृता धवन, जिला अध्यक्ष धर्मपाल चंदेला मौजूद रहे।

## बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र में शुद्ध जल को तरस रहे है लोगः भारद्वाज



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः करावल नगर** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने बताया कि बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के लोग आप राज में कई समस्याओं से जूझ रहे है, जहां एक ओर बुराड़ी इलाके में सड़को का बुरा हाल है, वहीं दूषित जल से लोगों को कई प्रकार की बिमारियां हो रही है। उन्होंने बताया कि बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र में जाम की समस्या को देखते हुए अब तो रिश्तेदार भी आने से कतराने लगे है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने बुराड़ी जाम की समस्या को लेकर कुछ नहीं किया है। आज भी बुराड़ी के मेन रोड़ सहित कई मुख्य इलाको के रोड़ों पर जाम की समस्या जस की तस है। लेकिन सरकार ने समस्या के समाधान पर ध्यान नहीं दिया है। जिला अध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने बताया कि आम आदमी पार्टी वैसे तो कहती है कि हम दिल्ली की जनता को मुफ्त पानी दे रहे है, लेकिन बुराड़ी की लगभग सभी कॉलोनियों में गंदा पानी आ रहा है और मजबूर होकर जनता को बाजार से महंगें दामों पर पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार को जनता को शुद्ध जल मुहैया करवाना चाहिए, लेकिन आम आदमी पार्टी के राज में जनता शुद्ध जल को तरस रही है।

## भारतीय जनता पार्टी की नजफगढ़ में हुई विशाल जनसभा



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः विधानसभा** चुनाव की तैयारी के सिलसिले में नजफगढ़ में आज एक विशाल जनसभा का आयोजन हुआ। जिसमें दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, महामंत्री व सांसद कमलजीत सहरावत व योगेंद्र चांदोलिया, वरिष्ठ नेता अरविंदर सिंह लवली, दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार और उसके संयोजक अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा। सभा का संयोजन दिल्ली भाजपा के सहयोग सैल के सह संयोजक प्रवीण शर्मा के संयोजन में हुआ। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि सुबह जब हमने एक प्रेसवार्ता कर उत्तम नगर के विधायक नरेश बालयान और गैंगेस्टर के बीच का ऑडियों क्लिप सुना जिसमें गैगंस्टर को ज्ञान दिया जा रहा था। उसका परिणाम भी आ गया है और दिल्ली पुलिस ने उस नरेश बालयान को डिटेन कर लिया है। नरेश बालयान के साथ ही आप विधायकों अमानतुललाह खान, प्रकाश जरवाल, शरद चौहान, अखिलेश त्रिपाठी, संजीव झा, सुरेन्द्र कमार, जयभगवान, दिनेश मोहनिया, सोमनाथ भारती और निगम पार्षद ताहिर हुसैन पर गम्भीर अपराधिक आरोप हैं। उन्होंने कहा आज दिल्ली का पूर्व मुख्यमंत्री बेल पर बाहर हैं, पूर्व उपमुख्यमंत्री बेल पर, सांसद बेल पर हैं और ये कहते हैं कि दिल्ली का विकास करेंगे। दिल्ली को लूटने के अलावा पिछले 10 सालो में अरविंद केजरीवाल ने कुछ नहीं किया है। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि जिन 10,000 मार्शलों को अरविंद केजरीवाल के एक हस्ताक्षर से बेरोजगार कर दिया गया था। उन्हीं में से एक बस मार्शल ने आज उनके तरफ आगे बढ़कर यह कहने की कोशिश की थी कि हमें जल्द बहाल करो लेकिन अरविंद केजरीवाल और उनके सभी नेता एक बार फिर से विलाप करने लगे कि अरविंद केजरीवाल पर हमला किया गया।

सचदेवा ने कहा कि दिल्ली में जहां भी केजरीवाल जाते हैं वहां दुनिया भर की बातें करते हैं लेकिन शीशमहल में लगे टॉयलेट सीट, पर्दा, फ्रीज, और ना जाने और कितनी किमती समान लगे हैं उसकी बात नहीं करते हैं।

## मॉडल टाउनः धूमधाम से मनाई गई राहुल वधवा और स्निग्धा वधवा की शादी की वर्षगांठ






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** चांदनी चौक जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष विनोद वधवा के पुत्र और मॉडल टाउन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राहुल वधवा और स्निग्धा वधवा की 24वीं शादी की वर्षगांठ मॉडल टाउन में मनाई गई। इस अवसर पर विनोद वधवा, अंजना वधवा, अनुषा वधवा, दीशिता वधवा, बिमला सूरी, अजीत सूरी, नीरू सुरी, सौरभ सूरी, गरिमा सूरी, इंद्रजीत साहनी, अमिता साहनी, पवन कपूर, अनीता कपूर, मोहित कपूर, प्रिया कपूर, अनिल वधवा, हरदेश खेतरपाल, आरती खेतरपाल, अनिल वधवा, राज वधवा, गुलशन साहनी, शारदा साहनी, गरिमा साहनी, हिमांशु वधवा, रतिका वाधवा, अंकित वधवा, कृति वधवा, आदित्य वधवा, निकिता वधवा, अर्जित वधवा, दिव्या वधवा, आरुष वधवा, अंशिका वधवा, आरुष वधवा, सौरभ सूरी, गरिमा सूरी, मोहित कपूर, प्रिया कपूर, विशाल, वृंदा इसके अलावा नरेंद्र चुग, गीता राकेश भारद्वाज, रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष निर्भय नरूला, कमलेश नरूला, अध्यक्ष मुकेश सूर्या, अंजना सूर्या, सचिव रश्मि बजाज, राजीव खरबंदा, मंजू खरबंदा, अमित वधवा, जे के डावर, रोटरी क्लब के सभी मेंबर्स ने बधाई संदेश भेजे। इसके अलावा बधाई देने वालों में पायल साहनी, विक्की अरनेजा, दीक्षा अरनेजा, जनक आनंद, वीना बजाज, शशि चढ़ा, शिव कुमार भसीन, संजय भसीन, आर एम आनंद, शम्मी आनंद, आरती वधवा भसीन, राजिंदर वधवा, रुचिका आनंद, रवि कोचर, हर्षी मल्होत्रा, अलका महाजन, शैली सहगल, नवजोत कौर मान, सुरिंदर चावला मलिक, रमेश जैन, अनिल शर्मा, आनंद शर्मा, लोकेश भाटिया, रमेश गोयल, मंजू दुआ, मोहन गर्ग, निर्मल बोबल, हरीश चौधरी, मुकेश वर्मा, संदीप जिंदल, गिनी रोदे, सचिन, सुनील सचदेवा, दिनेश अग्रवाल, सुरिंदर ढींगरा, लक्की महाजन, सुरजीत सिंह, बलजिंदर सिंह, प्रताप सिंह, जुगल किशोर, विकास चड्डा, सुनीता खुरना, अमित सहगल, मुकेश कुमार त्यागी सहित कई गणमान्य लोगों ने बधाई दी।

# वृंदावन आने से पहले करा सकते हैं गोल्फ कार्ट की ऑनलाइन बुकिंग

**बैठक**

**-बरसाना में मंडलायुक्त ने आवास और विकास कार्यों को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक**



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
बरसाना में मंडलायुक्त रितु माहेश्वरी ने जिले के अधिकारियों के साथ मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण द्वारा नगरीय अवस्थापना के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया और वही श्रीराधारानी के मंदिर पहुंच दर्शन कर बरसाना स्थित लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन सभागार में मथुरा के जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह के साथ मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण व जिले के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। दोपहर तीन बजे बरसाना स्थित लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन सभागार में मंडलायुक्त रितु माहेश्वरी द्वारा गोविंद विहार योजना के पंजीकरण का शुभारंभ किया, मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण द्वारा वृंदावन में संचालित गोल्फ कार्ट की ऑनलाइन बुकिंग सुविधा का शुभारंभ तथा उसके पश्चात मीडिया कर्मियों से बात करते हुए बताया कि एमवीडीए की काफी वर्षों बाद दो आवासीय योजना लायी गयी हैं।

जिनमें हनुमन्त विहार आवासीय योजना का ड्रा सफलतापूर्वक किया जा चुका है। आज गोविंद विहार आवासीय योजना पंजीकरण का शुभारंभ किया गया है। वहीं मण्डलायुक्त रितु माहेश्वरी ने बताया की एमवीडीए लैण्ड बैंक को लगातार बड़ा रही है। पत्रकारों द्वारा बरसाना आवास योजना को लेकर पूछे जाने पर बताया कि बरसाना आवास योजना की वार्ता चल रही है।

मथुरा, वृन्दावन, गोवर्धन और बरसाना दर्शन करने वालों की सुविधाओं को लेकर कार्य किये जा रहे हैं। बरसाना में मन्दिर मार्ग पर देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए शेड का कार्य चल रहा है। वाटर क्रोश, होल्डिंग, टायलेट, लाइटिंग, वालपेंटिंग आदि का कार्य प्रगति पर है। अगली होली तक कार्य पुर्ण कर लिए जायेंगे। आने वाली होली एक अलग ही दिखाई देगी।

# जवान का राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

**हार्ट अटैक**

**- दिलीप कुमार सिकरवार सीआरपीएफ की 127वीं बटालियन में उड़ीसा में तैनात थे।**



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
बलदेव के गांव छौली निवासी दिलीप कुमार सिकरवार सीआरपीएफ की 127वीं बटालियन में उड़ीसा में तैनात थे। ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक आने से उनका निधन हो गया। जिसके बाद उनके पैतृक गांव में पार्थिव शरीर को लाया गया। यहां राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार हुआ। बलदेव ब्लॉक के गांव छौली निवासी दिलीप कुमार सिकरवार सीआरपीएफ की 127वीं बटालियन में हवलदार पद पर उड़ीसा में तैनात थे। दो दिन पहले ड्यूटी करते समय तबीयत खराब हो गई। हृदय गति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से गांव और परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। शनिवार को गांव छौली में उनका शव आया तो भारत माता की जय, सैनिक दिलीप कुमार सिकरवार अमर रहें की गूंज गूंजती रही। सैनिक के अंतिम दर्शनों व शवयात्रा में काफी लोगों ने भाग लिया। उनका अंतिम संस्कार पूर्ण राजकीय सम्मान के साथ किया गया। सीआरपीएफ टुकड़ी ने सलामी दी।

## संक्षिप्त खबरें

### आधी रात को हाईवे पर ट्रक पलटने से तीन घंटे बाधित रहा यातायात

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
शुक्रवार देर रात करीब साढ़े बारह बजे आगरा से दिल्ली की ओर जा रहा ट्रक अचानक टाउनशिप पुल से आगे मंगल बाजार के समीप अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक पलटने से हाईवे अवरुद्ध हो गया और आगरा की ओर से आने वाले वाहनों की कई किमी लम्बी लाइन लग गई। इसके चलते जाम में फंसे वाहन चालकों को असुविधा का सामना करना पड़ा। ट्रक पलटने की जानकारी होने पर इलाका पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मशक्कत के बाद क्रेन व हाइड्रा की मदद से ट्रक को सीधा कराने के बाद एक तरफ हटवाकर जाम खुलवाया। इस दौरान करीब तीन घंटे तक जाम लगने से राहगीरों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। थानाध्यक्ष रिफाइनरी सोनू कुमार ने बताया कि ट्रक पलटने से जाम लग गया था। पुलिस ने मशक्कत के बाद हाइड्रा व क्रेन की मदद से ट्रक हटवाकर जाम खुलवाया। करीब तीन घंटे के बाद यातायात सुचारु हो सका।

### हिसार : स्टॉक मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर दो करोड़ की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**हिसार /टीम एक्शन इंडिया**
हिसार साइबर थाना पुलिस ने स्टॉक मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर दो करोड़ रुपए की ठगी मामले में एक आरोपी सोलापुर निवासी जैद अमुनाफ को सोलापुर, महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ जारी है। उसे अदालत में पेश करके चार दिन के राहदारी रिमांड पर लियाा गया है। साइबर थाना प्रभारी उप निरीक्षक सौरभ ने शनिवार को बताया कि 14 नवंबर को हिसार साइबर थाना में एनसीसीआरपी पोर्टल से स्टॉक मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर दो करोड़ की ठगी के बारे में शिकायत प्राप्त हुई। इसमें हिसार निवासी शिकायतकर्ता ने बताया कि उसने गूगल पर स्टॉक मार्केट ट्रेडिंग का एक विज्ञापन देखा। इस पर क्लिक करते ही मेटागोरेज की वेबसाइट ओपन हुई और उसे सिल्वर मेंबरशिप व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया, जिसमें चार व्यक्ति और जुड़े हुए थे। ग्रुप एडमिन ने मिलकर शिकायतकर्ता से बारी बारी ट्रेडिंग करवाई। शिकायकर्ता ने 8 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक ग्रुप एडमिन के कहने पर अलग अलग बैंक खातों में ट्रेडिंग के लिए दो करोड़ रुपए ट्रांसफर किए। इसके बाद शिकायकर्ता के ट्रेडिंग वेबसाइट अकाउंट में 9 लाख 74 हजार 872 डॉलर बैलेंस दिखाने लगा। शिकायतकर्ता द्वारा पैसे विड्रॉल करने के नाम पर राशि के 10 प्रतिशत एडवांस की मांग की गई। इस पर शिकायतकर्ता को ठगी का अहसास हुआ।थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने दी गई शिकायत पर साइबर थाना में केस दर्ज करके एक आरोपी जैद अमुनाफ को सोलापुर महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया गया है। शिकायतकर्ता से ठगी गई धनराशि आरोपी जैद अमुनाफ के बैंक अकाउंट में ट्रांसफर की गई थी। पुलिस ने आगामी पूछताछ के लिए उसे अदालत में पेश करके चार दिन के राहदारी रिमांड पर लिया है।

### हिसार : पेट्रोल पंप सेल्समैन से पैसे छीनने पर तीन गिरफ्तार

**हिसार /टीम एक्शन इंडिया**
स्पेशल स्टाफ व थाना सदर की संयुक्त टीम ने बहबलपुर एनर्जी प्वाइंट भारत पेट्रोलियम के पेट्रोल पंप सेल्समैन से रुपए छीनने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें मुजादपुर निवासी मंजीत, सातरोड निवासी रवि और नवदीप को गिरफ्तार किया है।उप निरीक्षक कुलदीप ने शनिवार को बताया कि बहबलपुर एनर्जी प्वाइंट भारत पेट्रोलियम के पेट्रोल पंप के सेल्समैन खेड़ी बरकी निवासी प्रवीण कुमार ने स्विफ्ट गाड़ी सवार तीन युवकों द्वारा नकदी छीनने के बारे थाना सदर हिसार में शिकायत दी थी। शिकायत में प्रवीण कुमार ने बताया कि 26 नवंबर की शाम को पेट्रोल पंप पर स्विफ्ट गाड़ी आई, जिसमें तीन लड़के सवार थे उन्होंने 500 रुपए का तेल डालने के लिए कहा। तेल डालने के बाद जैसे ही वह टंकी का ढक्कन बंद करने लगा तो एक लड़के ने उसे पीछे से पकड़ लिया और पेंट की जेब से 9-10 हजार रुपए झपटे से छीन कर भाग गए। पुलिस ने शिकायत पर कार्रवाई करते हुए केस दर्ज करके इन तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से वारदात में प्रयुक्त गाड़ी और 2500 रुपए बरामद किए है। पूछताछ के बाद आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत

## नगला रायसिंह में युवक पर किया जानलेवा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना महावन की ग्राम पंचायत पचावर के गांव नगला राय सिंह में जमीन विवाद में कुछ लोगों ने कुल्हाड़ी एवं लाठी डंडे से जानलेवा हमला किया। जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया घायल युवक को अस्पताल भेजा गया।

महेश कुशवाह खेत में फसल की गुड़ाई कर रहा था तभी राजवीर सिंह व उसके लड़के सोनू, पवन, मौनू, विष्णु ने आकर कुल्हाड़ी एवं लाठी डंडे से प्रहार किया चीख पुकार सुनकर खेतों पर काम कर रहे किसान दौड़े किसानों को देख कर तमंचा निकाला महेश के सीने पर चलाया लेकिन तमंचा चला नहीं

# अब दुनिया के पक्षी प्रेमियों का तीर्थ स्थल होगी ब्रजभूमि

**तीर्थ स्थल**

**--मथुरा, आगरा, भरतपुर जनपदों के 64 हेक्टेयर में विकसित हो रही जोधपुर झाल**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
ब्रजभूमि धार्मिक आस्था का केन्द्र रही है। अब यह पक्षी प्रेमियों का नया तीर्थ स्थल भी होगी। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा धर्म नगरी मथुरा और ताज नगरी आगरा आने वाले पर्यटकों के लिए फरह के निकट जोधपुर झाल वेटलैंड विकसित किया जा रहा है। टर्मिनल नहर और सिकंदरा राजवाह के मध्य करीब



चार किलोमीटर की परिधि में फैले जोधपुर झाल वेटलैंड के प्राकृतिक स्वरूप को संरक्षित किया जा रहा है।

जोधपुर झाल में 184 प्रजातियां रिकॉर्ड की गई हैं। जिनमें 142 आवासीय प्रजातियां एवं 50 प्रवासी प्रजातियां दिखती हैं। इसके लिए ईको-सिस्टम विकसित किया गया है। प्रवासी पक्षियों के अनुकूल हेविटाट विकसित किए जा रहे है। आवासीय पक्षियों के प्रजनन को बढाने और सुरक्षित करने के लिए लिए झाल में घना जंगल भी तैयार होगा। यहाँ सिविल कार्य फरवरी तक पूरा किया जाएगा। इसके बाद हरित पट्टी विकसित की जाएगी। वहां 7 वाटर बॉडी, 13 आइसलेंड और 13 हट के साथ 2200 रनिंग मीटर नेचर वॉक भी विकसित होगी। मथुरा, आगरा और भरतपुर के मध्य जोधपुर झाल को बर्ड सेंचुरी के रूप में विकसित करने की योजना पर काम चल रहा है। फरह के निकट 64 हेक्टेयर में फैली जोधपुर झाल पिछले कुछ सालों के दौरान देशी विदेशी पक्षियों की पसंद बन गई है।

जोधपुर झाल का निरीक्षण उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र ने किया। उन्होंने यहो निर्माण कार्य सहित अन्य व्यवस्थाओं को देखा। पर्यावरण विशेषज्ञ मुकेश कुमार शर्मा और पक्षी विशेषज्ञ डा. केपी सिंह के सुझाव पर कुछ सुधारात्मक आवश्यक दिशा निर्देश भी कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को दिए। इस मौके पर विकास प्राधिकरण के अभियंता गण भी मौजूद रहे।

पर्यावरण सलाहकार मुकेश शर्मा ने बताया कि जोधपुर झाल पर पर्यटको के लिए प्राथमिक सुविधाए तैयार की जा रही हैं।इसमें वॉच टावर, जैवविविधता के अध्ययन केंद्र , ईको टूरिज्म के लिए स्थानीय युवको को नेचर गाइड की प्रशिक्षण की सुविधा, सेमिनार हॉल, पार्किंग, कैन्टीन और टायलेट आदि शामिल है।

# जींद :कालेज में मेजर संजीव लाठर के शहीदी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**जींद/टीम एक्शन इंडिया**
जुलाना कस्बे के राजकीय कालेज में मेजर संजीव लाठर के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में जींद से विधायक और विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिड्ढा ने शिरकत की। रक्तदान शिविर में 68 युवाओं ने रक्तदान किया। वहीं स्वास्थ्य जांच शिविर में 120 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए डा. मिड्ढा ने कहा कि हमें शहीदों का पूरा मान सम्मान करना चाहिए। क्योंकि



उन्हीं के बलिदान के कारण हम आजादी की खुली हवा में सांस ले रहे हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सेना को मजबूत बनाने के लिए अनेकों योजनाएं चलाई हैं। कार्यक्रम में प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर समाजसेवी समुंद्र लाठर, विरेंद्र आर्य, डा. योगेश नांदल, पूर्व सैनिक नरेंद्र लाठर मौजूद रहे।

## जींद : चौधरी रणबीर सिंह विवि के वीसी ने दिया इस्तीफा

**जींद/टीम एक्शन इंडिया**
जींद की सीआरएसयू विश्वविद्यालय के वीसी डा. रणपाल सिंह ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उनके इस्तीफे के बाद वीसी का पद खाली हो गया है। डा. रणपाल सिंह का कार्यकाल जून 2025 में समाप्त होना था लेकिन इससे पहले ही उन्होंने इस्तीफा दे दिया। डा. रणपाल सिंह का कहना है कि उन्होंने अपने निजी कारणों से इस्तीफा दिया है। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय 2014 में अस्तित्व में आया था।

10 जून 2022 को डा. रणपाल सिंह ने जींद में विश्वविद्यालय के वीसी का पदभार संभाला था।

# जींद : एचआईवी एड्स लाइलाज बीमारी, जानकारी ही बचाव : डा. पालेराम




**जींद/टीम एक्शन इंडिया**
नागरिक अस्पताल में शनिवार को हरियाणा स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी के द्वारा विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डिप्टी सीएमओ डा. पालेराम, डा. नितिश सैनी ने की। कार्यक्रम में सतिंदर पाल, अभिषेक, रवि वर्मा, राजेंद्र, मनोज सांगवान सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित रहे। डिप्टी सीएमओ डा. पालेराम कटारिया ने एचआईवी एड्स के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि एचआईवी एक ऐसा वायरस है जो हमारे शरीर में जाकर पनपता है। इसे यदि किसी व्यक्ति के शरीर में एचआईवी का वायरस प्रवेश कर जाए तो देर सवेर उस व्यक्ति को एड्स नाम का रोग लग जाता है।

यह वायरस मनुष्य के शरीर के प्राकृतिक सुरक्षा तंत्र को धीरे-धीरे खत्म कर देता है जिसके कारण मनुष्य के शरीर में बीमारियों से लड? की ताकत नहीं रहती है और एक ऐसी स्थिति आ जाती है कि साधारण जुखाम जैसी बीमारी भी असाध्य हो जाती है। इसलिए एड्द्स एक लाइलाज बीमारी है। केवल जानकारी ही इसका बचाव है। डा. नितिश सैनी ने बताया कि एचआईवी एड्स मुख्य तौर से असुरक्षित संबंध स्थापित करने से संक्रमित सुई के प्रयोग होने से, संक्रमित रक्त के चढ? से और एचआईवी पॉजिटिव मदर को होने वाली संतान को एचआईवी फैलता है। इसलिए युवाओं को संयमित जीवन व्यतीत करना चाहिए। कभी भी संक्रमित सुई का प्रयोग ना होने दें और हमेशा ही अधिकृत व सरकारी ब्लड बैंक से रक्त लें। सभी गर्भवती महिलाओं का एचआईवी टेस्ट अवश्य करवाएं। अभिषेक व रवि वर्मा ने बताया कि एड्स बीमारी को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए विभाग द्वारा टोल फ्री नंबर 1097 भी दिया गया है।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सीधे दूधिया के कैन से भरा सैंपल

**विशेष अभियान**

**खाद्य सुरक्षा विभाग ने विशेष अभियान चलाकर खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए गए।**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
खाद्य सुरक्षा विभाग ने विशेष अभियान चलाकर खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए गए।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी भरत सिंह द्वारा गोवर्धन रोड मथुरा पर मिश्रित दूध, सोंख रोड पर मिश्रित दूध व बेसन तथा औरंगाबाद से सरसों के तेल के नमूनें लिए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी दलवीर सिंह द्वारा सादाबाद रोड राया स्थित किराने की दुकान से धनिया पाउडर और



लाल मिर्च पाउडर के एक एक नमूनें लिए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेंद्र सिंह द्वारा गोवर्धन से रिफाइंड सोयाबीन तेल का एक नमूना लिया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी मोहर सिंह द्वारा कठौती कुंआ से बेसन, गोविंद नगर से बर्फी, कोतवाली रोड मथुरा से पेस्ट्री तथा दरेशी रोड मथुरा से चाय का नमूना लिया गया। 28 नवंबर को खाद्य सुरक्षा अधिकारी दलवीर सिंह द्वारा बलदेव में मिश्रित दूध के दो तथा खीर मोहन का एक नमूना लिया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरुण कुमार द्वारा लक्ष्मी नगर व कृष्णापुरी में मिश्रित दूध के एक एक नमूने लिए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी गजराज सिंह द्वारा वृंदावन में अरहर की दाल का एक तथा पेड़े के दो नमूने लिए गए।

29 नवंबर को खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरुण कुमार द्वारा सिविल लाइन्स क्षेत्र से मिश्रित दूध और खोया का एक एक नमूना लिया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी धर्मेंद्र कुमार द्वारा कोसीकलां से गुड़ और चना के एक एक नमूनें लिए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी गजराज सिंह द्वारा वृंदावन से मूंग दाल, बेसन और चाय का एक एक नमूना लिया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राम नरेश द्वारा मांट तहसील में यमुना एक्सप्रेस वे स्थित ढाबे से पनीर और हल्दी पाउडर के तथा पानी गांव से मिश्रित दूध, घी और बर्फी के नमूने लिए गए।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी दलवीर सिंह द्वारा गोकुल बैराज स्थित किराने की दुकान से गेहूं का आटा का एक नमूना लिया गया। इसके अतिरिक्त दलवीर सिंह द्वारा नगला खूबी महावन स्थित वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया गया और वहां से काबुली चना और चावल का एक एक सर्विलांस नमूना लिया गया।

# किसान संगठन ने एक बार फिर सरकारी कार्यालय पर जड़ा ताला

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय किसान यूनियन सुनील के कार्यकताओं ने अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत मंडी सचिव कार्यालय की तालाबंदी कर मंडी सचिव व मंडी के अन्य अधिकारियों को बंधक बनाकर धरना स्थल पर बैठाया मंडी सचिव के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। सभी समस्याओं का समाधान एक महीने में कराने का आश्वासन मंडी सचिव ने दिया। उसके बाद धरना प्रदर्शन समाप्त हुआ भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील चौधरी राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी ने कहा कि मंडी सचिव किसानों की समस्याओं पर ध्यान



नहीं देते मंडी में जन समस्या सुरसा की तरह मुंह फाड़े हुए हैं। मंडी सचिव हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं जलभराव की समस्या भयंकर रूप धारण किए हुए हैं। मंडी में जलभराव के कारण किसानों का धान पानी में बह जाता है। किसानों का भारी नुकसान होता है। इस संबंध में मथुरा जनपद के सभी अधिकारियों को अवगत करा दिया गया था लेकिन समस्या का समाधान आज तक नहीं हुआ। मजबूर होकर तालाबंदी की गई है। अधिकारियों को बंधक बनाया गया है। आगरा मंडल अध्यक्ष नीरज प्रधान जिला अध्यक्ष थान सिंह पहलवान उत्तर प्रदेश के प्रमुख महासचिव उदयभान सिंह जाटव ने कहा मंडी सचिव किसान विरोधी है। किसान हित के लिए कुछ भी नहीं करते सिर्फ किसानों का शोषण करते हैं। मंडी समिति में जलभराव की समस्या विकराल रूप धारण किए हुए हैं। इसके समाधान की मांग के लिए 20 बार ज्ञापन के माध्यम से मंडी सचिव को अवगत कराया गया था लेकिन मंडी सचिव ध्यान नहीं देते हैं। किसानों के अनाज रखने के लिए मंडी समिति में कोई टिन सेट खाली नहीं है। किसानों का अनाज खुले आसमान के नीचे पड़ा रहता है। किसानों के रुकने के गेस्ट हाउस पर भी मंडी सचिव का कब्जा है। मंडी सचिव ने एक महीने में सभी समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन दिया उसके बाद मंडी समिति की तालाबंदी खोली गई। इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव लक्ष्मण चौधरी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ प्रवीण भास्कर एडवोकेट, जिला उपाध्यक्ष श्याम सुंदर विमल, जिला प्रभारी सुनील चौधरी, महानगर अध्यक्ष मुजाहिद कुरैशी, ववलू चौधरी, जीत चौधरी, शिवा बघेल, वीरेंद्र चौधरी, सत्येंद्र चौधरी, पवन चौधरी, पवन कुंतल गुड्डू, उमेश चौधरी, विनोद चौधरी, हर्ष चौधरी सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# गुरुग्रामः प्रभावित होकर लोग बन रहे हैं भाजपा के सदस्यः कमल यादव

**गुरुग्राम/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर्व सदस्यता अभियान 2024 के निमित्त शनिवार को गुरुग्राम जिला की चारों विधानसभाओं में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में सदस्यता अभियान को और तेज गति देने के साथ-साथ बूथों को मजबूत करने पर जोर दिया।

पार्टी कार्यालय गुरुकमल में हुई बैठक में जिला अध्यक्ष कमल यादव ने कहा कि बूथ पर कार्य करने वाले कार्यकताओं की बदौलत पार्टी का बूथ मैनेजमेंट मजबूत है। बूथ मैनेजमेंट मजबूत होने से पार्टी मजबूत है। समीक्षा



बैठकों में 500 से अधिक सदस्य बनाने वाले कार्यकताओं को सम्मानित भी किया गया। इन बैठक में कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह , विधायक मुकेश शर्मा, तेजपाल तंवर और बिमला चौधरी ने कार्यकताओं से अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड? का आग्रह किया।

भाजपा जिला अध्यक्ष कमल यादव ने कहा कि शनिवार को गुरुग्राम, सोहना, बादशाहपुर और पटौदी विधानसभा के कार्यकताओं की अलग-अलग बैठकें हुईं।

# प्रदूषण कम करने के लिए चल रहे अभियान

## मनुष्य ने ही खड़ी की कई आपदा, पारिस्थितिकी तंत्र में भी आया परिवर्तन: सीएम योगी

**ग्रीन भारत समिट**

**▸▸ यूपी सरकार ने भी रिन्यूबल, ग्रीन एनर्जी व कंप्रेस्ड बायो गैस की अलग-अलग पॉलिसी तैयार की: सीएम**



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को 'ग्रीन भारत समिट' को संबोधित करते हुए बदलते पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि देश की राजधानी दिल्ली पिछले एक महीने से गैस चैंबर बन गई है। श्वांस रोगियों और बुजुर्गों के लिए स्थिति बेहद गंभीर है। इससे सरकार चिंतित व माननीय न्यायालय सख्त है। उन्होंने कहा कि पर्यावरणीय आपदाएं मानव की अनियोजित विकास नीतियों और गलत आदतों का परिणाम हैं।

**कहीं अतिवृष्टि तो कहीं सूखा**
सीएम योगी ने मानसून के बदलते पैटर्न पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पहले मानसून 15 जून से शुरू होकर 15 अगस्त तक समाप्त हो जाता था, लेकिन अब यह 15 अगस्त से 15 अक्टूबर तक खिंच जाता है। इससे फसलों की कटाई और बोवाई के समय में भी बदलाव हो रहा है। उन्होंने कहा कि कहीं अतिवृष्टि है तो कहीं सूखा, जिससे किसान तबाह हो रहे हैं।

**नदियों को अस्वस्थ कर खड़ी कर रहे आपदा**
सीएम योगी ने जल प्रदूषण को भी प्रमुख समस्या बताया। प्रदूषित जल से बीपी, शुगर और पेट की बीमारियां बढ़ रही हैं। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हर घर नल योजना के माध्यम से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति हो रही है, जिससे जलजनित बीमारियों पर नियंत्रण पाया जा सके। सीएम योगी ने कहा कि हमने विकास भी अनियोजित व अवैज्ञानिक किया है।

उद्योग बड़ा लगाएंगे और कचरा नदियों में उड़ेल देंगे।

जीवनदायिनी नदियों को अस्वस्थ करके हम मानव व जीव सृष्टि पर आपदा खड़ी कर रहे हैं। क्षमता से अधिक पेस्टिसाइड व केमिकल का छिड़काव करने से बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। एक राज्य के भीतर सरकार को ट्रेन चलानी पड़ी, जिसे कैंसर ट्रेन नाम दिया गया यानी ट्रेन में आने वाले अधिकतर पेशेंट कैंसर के थे।

### कार्बन उत्सर्जन घटाने की दिशा में हो रहे प्रयास: सीएम

**सीएम** योगी ने बताया कि यूपी सरकार ने कार्बन उत्सर्जन कम करने के लिए कई अभियान शुरू किए हैं। 2017 के बाद से 16 लाख एलईडी स्ट्रीट लाइट्स लगाई गईं, जिससे 9.4 लाख टन कार्बन उत्सर्जन कम हुआ और 968 करोड़ रुपये की बचत हुई। उन्होंने पीएम मोदी की "पीएम सूर्य घर योजना" का जिक्र करते हुए बताया कि इस योजना के तहत लोग सोलर पैनल लगाकर अपनी जरूरत की बिजली का उत्पादन कर सकते हैं और अतिरिक्त बिजली बेच सकते हैं।

**वनाच्छादन और ग्रीन एनर्जी पर फोकस**
सीएम ने बताया कि 2017 से अब तक प्रदेश में 204 करोड़ पौधारोपण किया गया है। राज्य का वनाच्छादन 10% तक पहुंच गया है, जिसे अगले तीन वर्षों में 15% तक ले जाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि यूपी में 23,000 हेक्टेयर लैंडबैंक तैयार किया गया है, जिसका उपयोग रिन्यूवल एनर्जी के लिए किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पराली जलाने और लकड़ी-कोयले पर खाना बनाने से भी प्रदूषण बढ़ रहा है।

# भारत घूमना है, तो महाकुंभ आएं: पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत

**'महाकुंभ 2025**

**▸▸ महाकुंभ-2025: संगम नगरी आध्यात्मिकता की नई गाथा लिखने को तैयार**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली/लखनऊ**
उत्तर प्रदेश पर्यटन की ओर से 'महाकुंभ-2025 प्रील्यूड' कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार (29 नवंबर, 2024) को राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के होटल अशोक में हुआ। मुख्य उपस्थिति केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री माननीय गजेंद्र सिंह शेखावत, उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह की रही। महाकुंभ- 2025 के लिए आयोजित विशेष कार्यक्रम में केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों एवं संस्थानों के प्रतिनिधि, कई देशों के राजदूत, उच्चायुक्त एवं उच्चायोग के अधिकारियों, प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति उप्र.मुकेश कुमार मेश्राम, विशेष सचिव पर्यटन ईशा प्रिया के साथ-साथ केंद्र और प्रदेश के कई विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति रही।
उत्तर प्रदेश पर्यटन द्वारा आयोजित 'महाकुंभ-2025 प्रील्यूड' का प्रमुख उद्देश्य संगम नगरी प्रयागराज और वहां के तीर्थ स्थलों की झलक पेश करना रहा। यह विशेष आयोजन आध्यात्मिकता, संस्कृति और परंपराओं की उस महायात्रा का आरंभ है, जो 2025 में विश्व के सबसे बड़े आध्यात्मिक समागम के रूप में सामने आएगी। 'प्रिल्यूड' का उद्देश्य महाकुंभ-2025 के आयोजन से पूर्व उसकी महत्ता, मूल्यों और तैयारियों को वैश्विक मंच तक पहुंचाना है। केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री माननीय गजेंद्र सिंह शेखावत ने अपने संबोधन में कहा, 'महाकुंभ, भारत की समृद्ध और विविध संस्कृति तथा मानवता का उत्सव है।

# सपनों को पूरा करने का कार्य करे युवा पीढ़ी : राज्यपाल



**टीम एक्शन इंडिया**
**हरिद्वार:** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने शनिवार को क्वॉन्टम विश्वविद्यालय रुड़की के चौथे दीक्षांत समारोह में छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक, ऑल राउंड परफॉर्मेंस के लिए प्रेसीडेंसी मेडल एवं डिग्रियां प्रदान किए। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने कहा कि आज का युवा अत्यधिक ऊजार्वान है। उन्होंने इस ऊर्जा के साथ राष्ट्र के विकास में योगदान देने का आह्वान किया और कहा कि इस पीढ़ी को राष्ट्र, समाज और परिवार के सपनों को पूरा करना है। आज का समय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स का है। हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक तकनीक को साथ लेकर चलना है। राज्यपाल ने मेडल पाने वाले में छात्राओं की अधिक संख्या को देखते हुए इसे महिला सशक्तीकरण का अच्छा उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि महिलाएं लगातार आगे बढ़ते हुए राष्ट्र के विकास में अपना पूर्ण योगदान दे रही हैं। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की दिशा में कार्य करने के लिए अपने परिसर में विशेष व्यवस्था की है, यह छात्र-छात्राओं के लिए एआई की दिशा में अच्छा कदम है। उन्होंने विद्यार्थियों को जॉब क्रिएटर बनने की बात कही और कहा कि किताबों से परे वास्तविक जीवन में भी अपनी पहचान बनानी पड़ेगी।
उन्होंने छात्र-छात्राओं से अनगिनत और असीमित सपने देखने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि सपने देखो और उन्हें पूरा करने में जुट जाओ। राज्यपाल ने सभी विद्यार्थियों से जोश के साथ विशेषज्ञता पर फोकस करने को कहा। साथ ही नशे और ड्रग्स से दूरी बनाए रखने की बात कही।
राज्यपाल ने कहा कि सीखना एक सतत प्रक्रिया है, हमें जीवनभर सीखना है। हमें अपनी कम्युनिकेशन स्किल्स को लगातार अपग्रेड करना चाहिए।
उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अपने गुरुजनों एवं माता-पिता के सपनों पर खरा उतरने की बात कही। इस अवसर पर विधायक प्रदीप बत्रा, ममता राकेश, जिलाधिकारी कर्मेन्द्र सिंह, एसएसपी प्रमेन्द्र डोबाल, क्वॉन्टम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विवेक कुमार, विश्वविद्यालय के संस्थापक श्याम सुंदर गोयल सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# ड्रोन प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत की नई ऊंचाई और



**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून: रक्षा** मंत्रालय और भारतीय सेना की सेंट्रल कमांड की ओर से आयोजित सूर्या ड्रोन शो 2024 देश के ड्रोन उद्योग में एक अभूतपूर्व कदम साबित होगा। यह शो आगामी 20-21 दिसंबर को देहरादून छावनी के प्रसिद्ध जसवंत ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में भारतीय ड्रोन उद्योग के लिए अत्याधुनिक और तकनीकी रूप से उन्नत ड्रोन प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन किया जाएगा, जो भारतीय रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र के लिए भविष्य की दिशा निर्धारित करेगा। उप निदेशक (रक्षा एवं एयरोस्पेस) सोमेंद्र गौतम ने बताया कि सूर्या ड्रोन शो 2024 का मुख्य उद्देश्य भारत को ड्रोन प्रौद्योगिकी में आत्मनिर्भर बनाना और उसे वैश्विक स्तर पर तकनीकी स्वायत्तता की ओर प्रेरित करना है। इस कार्यक्रम का आयोजन भारतीय सेना की सेंट्रल कमांड और फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एफआईसीसीआई) द्वारा किया जा रहा है, जो भारतीय उद्योग और रक्षा क्षेत्र में सहयोग और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। वरिष्ठ सहायक निदेशक हिमांशू रेवरिया ने बताया कि इस शो में विभिन्न प्रकार के ड्रोन प्रदर्शित किए जाएंगे, जो भारतीय रक्षा और सुरक्षा प्रणाली के विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए बनाए गए हैं।
खुफिया, निगरानी और टोही (आईएसआर) ड्रोन : ये ड्रोन दुश्मन की गतिविधियों की निगरानी करने, खुफिया जानकारी जुटाने और टोही मिशन में उपयोगी होंगे। लोइटरिंग म्यूनिशन और कामिकाजी ड्रोन : इन ड्रोन का इस्तेमाल दुश्मन के ठिकानों को निशाना बनाने के लिए किया जाएगा। लॉजिस्टिक्स ड्रोन : यह ड्रोन आपातकालीन परिस्थितियों में सामग्री की आपूर्ति करने के लिए उपयोगी होंगे। स्वार्म ड्रोन : एक साथ उड़ने वाले कई ड्रोन, जो सामूहिक हमले या निगरानी कार्यों के लिए उपयोगी होते हैं।

